* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 295

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

बांग्लादेश में रातभर जाग रहे संताली, कट्टरपंथियों के निशाने पर आदिवासी भी आये



## 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त झारखंड की जनता को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं

# युवा समाज सेवी अजहर इस्लाम समाज सेवा ही बन गयी पहचान











कार्तिक कुमार

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। अजहर इस्लाम पाकुड़ के प्रसिद्ध व्यवसायी अली अकबर के बड़े पुत्र हैं। वह हायर एजुकेशन हासिल करने के बाद अपने पिता के कारोबार से जुड़े और उनके काम में हाथ बंटाने लगे। लेकिन कारोबार के साथ-साथ अपने इलाके की गरीबी, पिछड़ापन, बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा की दुर्दशा को देख अजहर के जेहन में समाज हित में काम करने की जिज्ञासा जगी और फिर गांव के गरीब, असहाय लोगों के बीच पहुंचना शुरू किया। इस क्रम में उनको सुना, उनकी परेशानी को करीब से देखा, समझा, जाना और उन्हें हरसंभव सहयोग करने का सिलसिला शुरू हो गया। अजहर इस्लाम की गरीब-गुरबों के बीच पहचान एक मसीहा के रूप में होने लगी है। सुबह होते ही जानकी नगर स्थित उनके घर की चौखट पर हजारों हजार की तादाद में लोग पहुंच कर उनसे सहयोग करने की फरियाद करते हैं। बीमारी, गरीबी, बेटियों की शादी , बच्चों की स्कूल फीस भरने की फरियाद करनेवालों की हरसंभव मदद कर उनकी दुआ, शुभकामना, आशीर्वाद इन्हें हासिल हो रहा है। समाज हित के कामों से अब ऊपर उठ करअजहर ने अब पाकुड़ की जनता की आवाज बन कर झारखंड विधानसभा के सदन में जाने का मन बनाया है। इसी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हर दिन गांव-गांव, टोले टोले, मोहल्ले के लोगों के बीच पहुंच कर उनसे मिलने-जुलने उनकी समस्याओं के समाधान का ध्येय उन्होंने बना लिया है। जनता की समस्याओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में उतरने का मन बना लिया है। उनका कहना है कि पाकुड़ की जनता का समर्थन, प्यार और साथ मिला तो पांच साल में वह पाकुड़ की तस्वीर और यहां के लोगों की तकदीर बदल देंगे। यह उनका पाकुड़ के लोगों से वादा है, और मेरे लिए चुनौती भी। अजहर इस्लाम का मानना है कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पाकुड़ को मंत्री का पद, विधानसभा के अध्यक्ष का पद तो मिला, लेकिन पाकुड़ का अपेक्षित विकास नहीं हुआ। बरसात के दिनों में ग्रामीण इलाकों में सड़कों का यह हाल है कि घंटे भर की बारिश में गांव टोले का संपर्क टूट जाता है। मरीजों को इलाज के लिए ले जाना आफत हो जाता है, लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। पाकुड़ की पब्लिक अगर हमें एक बार मौका दे तो पाकुड़ में चौतरफा विकास कर पाकुड़ को उस मुकाम पर पहुंचा दूंगा, जहां उसकी पहचान सिर्फ कोयला, पत्थर के लिए नहीं, बल्कि दिन रात मेहनत करके एक विकसित शहर के रूप में पाकुड़ की पहचान स्थापित कर देंगे।



## पिछले चार सालों के दौरान लोकहित, जनहित और समाज हित में किये गये कामों की संक्षिप्त झलक



- कोरोना काल की महामारी में पीड़ित लोगों के घर तक पहुंच कर ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराना।
- कोरोना काल में आम लोगों को सुरक्षित रहने के लिए गांव-गांव में जाकर मास्क का वितरण करना।
- कोरोना काल में गांव-गांव में जाकर गरीब और असहाय लोगों के बीच महीने भर की सूखा राशन सामग्री उपलब्ध कराना।
- कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन को 2000 मास्क उपलब्ध कराना।
- कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग को ऑक्सीजन गैस सिलेंडर बड़ी संख्या में उपलब्ध कराना।
- कोरोना काल में पेट्रोल पंप पर तेल लेने पहुंचे लोगों के बीच मास्क का वितरण कराना।
- कड़ाके की ठंड के दिनों में गरीब और असहाय लोगों के बीच पहुंच कर उन्हें कंबल, गर्म कपड़ा वितरण सुनिश्चित करना।
- सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच पहुंच कर उन्हें फल, कंबल बांटना, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करना।
- टीवी से ग्रसित करीब 70 मरीजों को अपने खर्चे पर उनका इलाज करा कर उन्हें टीवी की



बीमारी से मुक्ति दिलाना।
- पिछले वर्ष सदर ब्लाक के गंधाई पुर गांव में आगजनी के शिकार तकरीबन 70 परिवारों के बीच पहुंच कर उन्हें महीने भर का सुखा राशन, पानी और कपड़ा उपलब्ध कराना।
- ईद पर्व में गरीब परिवारों के बीच नया वस्त्र, सेवई, मिठाई, दूध का वितरण कराना।
- दुर्गा पूजा समिति, गणेश पूजा समिति और रामनवमी पूजा समिति को पूजा के सफल आयोजन में आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना।
- अमरापारा में वृद्ध आश्रम निर्माण में कथा वाचक रवि शंकर ठाकुर को 50000 की आर्थिक मदद उपलब्ध करना।
- सदर ब्लॉक पाकुड़ के सीत पहाड़ी, पृथ्वी नगर, जय किस्टोपुर, भवानीपुर, किस्मत कदमसर, संग्रामपुर पंचायत में डीप बोरिंग करा कर पीने का पानी उपलब्ध कराना, खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करवाना, गांव टोले में स्ट्रीट लाइट लगाना, कीचड़ मय सड़क में डस्ट डलवा कर दुरुस्त कराना।
- भीषण गर्मी के दिनों में गांव-गांव में टैंकर के माध्यम से पीने का पानी आम आवाम को उपलब्ध कराना। यह तो सिर्फ झांकी है। मदद की लंबी फेहरिश्त उनके पास है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,500 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# आजसू पार्टी के समक्ष पहाड़ जैसी चुनौती पेश कर दी है जयराम महतो ने

## ■ जब भी जमीन से कटी, फेल होती रही है आजसू की रणनीति

## ■ अलग लकीर पर चलनेवाली इस पार्टी को अब समझनी होगी असलियत

## ■ सर सुदेश के बजाय बेटा या भाई की भूमिका में देखना चाहते हैं कार्यकर्ता सुदेश को

## ■ अति-आत्मविश्वास और रणनीतिक चूक रोक देती है पार्टी की सफलता की गाड़ी

स्थापना काल से ही राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में दुनिया भर में चर्चित झारखंड की सियासत में इन दिनों मानसून की रुक-रुक कर हो रही बारिश के साथ विधानसभा चुनाव की तपिश भी महसूस की जा रही है। पारंपरिक राजनीति के रास्ते पर चल रहे राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में मशगूल हैं। इन दलों में एक नाम ऐसा भी है, जो पूरी तरह अलग लाइन पर चल रहा है। वह है आजसू पार्टी। इसके नेता अपनी रणनीति के साथ चुनावी मुद्दे तो तय कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर पार्टी को चुनावी कामयाबी क्यों नहीं मिलती है। पार्टी सामान्य दिनों में अलग और गंभीर किस्म की राजनीति करती है। सामान्य दिनों में इसके नेता न तो बयानबाजी करते हैं और न ही आरोप-प्रत्यारोप में अपना समय जाया करते हैं। पार्टी का संगठन भी चुस्त-दुरुस्त है, लेकिन आज भी यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि चुनाव के मैदान में इस पार्टी की गाड़ी पर आखिर ब्रेक कैसे लग जाता है। आजसू के इतिहास पर नजर डालने और उसकी पड़ताल करने पर अब इसका कारण कुछ-कुछ सामने आने लगा है। दरअसल आजसू पार्टी की कमजोरी इसका अति-आत्मविश्वास है। पार्टी ने झारखंड के ढाई दशक के इतिहास में कामयाबी की कई कहानियां लिखी तो हैं, लेकिन अति आत्मविश्वास के कारण वह अपने रास्ते से भटकी भी है। अपना एक ठोस जनाधार अब तक नहीं बनाया है। जब-जब आजसू ने अति आत्मविश्वास में अपनी जमीनी हकीकत से कट कर हवा में उड़ने का प्रयास किया है, इसको बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। इसी अति आत्मविश्वास ने 2024 के लोकसभा चुनाव में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। झारखंड गठन के बाद अपने नये स्वरूप में आयी आजसू पार्टी और उसके सर्वेसर्वा सुदेश महतो के समक्ष मात्र दो साल पहले राजनीति के मैदान में कदम रखनेवाले जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो ने पहाड़ जैसी चुनौती पेश कर दी है। बड़ी तेजी से जयराम महतो ने आजसू पार्टी के कोर वोट बैंक में बड़ी सेंध लगा दी है। इसका कारण यह देखा गया है कि अध्यक्ष सुदेश महतो और इसके दूसरे नेता रचनात्मक कार्यक्रमों के जरिये हर दिन आम लोगों से जुड़ते तो हैं, लेकिन उस जुड़ाव को वोट में बदलने में पिछड़ रहे हैं। यह तल्ख सच्चाई है कि जब तक सुदेश महतो की पहचान समर्पित नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच भाई या बेटा के रूप में थी, वह ज्यादा लोकप्रिय थे, लेकिन हाल के दिनों में एक बड़े समूह ने उन्हें भाई या बेटा की जगह सर बना दिया है और शायद इसी बदलाव ने जयराम महतो को उनके कोर वोट बैंक में सेंध लगाने की जमीन मुहैया करा दी है। वैसे झारखंड की करीब साढ़े चार हजार पंचायतों में पार्टी का संगठन बाकायदा सक्रिय है और लगातार लोगों से जुड़ कर काम कर रहा है, इसके बावजूद जब-जब आजसू पार्टी ने अति आत्मविश्वास में जमीनी हकीकत को दरकिनार कर राजनीतिक पहाड़ को लांघने की कोशिश की है, उसे ठोकर लगी है। इस ठोकर का एक और बड़ा कारण है। चुनाव में समय आजसू पार्टी में अचानक मौसमी नेताओं-कार्यकर्ताओं की बाढ़ आ जाती है। चुनाव से ठीक पहले हर दिन ऐसे मौसमी नेता आजसू का दरबार सजाने लगते हैं। जैसे ही चुनाव खत्म हो जाता है, इन मौसमी नेताओं की कतार गायब हो जाती है। चुनाव परिणाम के समय यह स्पष्ट हुआ है कि जितने मौसमी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने आजसू का दामन थामा, उसका दस फीसदी वोट भी आजसू को नहीं मिला। चुनाव के समय मौसमी नेता आये, नाश्ता-पानी किया। खर्च लिया और चलते बने। ऐसे में वर्षों से तपे-तपाये नेता-कार्यकर्ता पीछे छूट जाते हैं, क्योंकि वे दिखावे की राजनीति में विश्वास नहीं करते और डींगें नहीं हांकते। आक्रामक राजनीति के इस दौर में आजसू पार्टी को अपनी इस कमजोरी को समझना होगा। तपे-तपाये नेताओं-कार्यकर्ताओं की पीड़ा समझनी होगी, उन्हें मान सम्मान देना पड़ेगा, तभी झारखंड के नवनिर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने में आजसू कामयाब हो सकेगी। क्या है आजसू की कमजोरी और रणनीतिक चूक और क्या हो सकता है इसका अंतिम परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

**झारखंड** की सियासी हलचलों के बीच अब यहां की हवा में एक सवाल तैर रहा है कि इस बार आजसू पार्टी की चुनावी रणनीति क्या होगी। इसमें कोई शक-शुबहा नहीं कि आजसू पार्टी ने झारखंड की राजनीति को अलग पहचान दी है और यह पार्टी सामाजिक बदलावों के जरिये राजनीति की नयी लकीर खींचने की बात करती है, लेकिन चुनाव दर चुनाव इसकी मिश्रित कामयाबी ने इसकी रणनीति पर सवाल भी खड़े कर दिये हैं।

### आखिर चुनावी मैदान में आशातीत सफलता क्यों नहीं मिलती आजसू को

झारखंड गठन के बाद आजसू पार्टी ने अपने 18 साल के नये राजनीतिक जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। राजनीति के मैदान में अलग लकीर खींचनेवाली पार्टी के रूप में पहचान बनाने के बावजूद यह सवाल सभी के मन में उठता है कि आखिर पार्टी को आशा के अनुरूप चुनावी सफलता क्यों नहीं मिलती है। यदि आजसू पार्टी के चुनावी रिकॉर्ड को देखा जाये, तो साफ हो जाता है कि इसने जब-जब अपनी जमीन छोड़ कर हवा में उड़ने की कोशिश की है, इसे करारा झटका लगा है। और इसी हवाबाजी ने झारखंड में आजसू के समक्ष जयराम महतो के रूप में एक बड़ा प्रतिद्वंद्वी खड़ा कर दिया है।

### क्या हुआ था 2005 और 2009 के विधानसभा चुनाव में

2005 के विधानसभा चुनाव में सुदेश महतो आजसू समर्थित दो विधायकों में से एक थे, जिन्होंने जीत हासिल की। ??इस तरह वह लगातार दो बार विधायक चुने गये। 2007 में उन्होंने आजसू को आजसू पार्टी के रूप में पुनर्गठित किया और इसे भारत के चुनाव आयोग में पंजीकृत कराया। 2009 के विधानसभा चुनावों में आजसू पार्टी पांच विधायकों के साथ राज्य विधानसभा में पहुंची। यह आजसू की बहुत बड़ी कामयाबी थी। उसी वर्ष दिसंबर में सुदेश महतो ने अर्जुन मुंडा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2014 में एक बार फिर आजसू पार्टी ने पांच सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के साथ मिल कर सरकार बनायी। दो से पांच हो जाने के कारण आजसू पार्टी अति आत्मविश्वास का शिकार हो गयी और चुनाव में अकेले उतरने का फैसला कर लिया। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले आजसू के अति आत्मविश्वास और मुख्यमंत्री रघुवर दास की हठधर्मिता के कारण दोनों पार्टियों के बीच का यह गठबंधन टूट गया। इन चुनावों में आजसू पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा, लेकिन सीटों के मामले में यह फिर दो सीट पर सिमट गयी। भाजपा-आजसू सत्ता से बाहर हो गयी।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में लगा पहला झटका

बात शुरू करते हैं 2014 के लोकसभा चुनाव से। उस चुनाव में आजसू पार्टी ने अति आत्मविश्वास में अकेले चुनाव मैदान में उतरने का फैसला कर लिया। इसके मूल में मौसमी नेताओं-कार्यकर्ताओं का वह समूह ही रहा, जो हर दिन सुबह-सुबह कभी पांच सौ तो कभी हजार की संख्या में पहुंच कर आजसू की सदस्यता ग्रहण कर रहा है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक उन दिनों करीब दो लाख लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की थी। इस भीड़ ने आजसू और खासकर उसके सुप्रीमो सुदेश महतो को अति आत्मविश्वास से लबरेज कर दिया। उन्होंने जमशेदपुर, लोहरदगा और पलामू को छोड़ कर राज्य की बाकी 11 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतार दिये। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो खुद रांची से चुनाव मैदान में उतर गये। सुदेश महतो को यह भरोसा था कि वह सिल्ली, इचागढ़, कांके और रांची के मतदाताओं के भरोसे भाजपा को पटकनी दे देंगे। उस बार इन 11 सीटों पर आजसू पार्टी को कुल चार लाख 81 हजार 646 वोट मिले थे। इसमें सबसे आश्चर्यजनक रूप से आजसू को रांची में नुकसान उठाना पड़ा था। जिस बड़े पैमाने पर मौसमी नेताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी और नाश्ता-पानी किया था, उसका तीन प्रतिशत वोट भी रांची विधानसभा क्षेत्र से आजसू को नहीं मिला। वैसे उस चुनाव में पार्टी को कहीं भी आशातीत सफलता नहीं मिली थी। इसके कुछ ही महीने बाद जब विधानसभा का चुनाव हुआ। उस चुनाव में निश्चित रूप से आजसू ने सबक लिया और उसने अपनी रणनीति बदली और भाजपा के साथ तालमेल कर आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारे। तब उसके पांच प्रत्याशी जीत कर विधानसभा पहुंच गये।

### 2019 में पार्टी को हुआ जबरदस्त नुकसान

भाजपा के साथ आजसू पार्टी का तालमेल चल रहा था। सत्ता में साझीदार के रूप में आजसू पार्टी राजनीति में अपना मुकाम हासिल करने की तरफ आगे बढ़ रही थी। लोकसभा चुनाव में पार्टी को पहली बार इस दोस्ती का इनाम मिला और उसे गिरिडीह सीट से चुनाव लड़ने का मौका मिला। आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी चुनाव जीतने में कामयाब रहे और लोकसभा में पहुंच गये। लेकिन आजसू पार्टी उसके बाद फिर अति-आत्मविश्वास में आ गयी। यह आत्मविश्वास मुख्यमंत्री रघुवर दास की तरफ भी था। इस आत्मविश्वास से ग्रस्त आजसू अपनी जमीनी हकीकत को भूल गयी। दनादन आजसू पार्टी ने दूसरे दलों के रिजेक्ट नेताओं की भर्ती अपने यहां शुरू कर दी। एक से एक बड़े नामों की उसके यहां झड़ी लग गयी। इस भीड़ के कारण आजसू ने एक बार फिर एकला चलो की राह अपना ली। इसका नतीजा यह हुआ कि उस साल दिसबंर में हुए विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों की दोस्ती टूट गयी। आजसू पार्टी ने 53 विधानसभा सीटों से प्रत्याशी उतार दिये।

कहा जाता है कि उस चुनाव में आजसू पार्टी की तरफ से हर विधानसभा सीट पर औसतन एक करोड़ रुपये खर्च किये गये थे, लेकिन पार्टी को केवल दो सीटों पर ही जीत हासिल हो सकी। उस चुनाव में आजसू प्रत्याशियों ने कई सीटों पर अच्छा-खासा वोट हासिल कर भाजपा का राजनीतिक समीकरण बिगाड़ा, तो कई सीटों पर भाजपा ने काफी वोट बटोर कर आजसू के खेल को बिगाड़ दिया। इसका सीधा फायदा गठबंधन प्रत्याशी को मिला। इसके चलते भाजपा और आजसू को सत्ता भी गंवानी पड़ गयी। कम से कम 13 विधानसभा सीटों पर दोनों की दोस्ती टूटने का सीधा असर पड़ा। इनमें मधुपुर, डुमरी, जुगसलाई, इचागढ़, लोहरदगा, जामा, नाला, बड़कागांव, रामगढ़, घाटशिला, खिजरी, चक्रधरपुर और गांडेय शामिल हैं। इन 13 विधानसभा सीटों के अलावा छह सीटें ऐसी भी थीं, जहां करीबी मुकाबला रहा था। इनमें सरायकेला, मांडर, तमाड़, जरमुंडी, मनोहरपुर, सिमडेगा शामिल हैं। यदि गठबंधन होता, तो ये सीटें भी एनडीए के खाते में जा सकती थीं।

2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी के प्रदर्शन पर नजर दौड़ाने से साफ होता है कि पार्टी दो सीटों पर पहले स्थान पर रही थी, जबकि नौ स्थानों पर दूसरे स्थान पर रही थी। पार्टी को 18 सीटों पर तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था, जबकि 11 स्थानों पर उसे चौथा स्थान मिला था। आजसू पार्टी पांच सीटों पर पांचवें, तीन सीटों पर छठे और दो-दो सीटों पर सातवें और आठवें स्थान पर रही थी।

### 2019 के बाद की कहानी

2019 में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आजसू पार्टी को शायद अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने भाजपा से अपनी पुरानी दोस्ती को दोबारा जीवित किया। इसका परिणाम भी सामने आया। 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी को फिर गिरिडीह सीट से प्रत्याशी उतारने का मौका मिला और वह अपनी सीट बचाने में कामयाब रही। लेकिन इस चुनाव की कड़वी सच्चाई यही है कि गिरिडीह से आजसू के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को जो जीत मिली, उसमें भाजपा कार्यकर्ताओं का महती योगदान रहा। गिरिडीह में एक तरह से आजसू का अपना वोट बैंक दरक गया। कहीं-कहीं तो जयराम महतो की पार्टी ने उसे पटकनी तक दे दी, तो कहीं-कहीं बिल्कुल उसके पास पहुंच गयी। जयराम महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के गोमिया, बेरमो, डुमरी और टुंडी में आजसू को हांफने के लिए मजबूर कर दिया।




### रणनीतिक कमजोरी या अति-आत्मविश्वास, 35 बड़े चेहरे छिटक गये

इन चुनावी आंकड़ों की पृष्ठभूमि में यह बात सामने आती है कि आजसू पार्टी ने जब-जब अकेले चुनाव मैदान में उतरने या अपनी जड़ों से कटने की कोशिश की, या हवा-हवाई सपने देखने लगी, उसे करारा झटका लगा। उदाहरण के लिए 2014 और 2019 के बीच के दौर को लिया जा सकता है। वह आजसू पार्टी के उफान का दौर था। ऐसा कहा जाने लगा था कि सुदेश महतो ही झारखंड के भविष्य हैं और आजसू पार्टी के पास ही झारखंड के विकास का विजन है। पार्टी में शामिल होनेवालों की कतार लग गयी। आजसू पार्टी का नेतृत्व भी आंख बंद कर लोगों को अपने खेमे में लाता रहा। उन्हें 2019 के चुनाव में उतारा। लेकिन पार्टी नेतृत्व को इस बात का एहसास नहीं हुआ कि उसके पास जो लोग हैं, उनमें राजनीतिक प्रतिबद्धता कितनी है। वे कितनी दूर तक आजसू पार्टी का साथ दे सकते हैं। यह बात तब समझ में आयी, जब अधिकांश ने 2019 के चुनाव के बाद पार्टी छोड़ दी। उस समय लगभग 54 लोगों ने आजसू का चोला पहला था, इनमें से लगभग 35 लोगों ने समय देख कर पार्टी को टाटा-बाय-बाय कर दिया। इनमें मो ताजुद्दीन, अकील अख्तर, मनोज चंद्रा, शालिनी गुप्ता, राधाकृष्ण किशोर, प्रदीप बलमुचू, ताला मरांडी, अर्जुन बैठा, राजेंद्र महतो, माधव चंद्र महतो, अनंत राम टुडू, हेमलता, राजकिशोर महतो, गंगा नारायण राय, सत्यनारायण दास, स्टेफी मुर्मू, संतोष पासवान, चमेली देवी, अताउर्रहमान सिद्दीकी, फिरोज मियां, प्रदीप प्रसाद, सुफल मरांडी आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा बीते पांच सालों में जो लोग आजसू पार्टी में शामिल हो रहे है, उनमें से अधिकांश की एक कड़वी कड़वी सच्चाई यह भी है कि उनमें राजनीतिज्ञों की संख्या कम और कारोबारियों की भीड़ ज्यादा है।

### क्या है 2024 की चुनौती

अब बात चुनौतियों की। आजसू पार्टी के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती जयराम महतो की झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति यानी जेबीकेएसएस है, जिसने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपनी ताकत दिखा दी है। इस संगठन ने राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे और आठ लाख 10 हजार 912 वोट लाकर आजसू पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती पेश कर दी है। यहां यह भी उल्लेख करना जरूरी है कि जब आजसू पार्टी अपने उफान पर थी, उस समय 2014 के लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की 11 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिये थे। फिर भी उसके खाते में सिर्फ 4 लाख 81646 वोट ही आ पाये। उसकी तुलना में जयराम महतो की नयी पार्टी ने अपने पहले ही चुनाव में 810012 वोट हासिल किये। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि जयराम महतो ने आजसू के समक्ष कितनी बड़ी चुनौती पेश की है। अब यह पार्टी विधानसभा चुनाव में उतरने के लिए ताल ठोंक रही है। दरअसल आजसू और जेबीकेएसएस जिस समुदाय को अपना कोर वोटर मानती हैं, वे एक ही हैं, यानी कुरमी समुदाय। इस समुदाय को झारखंड का सबसे प्रभावशाली समुदाय माना जाता है। जयराम महतो ने काफी कम समय में अपना प्रभाव कायम किया है और इसका सीधा असर आजसू के वोट बैंक पर पड़ेगा। लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस के प्रत्याशी ने आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के क्षेत्र सिल्ली से 49 हजार से अधिक वोट लाकर इस चुनौती का संकेत दे दिया है। इतना ही नहीं, गोमिया में जेबीकेएसएस प्रत्याशी को 70 हजार से अधिक वोट मिले हैं, जबकि रामगढ़ में उसे 55 हजार से अधिक वोट मिले। वोटों के ये आंकड़े बताते हैं कि जेबीकेएसएस की तरफ से आजसू पार्टी को सबसे कठिन चुनौती मिलनेवाली है।

### आजसू पार्टी का इतिहास

22 जून 1986 को असम के छात्र आंदोलन की तर्ज पर ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का गठन किया गया। राज्य के युवा बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए और झारखंड के आंदोलन में नयी जान फूंकी। 1988 तक अलग राज्य के आंदोलन की तीव्रता बढ़ गयी थी, जिसमें नाकेबंदी, आगजनी और यातायात अवरोध शामिल थे। आखिरकार 15 नवंबर, 2000 को झारखंड अलग राज्य बना और वह तमाम राजनीतिक दलों के साथ आजसू के लिए भी टर्निंग प्वाइंट था। यह बात बहुत कम लोगों को मालूम है कि आजसू का आंदोलन आज के झारखंड से कहीं बड़े झारखंड के लिए था। उसकी दृष्टि में बंगाल के पुरुलिया-मिदनापुर-बांकुडा, ओड़िशा के मयूरभंज और छत्तीसगढ़ के सरगुजा भी झारखंड में शामिल थे। दरअसल, संगठन ने गठन के बाद अपना पहला सम्मेलन मिदनापुर में ही किया था। उसने एक केंद्रीय समिति बनायी और आंदोलन की पूरी रूपरेखा तैयार की। इसके बाद आंदोलन जोर-शोर से शुरू हुआ और युवाओं के बीच जनजागरण का कार्यक्रम चलाया गया। झारखंड में आजसू की सक्रियता का प्रभाव इतना जबरदस्त था कि आजसू से निकले दो दर्जन से ज्यादा लोग विधायक, मंत्री और सांसद बन गये।

### 2007 में राजनीतिक पार्टी बनी आजसू

संगठन में यह विचार पनपा कि झारखंड अलग राज्य बनते ही आजसू आंदोलन के रूप में अपना उद्देश्य पूरा कर राजनीतिक दल में तब्दील हो जायेगी। 1991 के महाधिवेशन में आजसू के पुराने नेतृत्व को पार्टी बनाने की जिम्मेदारी दी गयी। इसके साथ ही संगठन में पुराने नेतृत्व की जगह नया नेतृत्व खड़ा करने की बात भी हुई। इस तरह दो चीजें एक साथ हो रही थीं, झारखंड पीपुल्स पार्टी का गठन और आजसू में नये युवा चेहरों का आगमन। उनमें सुदेश महतो भी शामिल थे, जो बाद में राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। इसके बाद आजसू की नयी टीम बिखरने लगी और संगठन में अव्यवस्था फैल गयी। ऐसे में सुदेश महतो ने कमान संभाली। झारखंड गठन से कुछ महीने पहले उन्होंने आजसू के समर्थन से सिल्ली से निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। ??नवगठित झारखंड में वह एनडीए सरकार में पथ निर्माण मंत्री बने। किंगमेकर की भूमिका में

झारखंड गठन के बाद के वर्षों में एनडीए ने सबसे अधिक समय तक सत्ता संभाली, जिसमें आजसू पार्टी किंगमेकर की भूमिका में रही। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो डिप्टी सीएम होने के अलावा गृह, खेल, सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के भी प्रभारी थे। यह सच है कि आजसू पार्टी सुदेश महतो के इर्द-गिर्द ही घूमती है। आदिवासियों के अलावा पार्टी की स्थानीय लोगों, खासकर महतो समुदाय के बीच मजबूत उपस्थिति और समर्थन है।

### गंभीर राजनीति के लिए जानी जाती रही है आजसू

राजनीति और चुनावी कामयाबी के बीच उतार-चढ़ावों से जूझती आजसू पार्टी को लेकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर गंभीर राजनीति करनेवाली पार्टी को आशातीत कामयाबी क्यों नहीं मिलती है। आजसू पार्टी के नेताओं के लिए संसाधनों में हिस्सेदारी, नीति-निर्णय में भागीदारी और सबके लिए समान अवसर सृजित करना ही सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। आजसू पार्टी का यही नजरिया उसे दूसरे राजनीतिक दलों से अलग करता है, क्योंकि वह हमेशा ही अलग किस्म की राजनीति पर भरोसा करती है। यह अलग बात है कि इसका चुनावी लाभ उसे नहीं मिलता है, लेकिन आजसू पार्टी और उसका एक-एक पुराना नेता पार्टी के उद्देश्यों को लेकर स्पष्ट है। सुदेश महतो और उनकी पार्टी हमेशा झारखंड के गांवों से जुड़ कर काम करती है। इसलिए झारखंड की साढ़े चार हजार के करीब ग्राम पंचायतों में उसका संगठन सक्रिय है और आम लोग सीधे पार्टी के नेताओं से जुड़ कर अपनी बात करते हैं और सुनते हैं।

आजसू पार्टी का यही नजरिया सुदेश महतो को झारखंड की राजनीति का 'डार्क हॉर्स' बनाता है। इसमें कोई शक नहीं कि सुदेश महतो ने झारखंड बनने के बाद से एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। अपने गृह क्षेत्र सिल्ली से लगातार दो बार विधानसभा का चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने पार्टी के साथ-साथ अपना हौसला भी बनाये रखा। उन्होंने हमेशा मुद्दों की राजनीति की है और गंभीरता से अपनी पार्टी की रणनीति निर्धारित की है। विधानसभा में भी उनकी बात सभी पक्ष के सदस्य गंभीरता से सुनते हैं। अपने एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहना सुदेश के विशिष्ट गुणों में शामिल रहा है। उनकी यही कार्यशैली उन्हें दूसरे राजनेताओं से अलग करती है। उन्होंने पिछले पांच-छह साल में अपनी पार्टी का जिस रफ्तार से विस्तार किया है, वह किसी अचंभे से कम नहीं है। आज की तारीख में आजसू का संगठन झारखंड के हरेक गांव में है और यह केवल नाम के लिए नहीं है, बल्कि पूरी तरह सक्रिय है। लेकिन अब यह भी देखने को मिल रहा है कि आजसू पार्टी की छतरी का लाभ लेने के लिए स्वार्थी लोगों और कारोबारियों का एक बड़ा समूह उसके इर्द-गिर्द डोरे डालने लगा है और कभी-कभी वह अपना प्रभाव भी स्थापित कर लेता है, इससे पार्टी के समर्पित नेताओं-कर्ताओं को गहरा आघात लगता है। लेकिन वह अपनी पीड़ा भी व्यक्त नहीं कर पाते।

सुदेश महतो ने अपनी राजनीति के लिए जो धारा तय की है, वह इसलिए अनोखी है, क्योंकि इसमें न आरोप-प्रत्यारोप है और न बयानबाजी। जमीन पर रहअकर काम करना और सीधे जनता से जुड़ाव ही इस राजनीति का आधार है। तभी तो पार्टी आक्रामक राजनीति के इस दौर में धीर-गंभीर मुद्दों को तरजीह दे रही है, पिछड़े वर्ग का सम्मेलन आयोजित कर रही है। दूसरे दल सामान्य मुद्दों पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे थे, तो सुदेश महतो राज्य के संसाधनों में हिस्सेदारी, नीति-निर्णय में भागीदारी और सबके लिए समान अवसर सृजित करने जैसी बात कर रहे थे। वह सामाजिक न्याय के मुद्दे पर संघर्ष करनेवाले संगठनों को गोलबंद कर एक मंच पर लाने और पिछड़े वर्ग के हितों के लिए लगातार संघर्ष करने की बात कह रहे थे।

इन तमाम आंकड़ों और दूसरी बातों की पृष्ठभूमि में आजसू पार्टी के नेतृत्व के लिए अपना रास्ता तलाशना जरूरी हो गया है। कारोबारियों की भीड़ से अलग उसे तपे तपाये नेताओं पर भरोसा करना होगा और मौसमी नेताओं-कार्यकर्ताओं से सावधान रहना होगा। एक और महत्वपूर्ण बात, आजसू पार्टी के पास भाजपा से दोस्ती तोड़ने का विकल्प नहीं है। उसे चुनावी सफलता में भाजपा का सहारा चाहिए ही। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि आजसू पार्टी अपनी रणनीति पर विचार करे और चुनौतियों की पृष्ठभूमि में अपने भविष्य का निर्धारण करे। हालांकि यह बात कहने और दिखने में जितनी आसान है, आक्रामक राजनीति के इस दौर में उसे धरातल पर उतारना बेहद कठिन, पर विकल्प भी तो नहीं है। सबसे बड़ी बात, सुदेश महतो एक बार फिर बेटा और भाई की भूमिका में आयें। सर की भूमिका को तिलांजलि दें।

www.epaper.azadsipahi.in

14 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 295

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर भाजपा-आरएसएस चिंतित



### बांग्लादेश में रातभर जाग रहे संताली

# कट्टरपंथियों के निशाने पर आदिवासी भी आये




दिनाजपुर में संताल के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हू की मूर्ति।




वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हू की मूर्ति को तोड़ दिया गया है।



संताल गांवों में पूरी रात जाग कर पहरेदारी कर रहे हैं लोग।

सुरेंद्र लाल सोरेन

**दो** देश समस्याएं एक। संतालों के संदर्भ में यह बात सही बैठ रही है। बांग्लादेश में हिंदू ही नहीं, बल्कि संताल और आदिवासी भी महफूज नहीं रहे। बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद वहां हालात अल्पसंख्यकों के लिए खतरनाक होते जा रहे हैं। मुस्लिम कट्टरपंथी आक्रामक हो गये हैं और बांग्लादेश के कई इलाकों में अल्पसंख्यकों पर हमले आम बात हो गयी है। उनकी घर-दुकानों को आग लगा दिया जा रहा है, या लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे। बांग्लादेश के इंडिजिनस राइट एक्टिविस्ट खोखन सुतीन मुर्मू बताते हैं कि संताल गांवों में लोग पूरी रात जाग कर पहरेदारी कर रहे। हर पल उन्हें अनहोनी की आशंका बनी रहती है। दिनाजपुर में संताल के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हू की मूर्ति खंडित कर दी गयी। वे पहले से भी मुस्लिम समुदाय की उपेक्षाओं से आहत थे, लेकिन वे आक्रमक नहीं थे, इसलिए जीवन संघर्षपूर्ण किंतु सामान्य था। उन्होंने बताया कि ज्यादातर संताली बच्चे स्कूलों से ड्रॉप आउट हो जाते हैं। शिक्षा की स्थिति बेहद खराब है। वे कहते हैं कि भारत के जिस ऊंच नीच और अछूत की बातें वो सुनते आये हैं वो उसे अपने बांग्लादेश में बचपन से देखते सहते आ रहे हैं। इस सवाल पर वो भावुक हो जाते हैं, जब झारखंड के संताल परगना में बांग्लादेश घुसैपठिये ना केवल सुकून से जी रहे, बल्कि दूसरे के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। जवाब में वो कहते हैं, संताल परगना में भी बांग्लादेशी घुसपैठिये हावी हैं और यहां तो उनका ही देश है। देखते हैं हमारे संताल भाइयों को हमारा दर्द कितना छू पायेगा ! क्या उनके लिए भारत और अन्य हिस्सों से आवाजें उठेंगी, जैसा हिंदू भाइयों के लिए भारत में उठ रही हैं।

### जमात-ए-इस्लामी की तख्तापलट में सबसे बड़ी भूमिका

जमात-ए-इस्लामी की तख्तापलट में सबसे बड़ी भूमिका बतायी जाती है, जिसका गठन ब्रिटिश काल में 1941 में इस्लामवादी लेखक सैयद अबुल अला मौदूदी ने लाहौर में किया था। 1971 में इसे बांग्लादेश में बैन कर दिया गया, लेकिन 1975 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद जमात पर से प्रतिबंध हटा दिया गया और जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश का गठन किया।

बांग्लादेश में 45 विशिष्ट अल्पसंख्यक समूह में सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी आबादी संतालों की है, जो अब अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखायी पड़ रही। बांग्लादेश में संताल प्रमुख रूप से ग्रेटर सिलहट और उत्तरबंगाल राजशाही, दिनाजपुर, रंगपुर, गैबांधा, नोआगांव, बागुरा, सिराजगंज, चपैनवाबगंज, नटोर, दिनाजपुर आदि जगहों पर प्रमुख रूप से निवास करते हैं। उन इलाकों में संताल के साथ उरांव, मुंडा और महतो, महली भी हैं, जो अल्पसंख्यक का दर्जा पाते हैं। भेदभाव और संकट वाली परिस्थिति उनके साथ भी है। बांग्लादेश में किसकी सरकार बनेगी, लोकतंत्र की या इस्लाम की। इससे बड़ी चिंता वहां के अल्पसंख्यकों के अस्तित्व की है, जो महज 8 प्रतिशत बचे हैं। उनमें से 7 प्रतिशत हिंदुओं की आबादी है और महज 0.7 प्रतिशत संतालों की शेष 0.3 में मुंडा, उरांव, गारो, भील, महली इत्यादि अल्पसंख्यक हैं।

*(लेखक : रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष हैं)*






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.6 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.23 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.24 बजे |



### मोरहाबादी में झंडोत्तोलन समारोह की तैयारी पूरी

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया फुल ड्रेस रिहर्सल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह को लेकर मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस को होनेवाली गतिविधियों को दुहराया गया। प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंजनी मिश्रा ने परेड की सलामी ली एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा द्वारा सभी पार्टियों को परेड से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग भी हुई। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा जारी संयुक्तादेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल, कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से समझ लें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथियों को ससमय कार्यक्रम स्थल लाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी गणमान्य लोगों को ससम्मान उनके निर्धारित स्थान में बैठायें।

ब्रीफिंग के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में आनेवाले सभी आगंतुकों की जांच गंभीरता से करें। कोई भी अवांछित व्यक्ति आपत्तिजनक सामग्री लेकर समारोह स्थल में प्रवेश न करें, इसका विशेष ध्यान रखें।

उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा समारोह स्थल का मुआयना कर शेष आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

**स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेनेवाले विभिन्न प्लाटून निम्न हैं:**

- सीआरपीएफ- एक प्लाटून
- आइटीबीपी -एक प्लाटून
- सीआइएसएफ- एक प्लाटून
- एसएसबी- एक प्लाटून
- बिहार पुलिस-एक प्लाटून
- झारखंड जगुआर-एक प्लाटून
- जैप-1 -एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी
- जैप-10-एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी
- जैप-2-एक प्लाटून
- रांची पुलिस (महिला)- एक प्लाटून
- रांची पुलिस (पुरुष)-एक प्लाटून
- होमगार्ड-एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी
- एनसीसी एसआर-एक प्लाटून (गर्ल्स)
- एनसीसी-एक प्लाटून (ब्वॉयज)।

# मानव हाथी संघर्ष निराकरण का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी: बैद्यनाथ

**वन्यजीव प्रबंधन की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विश्व हाथी दिवस पर बेंगलुरु में मानव हाथी संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि हाथी वन्यप्राणी साम्राज्य की प्रमुख प्रजाति है। कुछ समय से मानव की आगे बढ़ने की प्रत्याशा ने दोनों प्रजातियों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर दी है। उसके परिणामस्वरूप अप्रिय स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं और इससे दोनों पक्षों की जान माल की हानि हो रही है। आयोजन कर्नाटक सरकार की ओर से किया गया।

मंत्री वैद्यनाथ राम ने कर्नाटक की वन्यजीव प्रबंधन प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्नाटक में वैज्ञानिक तरीके से वन और वन्यजीव प्रबंधन की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड वनों की भूमि है। राज्य चारों तरफ से हाथियों के प्रवास के अनुकूल क्षेत्र वाले राज्यों से भी घिरा हुआ है। यह परिदृश्य जहां एक ओर उचित वैज्ञानिक वन्यप्राणी प्रबंधन में कठिनाई उत्पन्न करता है, वहीं दूसरी ओर संबंधित राज्यों के बीच आपसी समन्वय के महत्व एवं उसकी आवश्यकता को इंगित करता है। नवीनतम गणना से पता चलता है कि झारखंड में लगभग 600 से 700 हाथियों का बसेरा है।

मानव हाथी संघर्ष से संपत्ति और कृषि की औसत वार्षिक हानि लगभग 60 से 70 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है, जिसकी प्रतिपूर्ति झारखंड सरकार मुआवजे के रूप में करती है। ऐसे में व्यावहारिक विकल्पों और रणनीतियों के बारे में सोच कर इन जटिल समस्याओं का समाधान संभव है। इस स्थिति का अपने तरीके से समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वैज्ञानिक निराकरण भर जरूरी है, जिससे मानव सभ्यता और वन्य जीव पर कुप्रभाव न पड़े।

# मानवता पर कलंक हैं बांग्लादेश की घटनाएं: बंधु

**वैश्विक मंच पर बांग्लादेश हिंसा को सख़्ती के साथ उठाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील**

**आजद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि बांग्लादेश में व्यापक पैमाने पर घटी हिंसा की घटनाएं वास्तव में मानवता के सिर पर कलंक है। इसके साथ-साथ यह केंद्र सरकार की विदेश नीति पर वैसा धब्बा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सक्रियता और व्यावहारिक नीति से दूर कर सकते थे। श्री तिर्की ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि वे सभी वैश्विक मंचों के साथ ही विश्व समुदाय के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति हुई हिंसा को सख़्ती के साथ उठायें और भारत में एकता तथा सामाजिक सौहार्द्र स्थापित करने के लिए व्यावहारिक स्तर पर तीव्रता के साथ कार्रवाई करें।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी भी परिस्थिति और परिवेश में सभी जातियों, समुदायों, धर्म और भाषा-भाषियों के बीच आपसी एकता, सौहार्द्र एवं परस्पर सहिष्णुता की भावना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बाद ही आर्थिक विकास और समाज कल्याण की बात मायने रखती है। श्री तिर्की ने कहा कि बिना किसी किंतु-परंतु के बांग्लादेश में हुई हिंसक वारदातों की वे कठोर निंदा करते हैं। जिस प्रकार वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति घटनाएं घटी हैं। वह निंदनीय है। श्री तिर्की ने कहा कि बांग्लादेश की घटना से सभी केवल एक बात सीख सकते हैं कि आपसी सौहार्द्र को बढ़ाने और परस्पर मतभेद को दूर करने के साथ ही फिरकापरस्त ताकतों से दूर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सांप्रदायिक सद्भाव की पक्षधर रही है। आज के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने वैसे किसी भी स्वार्थ को तिलांजलि दें, जिससे आपसी सद्भाव और सहिष्णुता को खतरा हो।

# हेमंत राज में अपराधियों का मनोबल चरम पर: बाबूलाल

**संथाल आदिवासी हवलदार चोहन हेंब्रम के हत्यारे को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करे पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में कोई सुरक्षित नहीं। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षित नहीं। मरांडी ने कहा कि झारखंड की धरती फिर एक निर्दोष संथाल आदिवासी के खून से रक्तरंजित हो गयी। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज में तैनात संथाल आदिवासी हवलदार चोहन हेंब्रम की हत्या कर मो शहीद अंसारी फरार हो गया। उन्होंने कहा कि कौम विशेष के लोग सरकार के संरक्षण में सुनियोजित साजिश के तहत आदिवासियों को खत्म करने पर तुले हुए हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों के पक्ष में छाती पीटने वाले हेमंत सोरेन आदिवासियों की हत्या पर चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की हत्या के खिलाफ बोलने में उनके मुंह में फेविकोल चिपक जाता है। आज आदिवासी भाइयों की जमीन हड़पी जा रही है, आदिवासी बेटियां घुसपैठियों के हाथों प्रताड़ित हो रही हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री उत्सव मना रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करे।

# कुर्सी को बचाने के लिए चिंतित हैं हेमंत: प्रतुल

**पिछले पौने पांच वर्षों में लगभग 7000 मंईयां बलात्कार की शिकार हुई, सरकार इस मुद्दे पर असंवेदनशील क्यों? झारखंड की मंईयां की इस सरकार में 50 टुकड़े किये गये, जिंदा जला दी गयी, सैकड़ों सामूहिक बलात्कार हुए**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा रक्षाबंधन के दिन सांकेतिक रूप से कुछ महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त की 1000 राशि देने की घोषणा को नौटंकी करार दिया। प्रतुल ने कहा कि वस्तुतः रक्षाबंधन के दिन हेमंत सोरेन अपनी सरकार की रक्षा के लिए यह ड्रामेबाजी कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी सरकार ने तो गरीब महिलाओं को 8000 रुपये महीना देने का वादा अपने निश्चय पत्र में किया था, उसका क्या हुआ? 2000 प्रतिमाह चूल्हा खर्चे में और 6000 गरीब परिवारों को देने का साफ जिक्र है निश्चिय पत्र में। प्रतुल ने कहा कि अब चुनाव को देख कर मात्र 1000 प्रति माह का झुनझुना थमाने की तैयारी हो रही है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार के पौने पांच वर्षों के कार्यकाल में लगभग 7000 बलात्कार की घटनाएं हुईं। एक आदिम जनजाति की बेटी के 50 टुकड़े कर दिये गये, तो दुमका में एक बेटी को जिंदा पेट्रोल छिड़क कर जला दिया गया। बरहेट में एक नाबालिग आदिवासी बेटी को बलात्कार के बाद फांसी पर लटका कर हत्या कर दी गयी। सैकड़ों सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। इन सारे बलात्कार के जघन्य मामलों पर सरकार असंवेदनशील क्यों रही? सरकार को श्वेत पत्र जारी करके बताना चाहिए कि कितने मामलों में उन्होंने फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए बलात्कारियों को सजा दिलायी और कितने मामलों में अभी भी चार्जशीट भी नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा कि यह श्वेत पत्र सरकार कभी जारी नहीं करेगी, क्योंकि इससे सरकार की कलई खुल जायेगी।

**योजनाओं को जमीन पर उतारने में हेमंत सोरेन सरकार फिसड्डी साबित हुई**

**प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार का डिलीवरी मैकेनिज्म वैसे भी बहुत ही घटिया है। सरकार ने 26 जनवरी, 2022 को पूरे तामझाम के साथ गरीबों के लिए 25 प्रति लीटर पेट्रोल सब्सिडी की शुरुआत की थी। ये योजना अब लगभग बंद हो गयी है। अबुआ आवास में सिर्फ वित्तीय वर्ष 2023-24 में पहली किस्त जारी की गयी है। 2024-25 वित्तीय वर्ष की तो कोई किस्त भी जारी नहीं हुई है। पूरे राज्य में एक भी अबुआ आवास आज तक बन कर तैयार नहीं हुआ। मंईयां सम्मान योजना में वित्त मंत्री साफ कह रहे हैं कि आकस्मिक निधि से इस वित्तीय वर्ष में सिर्फ 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि एक महीने में 50 लाख महिलाओं को इस योजना में 500 करोड़ देने पड़ेंगे। प्रतुल ने जानना चाहा कि तो क्या सरकार मान रही है कि वह सिर्फ दो महीने का झुनझुना है और उसके बाद यह योजना बंद हो जायेगी। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में लूट, खसोट, भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद इतने चरम पर रहा कि जनता इनको अच्छे से जान गयी है। आगामी चुनाव में इस सरकार का सफाया होना तय है।**

### भागलपुर पुलिस लाइन में महिला सिपाही के पति का खूनी खेल

# मां-पत्नी और बच्चों की हत्या कर खुदकुशी की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस लाइन में पांच लोगों की संदिग्ध हालत में मौत के मामले से सनसनी फैली हुई है। पुलिस लाइन के क्वार्टर से एक महिला सिपाही और उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों की लाश मिली। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में सनसनी फैल गयी। आनन-फानन में डीआइजी, एसएसपी, सिटी एसपी, सिटी डीएसपी, डीएसपी लाइन सहित दर्जनों पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को मौके पर से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें महिला सिपाही के पति ने हत्या की बात स्वीकार की है। चर्चा है कि सिपाही ने पत्नी, दो बच्चों और अपनी मां की हत्या की और फिर खुद फंदे से लटक गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने सभी को घटनास्थल पर जाने से रोक दिया। पुलिस के मुताबिक कांस्टेबल नीतू कुमारी, उसके दो बच्चों और नीतू की सास का शव मिला है। चारों का गला रेता गया है, जबकि नीतू के पति का शव टंगा हुआ मिला है। भागलपुर के डीआइजी विवेकानंद ने बताया कि मृतक परिवार के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। मृतक महिला सिपाही नीतू कुमारी 2015 बैच की थी। आसपास के पुलिस कर्मियों से पूछताछ में पता चला है कि पति-पत्नी में आपस में कई दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार शाम में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। डीआइजी ने कहा कि दोनों के बीच का झगड़ा सड़क पर भी कई बार आ जाता था। एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें अवैध संबंध का आरोप पति ने लगाया है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक कांस्टेबल नीतू बक्सर, तो उसका पति पंकज आरा का रहनेवाला था। दोनों के दो बच्चे थे, जिनकी हत्या इस घटना में हो चुकी है। मौके पर से बरामद सुसाइड नोट में पंकज ने अपनी पत्नी पर किसी दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध होने का जिक्र किया है। उसने हत्या की बात को भी स्वीकारा है।

## जमीन दलाल कमलेश को कोर्ट में पेशी के बाद भेजा गया होटवार जेल



**रांची (आजाद सिपाही)। जमीन दलाल कमलेश कुमार की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एजेंसी ने उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में पेश किया। उसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है। इडी ने रिमांड अवधि के दौरान उससे कई बिंदुओं पर पूछताछ की है। बता दें कि लैंड स्कैम से जुड़े केस में इडी ने पिछले महीने कमलेश के घर पर छापेमारी की थी, जिसमें उसके घर से एक करोड़ रुपये कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे। इडी ने पूछताछ के बाद कमलेश को गिरफ्तार कर लिया था।**

# जेएसएससी का कैलेंडर हुआ बार-बार फेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की परीक्षा हुए 10 महीने पूरे होने के बाद दो-दो बार जेएसएससी द्वारा कैलेंडर जारी करके बताया गया कि 2024 के अगस्त के द्वितीय सप्ताह में रिजल्ट जारी किया जायेगा। अगस्त का दूसरा सप्ताह भी पूरा हो गया, लेकिन रिजल्ट का कोई अता-पता नहीं है। इसे लेकर अभ्यर्थी जेएसएससी के सचिव से मिले। सचिव ने छात्रों को बताया कि अगस्त माह के अंत तक रिवाइज्ड आंसर कुंजी जारी की जायेगी। उसके बाद ही रिजल्ट घोषित होने की संभावना है। इससे अभ्यर्थियों के मन में सरकार एवं जेएसएससी के प्रति घोर असंतोष है। वे निराश भी हैं।

अब अभियर्थियों को यह चिंता सता रही है कि अगस्त माह के अंत तक झारखंड विधानसभा चुनाव हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना है, आदर आचार संहिता लागू होने के बाद रिजल्ट जारी नहीं हो सकता है अभियर्थियों का यह भी कहना है कि इस तरह से सरकार अथवा जेएसएससी द्वारा बार-बार कैलेंडर जारी कर अपने ही बातों से फेल हो जाना उनकी नाकामियों को दर्शाता है, क्योंकि हमलोग कौन सी बात पर और कैसे भरोसा करें।

ज्ञात हो कि रिजल्ट जारी हेतु अभियर्थियों का राजभवन के सामने जाकिर हुसैन पार्क के पास विगत 17 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं उसके बाद ही फाइनल आंसर की जारी किया गया परंतु अब तक रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है।

# पीएम श्री विद्यालय, बारीडीह की छात्राएं लालकिला झंडोत्तोलन में शामिल होंगी

**चयनित छात्राओं को शिक्षक के साथ हवाई जहाज से किया गया रवाना : प्रधानाध्यापक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मंगलवार को झारखंड राज्य 325 पीएम श्री चयनित विद्यालयों में से पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह, इटकी, रांची के तीन छात्राएं कक्षा 8 की लक्ष्मी कुमारी एवं रानी केरकेट्टा तथा कक्षा 6 की छात्रा दीपिका कुजूर एवं शिक्षक अंजय कमल कुमारेश तथा दो अभिभावक हीरा सिंह एवं दिलीप तिग्गा झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए हवाई जहाज से 78वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 के उपलक्ष्य पर नयी दिल्ली गये।

झारखंड से चयनित टीम को मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के माध्यम से विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल किया जायेगा, जहां प्रधानमंत्री के द्वारा लालकिला, नयी दिल्ली में झंडोत्तोलन किया जायेगा। इनके रहने की व्यवस्था मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा नयी दिल्ली के स्मार्ट प्लाजा थ्री स्टार होटल में की गयी है।

पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह, इटकी, रांची में शिक्षा एवं अनुशासन के क्षेत्र सहित गरीब बच्चों के संस्कार के परिवर्तन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सिंह एवं सहयोगी शिक्षकों ने किया है।

www.epaper.azadsipahi.in

14 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 295

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

देश के विकास और अनुसंधान के लिए टैक्सेशन जरूरी है : निर्मला सीतारमण



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर भाजपा-आरएसएस चिंतित

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक
- गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले समेत कई प्रमुख हुए शामिल

**अजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा और अत्याचार को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर बैठक हुई। उसमें बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले और अरुण कुमार मौजूद थे।



## बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों और मंदिरों को बनाया गया निशाना

गौरतलब है कि पिछले दिनों बांग्लादेश में छात्र अंदोलन उग्र होने के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सेना ने कमान संभाली और वहां अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं के कई घरों, मंदिरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गयी है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। अंतरिम सरकार गठन के बाद भी रुक-रुक कर हिंसा जारी है।

**पांच घंटे चली बैठक :** भाजपा-आरएसएस के बीच करीब पांच घंटे बैठक चली। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी। सूत्रों के अनुसार बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का मुद्दा प्रमुख था। बांग्लादेश के हालात पर संघ परिवार की चिंताओं को सरकार से साझा किया गया। सरकार ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाये हैं, क्या-क्या किया जा सकता है, उसके बारे में भी चर्चा की गयी। साथ ही इस महीने के अंत में केरल के पलक्कड़ में आरएसएस के सभी अनुषांगिक संगठनों की समन्वय बैठक पर भी बात हुई। यह बैठक 30 अगस्त से 01 सितंबर तक होगी। उस बैठक में संगठन से जुड़े कुछ विषयों पर चर्चा संभव है। केरल की समन्वय बैठक में भाजपा की ओर से जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष हिस्सा ले सकते हैं।

# कलकत्ता हाइकोर्ट ने डॉक्टर रेप-मर्डर केस सीबीआइ को सौंपा

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** कलकत्ता हाइकोर्ट ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच सीबीआइ को सौंप दी है। राज्य सरकार बुधवार की सुबह 10 बजे तक सीबीआइ को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है।

दाघानि DVC
दामोदर घाटी निगम
कोडरमा ताप विद्युत केंद्र
बांझेडीह, झारखंड-825421

कोडरमा ताप विद्युत केंद्र, कोडरमा के ओर से समस्त देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें !!

सी०एस०आर०, डी०वी०सी०, के. टी. पी. एस. - कोडरमा के द्वारा किये गए कार्य :-
* प्रभावित गाँव में निरंतर आधारभूत सरंचना निर्माण, सामाजिक आर्थिक उन्नयन कार्य !
* समय समय पर सामान्य स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन की व्यवस्था !
* ग्रामीण युवक हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण (बेसिक कम्प्युटर, जीडीए, टैली) की व्यवस्था !
* सी०एस०आर० के द्वारा सरकारी विद्यालयों को डस्टबिन, हैंडवॉश और अन्य सामाग्री वितरण !
* महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एव कौशल विकास हेतु सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन !
* पर्यावरण संरक्षण व् ग्रामीण जीवकोपार्जन हेतु फलदार पौधे का वितरण !
* मुफ्त मोतियाबिंद जाँच सह ऑपरेशन शिविर का आयोजन !
* खेलकूद प्रोत्साहन के लिये खेल सामग्री का वितरण !
* गाँव में चलन्त चिकित्सा वाहन द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था !
* सरकारी विद्यालयों में पेयजल सुविधा के लिय वाटर प्यूरिफायर व् कूलर व्यवस्था !
* आंगनबाड़ी केन्द्रों के नवीकरण के लिये जमा आधार पर जिला प्रशासन को 42 लाख रुपये की धनराशि दी गयी !
* जिले के चिन्हित स्थानों पर हाई मास्ट लाइट के लिय साढ़े 22 लाख की वित्तीय सहायता !
* सी०एस०आर० के द्वारा जिला प्रशासन को एम्बुलेन्स की व्यवस्था !
* सी०एस०आर०, डी०वी०सी०, के.टी.पी.एस. कोडरमा के पोषक क्षेत्र के दो उच्च विद्यालय घंघरी व् जयपुर काँकों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था !
सी०एस०आर० के द्वारा सरकारी विद्यालयों को 26 पंखे का वितरण !

पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति के तहत वृतिका भुगतान की अद्यतन स्थित:-

PFA's की संख्या - 7410 । मासिक वृतिका पाने वाले की संख्या - 6382 । बांड हस्ताक्षर हेतु लंबित संचिका और शपथ पत्र के अभाव में एक एकड़ से अधिक जमीन वाले PAF's की संख्या-110 । सूची में दोवारा नाम वाले PAF's की संख्या: 126 । PAF's द्वारा अब तक अप्राप्त आवेदनों की संख्या-792
* अप्राप्त आवेदको से निवेदन है की आप अपना आवेदन पत्र नियमनुसार के. टी. पी. एस कार्यालय मे जमा करे

डी.वी.सी., के.टी.पी.एस., कोडरमा के द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य :-
* केटीपीएस-कोडरमा ने जुलाई 2024 को डीवीसी के सभी थर्मल पावर प्लांटों के बीच ""वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ उत्पादन संयंत्र पुरस्कार" में द्वितीय स्थान हासिल किया।
* रासायनिक प्रयोगशाला, केटीपीएस एनएबीएल (परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड ) है जो 19.05.2023 से मान्यता प्राप्त है और कोयला परीक्षण के लिए 18.05.2025 तक वैध है ।
* सौर ऊर्जा में में केटीपीएस-कोडरमा 10 MW विद्युत उत्पादन कर रहा है ।


श्री दिलीप कुमार सिंह
वरीय महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान
डी०वी०सी०, के.टी.पी.एस, कोडरमा

"हमारा प्रयास समग्र विकास"

NO. KT/CE/CSR/24-25/265 DATED:13.08.2024

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना
स्वास्थ्य का वरदान, आयुष्मान
राज्य के गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार पाएं
(नोटः आयुष्मान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए राशन कार्डधारी के प्रत्येक सदस्य को आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य है।)

निःशुल्क आयुष्मान कार्ड कैसे बनायें
- नजदीकी पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालय में।
- नजदीकी सरकारी अस्पताल में।
- नजदीकी निजी अस्पताल में।
- नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में।
- सहिया द्वारा घर-घर जाकर
- आयुष्मान एप द्वारा "स्वयं"

आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत मिलने वाली सुविधाएं
- 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क कैशलेस ईलाज
- राज्य एवं देश के किसी भी सरकारी एवं निजी अस्पताल में पाएं निःशुल्क ईलाज
- अस्पतालीकरण के दौरान निःशुल्क, जाँच, दवाईयाँ एवं भोजन की सुविधा
- अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद आवश्यकतानुसार 15 दिनों तक की दवाईयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है
- योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की नकद राशि देय नहीं है

प्रतिवर्ष, प्रति परिवार 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज

नोट :- आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड अवश्य साथ लायें।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला

शिक्षा एवं क्षमता विकास | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम | सतत जीविकोपार्जन | आधारभूत संरचना विकास | सामाजिक जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण

ADITYA BIRLA GRASIM


UNIT HEAD

देश की आजादी के 77वें वर्षगांठ के पावन अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, केमिकल डिवीज़न रेहला के प्रबंधन व श्रमिक संगठन की ओर से पलामू प्रमंडल वासियों के साथ-साथ समस्त झारखण्ड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ !

हम अपने व्यवसाय के साथ-साथ अपने समस्त हितधारकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने हेतु निरंतर प्रत्यनशील एवं प्रतिबद्ध हैं।


टी . बी . उन्मूलन हेतु राज्यस्तरीय पुरस्कार


राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार



78 वें स्वतंत्रता दिवस पर
बड़गड़ प्रखंड सहित डाल्टनगंज - भंडरिया 76 विधानसभा क्षेत्र के माताओं, बहनों, प्रबुद्ध नागरिकों सहित तमाम जनता को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं.

विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने अपनें 10 वर्षो के कार्यकाल में बड़गड़ में खिंची विकास की लंबी लकीर

-: विकास की गाथा :-
- आजादी के पूर्व से लोगों की लंबित मांग पर बड़गड़ में कनहर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य शुरू कराया।
- बड़गड़ प्रखंड के सड़क विहीन दूर्गम ग्रामीण इलाकों - मदगड़ी च, कुल्ही, हेसातू, गड़ीया, मुटकी, टेंगारी, कोम्हीकोना, महुआटीकर आदि गांवों तक गुणवत्ता पूर्ण सड़क का निर्माण कराया।
- बड़गड़, मुटकी रोड स्थित कुलवंती नदी पर उच्च स्तरीय पूल का निर्माण कराया।
- ग्रामीण क्षेत्रों में कुल्ही नदी, बहेरा टोली नदी, बढ़नी में बिरहा नदी सहित दर्जनों नदी नालों पर पुल निर्माण करा कर यातायात को सुगम बनाया।
- बड़गड़ में सभी सुविधा युक्त भव्य प्रखंड कार्यालय भवन तथा कर्मचारियों का आवासीय भवन का निर्माण कराया।
- विधानसभा में मजबूती से मांग रख कर बड़गड़ को थाना का दर्जा दिलाया.
- प्रखंड क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल नल योजना के माध्यम से लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया।
- भंडरिया से बड़गड़ होते टेहरी तक सड़क के मजबूती करण का कार्य कराया।
- विधायक मद की राशि से बड़गड़ के हनुमान मंदिर चौक पर हाई मास्ट लाईट लगा कर बाजार परिसर को रोशनी से जगमग कराया।
- टेहरी पंचायत के जमुनदाहा नाला, बर कोना नाला तथा परसवार पंचायत के काला खजुरी - उरोटांड़ पथ पर बिरहा नाला पर पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाई।
- अपनें कार्यकाल में प्रखंड के 1424 लाभुकों को केंद्र सरकार की सबको पक्का आवास अभियान के तहत पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाया।
- सिंचाई के क्षेत्र में बड़गड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों में 16 बड़े तालाबों का जिर्णोद्धार, 23 परकुलेशन टैंक तथा 5 डीप बोर कराकर किसानों को सुविधा मुहैया कराया.


आलोक कुमार चौरसिया
भाजपा विधायक
डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र


निवेदक :-
ओम प्रकाश
विधायक प्रतिनिधि
बड़गड़, जिला - गढ़वा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



## 18 को रांची में एवरेस्ट समिट 2.0 बियोंड द माउंटेंस का आयोजन

रांची। आगामी 18 अगस्त को एवरेस्ट समिट 2.0 बियोंड का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर से 20 से अधिक प्रतिष्ठित पर्वतारोहियों का समागम होगा। कार्यक्रम का आयोजन अड्डियट इंस्पायर किंग, राइट इंगराइट फाउंडेशन, सीसीएल और साइबर पीस कोर के सहयोग से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार को जेएपी ऑडिटोरियम शौर्य सभागार डोरंडा रांची में होगा। समिट का उद्देश्य उपस्थित लोगों को प्रेरित और उत्साहित करना है, जो दुनिया के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण पहाड़ों को जीतने वाले साहसिकों की अद्भुत कहानियां को साझा करेगा। यह जानकारी राजीव गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मालवध पूर्णा की भागीदारी होगी, जिन्होंने सिर्फ 13 साल और 11 महीने की उम्र में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़कर सबसे युवा महिला बनने का रिकॉर्ड बनाया।

# 23 अगस्त को अपना हक मांगने के लिए सीएम आवास पहुंचेंगे लाखों युवा : मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी मंगलवार को आगामी 23 अगस्त को रांची में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली की तैयारी के लिए आयोजित रांची महानगर और ग्रामीण जिला की बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य की युवा शक्ति हेमंत सरकार से अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार धोखेबाज सरकार है। साढ़े चार वर्षों से केवल धोखा ही दे रही है। इससे युवाओं, किसानों, पारा शिक्षकों, संविदा कर्मियों सभी को ठगा है। 5 साल पहले चिल्ला चिल्ला कर वादे किये। घोषणा पत्र में वादे किये। सदन में किये, सड़क पर किये, लेकिन घोषणाएं केवल घोषणाएं ही बनकर रह गयीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से राज्य का युवा हिसाब मांग रहा है। अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ किये जाने पर जवाब मांग रहा है।

उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को राज्य के लाखों युवा मुख्यमंत्री के आवास पहुंचेंगे और पूछेंगे 5 लाख नौकरी का क्या हुआ। बेरोजगारी भत्ता कहां गया। वे पूछेंगे कि पारा शिक्षकों के नियमितीकरण, वेतनमान का क्या हुआ। संविदा कर्मियों के स्थायीकरण का क्या हुआ। सहायक पुलिस कर्मियों के नियमितीकरण का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यह भी जानना चाहेगी कि वादा नहीं पूरी करने पर इस्तीफा देने, गद्दी छोड़ देने के वादे का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य का युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ साथ शिबू सोरेन के बेटे से भी उत्तर चाहेगा। क्योंकि ये सारे वादे अपने पिता के नाम की दुहाई देकर हेमंत सोरेन ने किया था। उन्होंने कहा कि इंडी ठगबंधन का ट्रैक रिकॉर्ड केवल ठगने का है। जबकि भाजपा की सरकार चाहे केंद्र की हो या विभिन्न राज्यों में। अपने संकल्प पत्रों को धरातल पर उतार रही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने फिर से मंईयां योजना से जनता को ठग रही। ऐसे भ्रष्ट निकम्मी सरकार की विदाई तय है। जनता उन्हें संन्यास दिलाने के लिए संकल्पित है।

## टिंकू महतो ने किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू का आभार प्रकट किया



रांची(आजाद सिपाही)। मंगलवार को भाजपा किसान मोर्च के आइटी सेल के प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन राम, महामंत्री अजय मुंडा और दलित नेता उपेंद्र रजक भाजपा नेता बसत दास को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो हम पर विश्वास जताया है, उसके लिए सभी नेताओं को आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेवारी दी है, उस पर मैं खरा उतरूंगा। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा कार्यालय मंत्री हेमंत दास रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, भाजपा नेता केके गुप्ता, दलित नेता उपेंद्र रजक, भाजपा नेता बसंत दास, सुरेंद्र नाथ, राकेश राम, यूराज पासवान, बिनोद ठाकुर, अनिल राम, राजीव नाथ सहदेव, रवि रंजन सिंह, लोकेश खलखो, रामलगन राम, संतोष रवि साहिल कुमार आदि सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।

## शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने 'स्पेल बी' स्पर्धा में प्राप्त की अभूतपूर्व सफलता



रांची(आजाद सिपाही)। 'एक से लेकर 10वां रैंक शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों के नाम' 'उचित और संपूर्ण शिक्षा एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली उपकरण है, जो हमें ज्ञान, उच्चतम सोच और सकारात्मकता की ओर बढ़ाता है। शारदा ग्लोबल स्कूल के 80 छात्रों ने राज्य स्तर पर होने वाली 'स्पेल बी' स्पर्धा में हिस्सा लिया, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और विस्तृत शब्द ज्ञान भंडार और शुद्ध वर्तनी प्रदर्शित किया। चयनित छात्र 21 मार्क्स से ऊपर और 25 रैंक से नीचे रहकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई कर विद्यालय की संपूर्ण शिक्षण पद्धति और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय मैनेजमेंट, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्परूप, प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों के इस अभूतपूर्व और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभाशंसा की तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तनी में सुधार के लिए नियमित अभ्यास और सही उच्चारण आवश्यक होता है। अतः छात्रों को वर्तनी का सतत अभ्यास करते रहना चाहिए।

# शाहिद आलम ने दिखाया अपने टैलेंट का कमाल, जीता मिस्टर इंडिया का खिताब

वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल की प्रतियोगिता में झारखंड के प्रतिभागियों का रहा जलवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** टैलेंट दिखता ही नहीं, बोलता भी है। कई क्षेत्रों में झारखंड की प्रतिभा बोलती है। इसका ताजा उदाहरण इस रूप में सामने आया है कि मिस्टर, मिस, मिसेज एंड किड्स वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल, नैशनल ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेने वाले झारखंड के अलग-अलग स्थानों से सात प्रतिभागियों ने फाइनल राउंड में अपना स्थान बनाया। इतना ही नहीं, मिस्टर, मिस, मिसेज और किड्स कैटेगरी में अपने टैलेंट का लोहा मनवाते हुए विनर भी बने। मोहम्मद शाहिद आलम ने मिस्टर इंडिया का खिताब जीता, जबकि मिसेज इंडिया विनर बनीं नेपाल से बिलॉन्ग करने वाली रांची में रहने वाली पूजा थापा। किड्स कैटेगरी में अगरिया प्रियदर्शनी ने खिताब जीता। मिस इंडिया का खिताब मिला है रांची की चंद्रमुनी कुजूर को। प्रिंसी प्रियंका फर्स्ट रनर अप हुईं और अनीशा सिंह सेकेंड रनर अप।

**जूरी के सदस्यों ने रांची के प्रतिभागियों को खूब सराहा :** चीफ जूरी में स्टोरी लाइन इंडिया की चीफ एडिटर साधना कुमर थीं। उन्होंने कहा कि शो के अंतिम छण तक नहीं लगा था कि एक बार फिर छोटा शहर कहे जाने वाले रांची के ये प्रतिभागी देश के कोने-कोने से आये प्रतिभागियों को पीछा छोड़ते हुए सारे महत्वपूर्ण किताब अपने नाम कर लेंगे। सभी ने रांची के प्रतिभागियों को खूब सराहा।

**200 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा :** साधना ने बताया कि इस तरह के परफॉर्मेंस से अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। सभी प्रतिभागी भी अपने प्रदर्शन से खुश हैं। इस शो की सभी केटेगरी में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। रांची से प्रोफेशनल कैमरा मैन अरमान अंसारी, रूपेश और फैशन फील्ड से तालुक रखने वाली बोकारो की अंकिता सिंह को गेस्ट के रूप में इंवाइट किया गया था।

# राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक, निजी अस्पतालों की मनमानी पर लगे रोक : युवा आजसू

युवा आजसू के नगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि सरकार जनता की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी से उदासीन है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची जिला सह प्रभारी राहुल तिवारी के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

युवा आजसू ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने, निजी अस्पतालों की मनमानी पर कठोर नीति बनाने और राज्य के सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिकों और नर्सिंग होम्स के तमाम सुरक्षा मानकों की गहन जांच कराने की मांग की है। सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था को सुदृढ़ कर निम्न और मध्यम वर्गीय नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवायें सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। राहुल तिवारी (युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी) ने कहा कि रांची के स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ रिम्स अस्पताल में चिकित्सा लापरवाही और प्रबंधन की खामियां लगातार उजागर होती रही हैं। इससे आम जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा पर संकट उत्पन्न हो रहा है। साथ ही राज्य के निजी अस्पतालों द्वारा मनमाने शुल्क वसूलने और मरीजों पर भारी आर्थिक बोझ डालने की प्रवृत्ति समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। युवा आजसू के नगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि सरकार जनता की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी से उदासीन है। युवा आजसू राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। यदि सरकार स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित अस्पतालों में आवश्यक सुधार और निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट नीति नहीं बनाता है, तो युवा आजसू चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह ने युवा आजसू को आश्वासन दिया कि संज्ञान में लाये गए विषयों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। सरकारी अस्पतालों की स्थिति सुधारने और निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जायेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से बिपिन कुमार यादव, राहुल कुमार, सुमित कुमार और अन्य भी शामिल थे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मंगलवार हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# रातू चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** काठीटांड़ चौक पीटर इंग्लैंड के समीप मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर जाने माने शिक्षाविद और क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति जनार्दन प्रसाद ओझा ने नवनियुक्त चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कराया। जनार्दन ओझा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चेंबर के संविधान के अनुकूल पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

**पहले अध्यक्ष:** जगदीश साहू, सचिव संजय कुमार, **उपाध्यक्षः** अनुराग हर्ष दुबे, उपाध्यक्षः अमित तिवारी, उपाध्यक्षः विशाल साहू, उपाध्यक्षः प्रदीप सिंह और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पांडे को, नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने शपथ ग्रहण के उपरांत कहा कि वे लोग अपने सभी सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन लोगों ने घोषणा किया कि, सभी व्यवसायियों के हक के लिए हम लोग आपस में मिल बैठकर न्याय उचित फैसला लेते हुए विकास करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से लाल पृथ्वी नाथ शाहदेव, हीरामणि साहू, मिथिलेश दुबे, व्रजेश शर्मा, सिदबाज खान, विश्वनाथ शर्मा, शाहनवाज खान, केदारनाथ सिंह, मुकेश साहू, अरुण कुमार गुप्ता और काफी संख्या में दुकानदार बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में सनी सिंह की, सराहनीय भूमिका रही और मंच का संचालन सुबोध कुमार साहू ने किया।

# निक्की प्रधान और सलीमा टेटे को हरमू में घर बनाने के लिए जमीन देगा आवास बोर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने नेशनल महिला हॉकी टीम की प्लेयर्स सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को हरमू (रांची) में जमीन देने का फैसला लिया है। इस जमीन पर वे दोनों घर बना सकती हैं। मंगलवार को बोर्ड मुख्यालय में आयोजित बोर्ड की 74वीं बैठक में इस संबंध में आये प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 19 प्रस्ताव लाये गये। इसके अलावे पांच अन्यान्य प्रस्ताव भी आये। बैठक के बाद चेयरमैन ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान जैसी महिला हॉकी खिलाड़ी को हरमू में सरकारी कोटे से घर बनाने के लिए जमीन देने का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया गया है। दोनों को 3750-3750 वर्ग फीट जमीन का आवंटन होगा। इसके अलावा महत्वपूर्ण प्रस्तावों में बोर्ड मुख्यालय के सामने स्थित जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाये जाने का भी मामला है। इसका अनुमोदन कर दिया गया है। इसके लिए विज्ञापन जारी होगा। ज्वाइंट वेंचर में संचालन किया जायेगा। इसके अलावा बोर्ड मुख्यालय के करीब (हरमू) की ही जमीन पर आवास, दुकान निर्माण का भी प्रयास किया जायेगा।

संजय लाल पासवान ने जानकारी दी कि राज्य भर में बोर्ड के स्तर से ऐसे लोगों पर भी एक्शन लिया जाना है जो आवंटित आवास, संपदाओं का कॉमर्शियल यूज कर रहे। राज्य भर में ऐसे 294 लोगों की सूची तैयार की गयी है। एक सप्ताह के अंदर उन्हें आवंटित संपदा को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। साथ ही बोर्ड के स्तर से धनबाद, हजारीबाग, जमश्ओदपुर, रांची में तैयार फ्लैट के ई- लॉटरी के जरिए आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरवाया



रांची(आजाद सिपाही)। मंगलवार को कोकर बाजार में एससी विभाग कांग्रेस कमिटी रांची महानगर के उप चेयरमैन सूरज कुमार पासवान की अध्यक्षता में महागठबंधन सरकार की ओर से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए एकदिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत जिन माताओं और बहनों ने अभी तक इस योजना हेतु फॉर्म नहीं भर पायी थी। उनका इस कैंप में फॉर्म बिल्कुल ही निःशुल्क भरवाया गया। ये एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से संतोष महतो, सूरज कुमार पासवान, कुमार कौशल उर्फ गांधी, राजू राम, बसिष्ठ लाल पासवान आदि के सौजन्य से आयोजित किया गया था, जिसमें सभी लोग शामिल थे।

## एनएसयूआइ ने आरयू के अंगीभूत कॉलेजों में इंटर में दाखिले की मांग पर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। एनएसयूआई ने आरयू के अंगीभूत कॉलेजों में इंटर में दाखिले की राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन से मांग की। मंगलवार को राजभवन व मुख्यमंत्री सचिवालय में जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने ज्ञापन सौंपा। कहा कि हाईकोर्ट ने दाखिला शुरू करने को कहा, लेकिन आरयू ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी। शीर्ष कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमन अहम बोले, आरयू कुलपति आदेश को नहीं मान रहे।

# डीएसपीएमयू निरंतर विद्यार्थियों को रोजगार देने की दिशा में प्रयत्नशील : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आदित्य बिड़ला कैपिटल में डीएसपीएमयू के 15 विद्यार्थियों का अंतिम तौर पर चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गत 6 और 7 अगस्त को आदित्य बिड़ला कैपिटल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में 2 दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था।

इस कैंपस प्लेसमेंट में किसी भी संकाय से स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 150 उम्मीदवारों ने भाग लिया। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने अपने यहां यूनिट मैनेजर पद के लिए यह प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया था। इन उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में तय की गई। प्री-प्लेसमेंट टॉक, समूह चर्चा और एचआर साक्षात्कार। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत आदित्य बिड़ला समूह ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 15 विद्यार्थियों का अंतिम तौर पर चयन किया। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विश्वविद्यालय का लगातार यह प्रयास रहा है कि विभिन्न संकायों के स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाए और इसमें सफलता मिलती दिख रही है। गत 4 माह में कई प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घराने ने यहां के अनेकों विद्यार्थियों को रोजगार मुहैया कराया है और आदित्य बिड़ला समूह में भी जिन विद्यार्थियों का अंतिम तौर पर चयन हुआ है वो विभिन्न संकायों से संबंधित है। यह सिद्ध करता है कि यहां के विद्यार्थी न सिर्फ अकादमिक बल्कि सभी विधा में पारंगत है। गौरतलब है कि दो दिवसीय यह प्लेसमेंट ड्राइव अंकित तिवारी के अंतर्गत संचालित किया गया। यह चयनित विद्यार्थी हैं, सोनू लकड़ा, अभिषेक नारायण, रितिक रौशन, बिट्टू कुमार, हिमांशु शंकर, अरुण कुमार महतो, कुमार शुभम, अमित कुमार सिन्हा, अदनान खान, पंकज मोदी,

तौकीर आलम, सूर्यभान राजपूत, मुकेश प्रमाणिक, स्वाति प्रिया, प्रियांशु कुमार और काजल कुमारी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## पहाड़िया आदिवासी अब किसी का वोट बैंक नहीं रहेगा : महेश पहाड़िया



रांची(आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी की एक बैठक लिट्टीपाड़ा के गुड़ापहाड़ में महेश पहाड़िया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी के द्वारा लिट्टीपाड़ा, बरहेट और बोरियो में पहाड़िया आदिवासी को टिकट देने का प्रयास करूंगा और लोकहित अधिकार पार्टी को झारखंड के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ाउंगा। प्रधान महासचिव मो. अजहर आलम ने कहा कि महेश पहाड़िया जी राजमहल लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़कर लगभग 15 हजार वोट प्राप्त किया था। प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में आज लोकहित अधिकार पार्टी में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने के बाद महेश पहाड़िया ने कहा कि सभी पार्टियों के द्वारा हमारा समाज अपने को ठगा सा महसूस करता आ रहा है। हमारा समाज नर्क से भी बदतर जीवन जीता आ रहा है, परंतु किसी भी राजनीतिक पार्टियों के द्वारा हमारी चिंता नहीं की गयी। बैठक में मोतीलाल मालतो, गुहिया पहाड़िया, गाब्रियेल पहाड़िया, चांदनी पहाड़िया, जोसेफ मालतो, मैसा मालतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# बांग्लादेश में हमले बंद हों

बांग्लादेश में मची उथल-पुथल का कुछ प्रभाव भारत पर पड़ना अस्वाभाविक नहीं माना जायेगा, लेकिन इस प्रभाव के चलते यहां भी कुछ इलाकों में लोगों पर भीड़ के हमले होने लगे, यह बात स्वाभाविक नहीं कही जायेगी। बांग्लादेश में हो रहे हमलों की चौतरफा निंदा हो रही है। वहां की अंतरिम सरकार को जल्द से जल्द हालात काबू में करने की जरूरत है। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आयीं, उससे भारत में बेचैनी स्वाभाविक थी। हालांकि इसमें दुष्प्रचार का तत्व भी था। कहा गया कि सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो और फेक तस्वीरों के जरिए हमलों की बातें बढ़ा-चढ़ा कर फैलायी जा रही हैं। मगर इसमें दो राय नहीं कि वहां हमले हुए, जिन पर काबू पाने की कोशिश वहां का प्रशासन कर रहा है। जब भी कोई समाज या देश किसी बड़े बदलाव या अनिश्चितता से गुजरता है, तो असामाजिक तत्व उस स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। पड़ोसी बांग्लादेश आजकल जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसमें भारत की सरकार ही नहीं, लोग भी उससे सहानुभूति रखते हैं। भारत इन चुनौतियों से निपटने में बांग्लादेश की हरसंभव मदद करने को भी तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जतायी है। इस बीच ओड़िशा के कुछ जिलों में बांग्लाभाषी लोगों को निशाना बनाने की खबरें चिंताजनक हैं। हालांकि हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन कई ऐसे वीडियो सामने आये हैं, जिनमें कुछ लोग बांग्ला भाषियों को बांग्लादेशी कहते हुए उन्हें परेशान करते देखे गये हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से बात करके इन घटनाओं पर ध्यान देने का अनुरोध भी किया है। यह समझना होगा कि बांग्लादेश एक अलग मुल्क है, जहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है। उसे ठीक रखने का काम वहां की सरकार और प्रशासन का है, लेकिन उसे मुद्दा बनाकर देश के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की कोई भी जानी-अनजानी कोशिश खतरनाक हो सकती है। पश्चिम बंगाल के लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। बांग्ला बोलनेवालों के खिलाफ इस तरह की कोई भी मुहिम उनके मन में असुरक्षा की भावना बढ़ा सकती है। अगर किसी इलाके में अवैध बांग्लादेशी भी रहते हों, तो उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने का अधिकार और दायित्व प्रशासन का है। अगर असामाजिक तत्वों का कोई हिस्सा अपनी तरफ से ऐसी कोशिश करता है, तो उसे तत्काल और सख्ती से रोका जाना चाहिए।


**पड़ोसी बांग्लादेश आजकल जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसमें भारत की सरकार ही नहीं, लोग भी उससे सहानुभूति रखते हैं। भारत इन चुनौतियों से निपटने में बांग्लादेश की हरसंभव मदद करने को भी तैयार है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यकीनन सत्ता पर बैठे तीन आदमी गवर्नर जनरल लार्ड माऊंटबैटन, धर्म के नाम पर पाकिस्तान मांगने वाले मोहम्मद अली जिन्ना और बेबस पंडित जवाहर लाल नेहरू। इन्होंने कसमें खायी थीं कि बंटवारे में एक बूंद भी इंसानी खून नहीं बहने देंगे। लार्ड माऊंटबैटन ने 50,000 फौजी जवान तैनात कर दिये तो भी मुसलमान सेना उनके हथियार छीन कर ले गयी। कल तक जो सेना आपसी भाईचारे की प्रतीक थी, आज वह स्वयं एक-दूसरे की दुश्मन हो गयी। दिल बंट गये। देश बंट गये। कल के परममित्र आज शत्रु बन गये। है न बंटवारे की विडंबना?**

# जरा याद करो 15 अगस्त 1947 को

**मोहन लाल**



15 अगस्त यानी सावन का महीना तब लगातार बारिश, नदियां-नाले उफान पर थे, 1947 में तो नदी-नालों पर पुल भी नहीं होते थे, मूसलाधार बारिश ऊपर से भारत के बंटवारे की घोषणा, मुस्लिम लीग का डायरेक्ट एक्शन प्लान जिसमें लाखों बेगुनाह हिंदुओं का कत्ल हिंदू-मुसलमानों में आपसी खिंची तलवारें निरंतर 'अल्लाह-हू-अकबर' गूंजते नारे और ऊपर से देश बंटवारे की घोषणा कैसा संयोग बना कि 15 अगस्त से पहले ही 1947 आ गया, जिसमें सब कुछ बह गया, बर्बाद हो गया। देश का बंटवारा ही नहीं हुआ, दिल तक बंट गये। न कायदा, न कोई कानून। 10 लाख मासूम लोग इस 15 अगस्त ने लील लिये। करोड़ों हिंदू-सिख उजड़ कर भारत आने के लिए शरणार्थी बना दिये गये। नारी जाति का अपमान किसी देश में ऐसा नहीं हुआ, जितना 15 अगस्त देखने के इंतजार में भारत में हुआ।

आज की पीढ़ी को इन बातों का चित-चेता ही नहीं। इस पीढ़ी को बस इतना पता है कि आज के दिन रंगारंग प्रोग्राम होंगे, मंत्री या जिलाधीश झंडा लहरायेंगे, परेड की जायेगी, सलामी लेंगे, दो एक शहीदों के नाम दोहरायेंगे, स्कूली बच्चे गिद्दा-भंगड़ा डालेंगे, अगले दिन छुट्टी होगी, स्वतंत्रता सेनानियों को अंगवस्त्र ओढ़ाये जायेंगे और कुछ मेरे जैसे तथा कथित समाज सेवकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए जायेंगे। शेष समाज का 15 अगस्त से कोई ताल्लुक नहीं। मजदूर अपनी पत्नी, बच्चों समेत पत्थर तोड़ते नजर आयेगा। उनके बच्चे तब तक पत्थरों पर ही सोये रहेंगे। गरीब की झोंपड़ी बारिश में टपकती रहेगी। बूढ़े-वृद्ध आचार से हाथ पर रख दो रोटी खा लेंगे। सड़कें, गलियां नालियां-नाले गंदगी से भरे रहेंगे और 15 अगस्त सरकारी समागम होते रहेंगे। नयी पीढ़ी वालों, है न कमाल की आजादी।

**अपनी भूतकाल में की गयी गलतियों का परिणाम तो प्रत्येक राष्ट्र को भोगना पड़ता है।**

इस घिनौने 15 अगस्त को लाने वाले कौन थे? यकीनन सत्ता पर बैठे तीन आदमी गवर्नर जनरल लार्ड माऊंटबैटन, धर्म के नाम पर पाकिस्तान मांगने वाले मोहम्मद अली जिन्ना और बेबस पंडित जवाहर लाल नेहरू। इन्होंने कसमें खायी थीं कि बंटवारे में एक बूंद भी इंसानी खून नहीं बहने देंगे। लार्ड माऊंटबैटन ने 50,000 फौजी जवान तैनात कर दिये तो भी मुसलमान सेना उनके हथियार छीन कर ले गयी। कल तक जो सेना आपसी भाईचारे की प्रतीक थी, आज वह स्वयं एक-दूसरे की दुश्मन हो गयी। दिल बंट गये। देश बंट गये। कल के परममित्र आज शत्रु बन गये। है न बंटवारे की विडंबना? कल तक जो मुसलमान मेरे खेत में काम करता था, मेरे टुकड़ों पर पलता था, आज उसी ने मेरा घर लूट लिया और मेरा गला घोंट दिया। कल तक जो मुस्लिम भाईचारे की दुहाई दे रहा था उसके लिए आज मैं 'काफिर' हो गया। घरों पर कब्जा कर हमारे सामने मवेशी हांक कर ले गये। कल तक जो मेरे साथ गुल्ली-डंडा खेलता था, आज उसी ने तलवार से मेरा सिर धड़ से अलग कर दिया। 15 अगस्त 1947 को मानवता नाम की चीज दिखायी नहीं देती थी।

मां ने दूध के स्थान पर अपने बच्चों को दातून का जूस पिला कर ही सुला दिया। अफसोस तो इस बात का है कि किसी आजादी के बाद की सरकार ने इसका नोटिस नहीं लिया। क्यों नहीं आजाद भारत की सरकारों ने 76 वर्ष के कालखंड में इन्हें दोषी ठहराया? नरसंहार के जिम्मेदार इन सत्ताधारियों के विरुद्ध मुकद्दमा चलाया? कम से कम वर्तमान प्रधानमंत्री 1947 की नरसंहार घटनाओं की जांच के लिए एक आयोग का गठन तो कर देते। 1947 की त्रासदी के भुगत भोगी जो आज भी जिंदा हैं, उनके जख्मों पर मलहम ही लगा देते? 1947 में एक खुशहाल देश भारत दो टुकड़ों में बंट गया, जो जरखेज, उपजाऊ और विस्तृत धरोहर थी पाकिस्तान को सौंप दी? मोहनजोदड़ो और हड़प्पा जैसी विकसित सभ्यताओं के देश भारत को उजाड़ दिया? भगवान शिव के तीर्थ स्थान कटास राज, बाबा नानक की जन्म स्थली 'ननकाना साहिब' और करतारपुर कर्मस्थली पावन गुरुद्वारा साहिब को क्यों अपवित्र हाथों में सौंप दिया।

लाहौर जैसे सुंदर शहर और कराची जैसे अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का क्या पाकिस्तान हकदार था। महाराजा रणजीत सिंह की राजधानी उनका किला पाकिस्तान को देते समय तीनों नेताओं का दिल नहीं कांपा? लार्ड माऊंनबैटन तो अंग्रेज थे, उन्हें तो भारत से कोई लगाव नहीं था, परंतु पंडित नेहरू तो अपने थे। विद्वान थे, तनिक सोच तो लेते? लाहौर भगवान राम के सुपुत्र लव की बसायी नगरी थी। देश लुट गया, बर्बाद हो गया 1947 को और हम मुंह लटकाये अपने ही लोगों को मरते देखते रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आटे में नमक जैसा सहयोग शरणार्थियों को दिया होगा तो एहसान नहीं उनका कर्तव्य था। संघ का तो जन्म ही राष्ट्र सेवा के लिए हुआ है। भारत को मिला एक खोखला देश और जिन्ना साहिब को पाकिस्तान के रूप में एक मोती मिल गया। अफसोस इस बात का है कि 1947 में भारत की गुप्तचर एजेंसियां तब कहां छिप गयी थीं? उन्होंने लोगों को पहले ही आगाह क्यों नहीं किया कि नरसंहार होगा?

उन्होंने क्यों भारत के लोगों से यह रहस्य छिपाये रखा कि मोहम्मद अली जिन्ना एक ऐसी नामुराद बीमारी से ग्रस्त है कि वह 6 महीने से ज्यादा जीने वाला नहीं? तो बंटवारा 6 महीने बाद देख लेते। जहां स्वाधीनता की जंग भारत सौ साल से लड़ता आया था 6 महीने और संघर्ष कर लेते। कम से कम जिन्ना को मरने तो देते। शायद तब कांग्रेस को प्रधानमंत्री बनाने की प्रबल इच्छा सताने लगी हो? चलो न सही, कांग्रेस आज की पीढ़ी को इतना ही बता दे कि 15 अगस्त दिखाने के लिए ऐसा नरसंहार क्यों हुआ? अरबों की सम्पत्ति नष्ट क्यों हुई। देश टूटते, बनते, बिगड़ते, बंटवारा होते हुए तो देखे, परंतु 1947 जैसा विप्लव तो आज की पीढ़ी को बेचैन कर देगा। अतः अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में उक्त 3 नेताओं पर 'क्रीमिनल कांस्पिरेंसी' और 1947 की सरकारी विफलता पर मुकद्दमा तो चलना चाहिए।

बंटवारा दो देशों में हो गया सो हो गया, पर आज कांग्रेस देश की नयी पीढ़ी को यह तो बताये कि बंटवारे के बाद कांग्रेस पार्टी और उसके केंद्रीय मंत्री महात्मा गांधी के आमरण अनशन से डर क्यों गये? गांधी के इस कथन पर कांग्रेस क्यों अमल करने लगी कि भारत का कोई मुसलमान पाकिस्तान नहीं जाने देंगे। सरकार महात्मा गांधी के इस धमाके से क्यों दहल गयी कि पाकिस्तान को उनके हिस्से का 55 करोड़ रुपये देने होंगे? महात्मा गांधी की प्रगाढ़ इच्छा थी कि वह पाकिस्तान बसना चाहते थे। यह अलग बात है कि पाकिस्तान से किसी ने भी उन्हें पाकिस्तान आने का निमंत्रण नहीं दिया। धर्म के आधार पर मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान बना लिया, तो उस धर्म के मानने वाले हर व्यक्ति को पाकिस्तान धक्के मार कर भेज देना चाहिए था। आज भारत उस गलती पर पछता रहा है कि भारत में निकट भविष्य में एक नया पाकिस्तान बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ पक्का समझ लें कि यूपी में एक पाकिस्तान बन कर रहेगा। अपनी भूतकाल में की गयी गलतियों का परिणाम तो प्रत्येक राष्ट्र को भोगना पड़ता है। केंद्र सरकार क्यों नहीं समाज के सभी वर्गों को एक सा पहरावा, एक सी शिक्षा और एक जैसे अवसर प्रदान करने का कानून बनाती? कानून में भेदभाव क्यों? हिंदू दो ही बच्चा पैदा करे और हिंदुस्तान का मुसलमान होकर भी 4 बीवीयां और 16 बच्चे पैदा करेंगे। सब हिंदुस्तानी और सब हिंदोस्तान का एक ही कानून? देश बचाना है, तो बचाओ अन्यथा 1947 दोहराया जाने वाला है। यह देश हमारा हीरे की कनी है। सरकार भारत को 2047 तक इसे विश्व का विकसित राष्ट्र बनाने की सोच रही है, परंतु यह नहीं पहचान पा रही कि इस देश के घाघरे में चूहे घुसे हुए हैं। देश के गद्दार हिंदुओं में भी हैं। सरकार देश हितैषी और देश विरोधी के बीच के अंतर पर नजर रखे। जहां 15 अगस्त की आजादी मान्य, वहीं इसके पीछे की त्रासदी भी हमारी सोच में रहनी चाहिए।

**(लेखक : पंजाब के पूर्व परिवहन मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च का 11वां दीक्षांत समारोह

# देश के विकास और अनुसंधान के लिए टैक्सेशन जरूरी है : निर्मला सीतारमण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भोपाल में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान परिसर में शैक्षणिक भवन और व्याख्यान कक्ष का शिलान्यास किया। इसके अलावा दोनों ने संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। इस दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गयी और उनकी उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए देश की वर्तमान कर प्रणाली को जायज ठहराया। उन्होंने कहा कि देश को विभिन्न चुनौतियों से निपटने और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए संसाधनों की आवश्यकता है। सीतारमण ने छात्रों से नवीकरणीय ऊर्जा के भंडारण पर अधिक शोध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुनिया ने जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा में बदलाव के लिए काफी पैसा देने का वादा किया है। लेकिन वह पैसा अभी तक नहीं आया है। उन्होंने कहा, लेकिन भारत ने इंतजार नहीं किया। पेरिस समझौते में जो वादे किये गये थे, उन्हें हमने अपने संसाधनों से पूरा किया। उन्होंने कहा कि बतौर वित्त मंत्री मैं कहना चाहती हूं कि किसी व्यक्ति से टैक्स न लिया जाये, लेकिन देश की तरक्की के लिए यह जरूरी है। कई बार लोगों के सवाल होते हैं कि हमारे कर ऐसे क्यों हैं? हम इसे और कम क्यों नहीं कर सकते? उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इसे शून्य तक ला सकूं, लेकिन भारत की चुनौतियां गंभीर हैं और इन्हें दूर करना होगा।

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश किया है। उन्होंने कहा, मैं यहां उपस्थित स्नातक, पीएचडी धारकों से आग्रह करती हूं कि वे भारत की चुनौतियों को समझें। सीतारमण ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के छात्रों से नवाचार करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत अपनी ताकत के बल पर जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है। क्योंकि देश कहीं और से पैसा आने का इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, सरकार सिर्फ बातें नहीं कर रही है। वह अनुसंधान एवं विकास में पैसा लगा रही है। यह पैसा कराधान से आता है। यह मेरा काम है, इसलिए मैं आपको यह बता रही हूं। मेरा काम राजस्व एकत्रित करना है, लेकिन लोगों को परेशानी में डालने के बिना, मैं आपको यह आश्वासन देती हूं। लेकिन, पैसा भी चाहिए क्योंकि हमें अनुसंधान को भी वित्त पोषित करना है। उन्होंने कहा कि बनारस से लेकर केरला तक इंडियन ट्रेडिशन है, दक्षिण भारत में अच्छी यूनिवर्सिटी हैं। उन्होंने कि हमें नयी तकनीक के साथ रिसर्च करने की जरूरत है। डेटा साइंस के क्षेत्र में ज्यादा रिसर्च करने की जरूरत है।

# राम रहीम को हरियाणा चुनाव से पहले फिर मिली जेल से छुट्टी

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में रोहतक की सुनारिया जेल से मंगलवार को बाहर आये डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के काफिले के आगे अचानक एक अनजान एसयूवी गाड़ी ने आकर सनसनी फैला दी। काफिले के आगे गाड़ी रुक गयी और 2 युवक उसमें से उतर कर भागे। संदिग्ध युवकों की एक्टिविटी देख पुलिस भी फौरन गाड़ी के पास आकर उसकी तलाशी ली। साथ ही भाग रहे युवकों का पीछा किया। उनमें से एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा। वहीं, गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। इस पर रोहतक के डीएसपी विरेंद्र सिंह ने बताया है कि गाड़ी में बोरियां थीं, जिनमें डोडा पोस्त भरा था। एक आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे मोहम्मद यूनुस



## अल्पसंख्यक छात्रों से की मुलाकात, आठ सूत्री मांगों पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ढाका।** बांग्लादेश के आंदोलनकारी हिंदू और अल्पसंख्यक छात्रों ने मंगलवार को अंतरिम प्रशासक मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। यह मुलाकात ढाकेश्वरी मंदिर में हुई। इस दौरान उन आठ सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गयी, जिसके लिए उन्होंने अल्टीमेटम दिया था। यूनुस ने उनकी मांगों पर गौर करने और अल्पसंख्यकों पर हमले रोकने के लिए जरूरी उपायों का भरोसा दिया है। यूनुस ऐसे समय मंदिर पहुंचे हैं, जब बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। यूनुस ने ढाकेश्वरी मंदिर में कहा कि देश को संकट से बाहर निकालना होगा। हमें एकजुट होना होगा। यह समय बंटने का नहीं, बल्कि साथ रहने क है। सभी को धैर्य और संयम का पालन करना होगा। हम ऐसा बांग्लादेश बनाना चाहते हैं, जो एक परिवार जैसे रहे। जिसमें हिंसा न हो। हमें यहां शांति सुनिश्चित करनी होगी।


मुल्क में हिंसा के बीच आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभालने वाले यूनुस ने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने अपने देश की दुर्दशा के लिए संस्थागत पतन को जिम्मेदार ठहराया। ढाका के प्रसिद्ध ढाकेश्वरी मंदिर में यह बैठक अल्पसंख्यक हिंदू आबादी पर हमलों, उनके व्यवसाय और संपत्तियों की बर्बादी और 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने के बाद कई दिनों तक चली हिंसा में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने के बाद हो रही है। ढाकेश्वरी मंदिर प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है।

यूनुस के हवाले से एक स्थानीय अखबार ने बताया कि सभी के अधिकार समान हैं। हम सब एक जैसे ही हैं और हमारे एक ही अधिकार हैं। हमारे बीच कोई भेदभाव न करें। कृपया हमारी सहायता करें। धैर्य रखें और बाद में निर्णय लें कि हम क्या कर पाए और क्या नहीं। अगर हम असफल होते हैं, तो हमारी आलोचना करें। इससे पहले हजारों अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार और शनिवार को बांग्लादेश की राजधानी और उत्तर-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। वे हिंसा के बीच सुरक्षा की मांग कर रहे थे। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वालों के मुकदमों में तेजी लाने के लिए विशेष न्यायाधिकरण, अल्पसंख्यकों के लिए 10 प्रतिशत संसदीय सीटों का आवंटन और अल्पसंख्यक सुरक्षा कानून को लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर हिंदू प्रदर्शनकारियों की रैली ने शनिवार को ढाका के मध्य भाग में शाहबाग में तीन घंटे से अधिक समय तक यातायात को रोक कर रखा था।

### लोकसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

# जगदंबिका पाल वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित जेपीसी के अध्यक्ष होंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संसद में काफी खींचतान देखने को मिली है। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक को लेकर काफी हंगामा मचा और इसके बाद सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने इस विधेयक को जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया। अब खबर है कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल इस समिति के प्रमुख होंगे। अधिकारियों का कहना है कि जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में इस विधेयक की जांच होगी।

## संयुक्त समिति में कुल 31 सदस्य

लोकसभा में विपक्ष ने इस विधेयक के प्रावधानों को विरोध किया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस विधेयक को जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजा।

आपको बता दें कि संसद की संयुक्त समिति में कुल मिला कर 31 सदस्य हैं। इनमें से 21 सदस्य लोकसभा तो 10 सदस्य राज्य सभा से हैं। संसद के अगले सत्र में संयुक्त समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट को पेश किया जायेगा।

बीते शुक्रवार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधिन विधेयक को पेश किया था। अधिकारियों का कहना है कि जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में संयुक्त समिति द्वारा जल्द ही एक औपचारिक अधिसूचना जारी की जा सकती है।

## सूची में ये हैं शामिल

**लोकसभा सदस्य :** जगदंबिका पाल, डॉ निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप शाक्य, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ मोहम्मद जावेद, मोहिबुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए राजा, लावु श्री कृष्ण देवरायलु, दिलेश्वर कामेत, अरविंद सावंत, सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हस्के, अरुण भारती, असदुद्दीन ओवैसी।

**राज्य सभा सदस्य :** बृज लाल, मेधा कुलकर्णी, गुलाम अली, डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, डॉ सईद नसीर हुसैन, मोहम्मद नदीमुल हक, वी वियसाई रेड्डी, एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, संजय सिंह, डॉ धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े।

# आसाराम को पहली बार मिली सात दिन की पेरोल, इलाज कराने जायेंगे महाराष्ट्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जोधपुर।** नाबालिग से ज्यादती के मामले में ताउम्र कारावास की सजा काट रहे आसाराम को पहली बार सात दिन की पेरोल मिल गयी है। बताया जा रहा है कि पैरोल की अवधि में आसाराम महाराष्ट्र के माधोबाग में इलाज करवायेंगे। इस दौरान वे पुलिस कस्टडी में ही रहेंगे। आसाराम ने इलाज के लिए पेरोल एप्लिकेशन लगा रखी थी, लेकिन हर बार खारिज हुई। इससे पहले आसाराम को जोधपुर स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए पुलिस कस्टडी में अनुमति दी गयी थी। वहां आसाराम ने पुणे के डॉक्टर्स की देखरेख में इलाज करवाया था। इसके बाद वापस तबीयत बिगड़ने पर जोधपुर एम्स में भर्ती हुए। आसाराम की ओर से वापस पेरोल एप्लिकेशन लगायी गयी, जिसे स्वीकार करते हुए इलाज के लिए 7 दिन की पेरोल के आदेश हुए हैं। इससे पहले भी आसाराम बीमारी को लेकर पेरोल की मांग कर चुके हैं, लेकिन बात नहीं बनी थी। आसाराम की ओर से 20 जून को 20 दिन की पेरोल कोर्ट से मांगी गयी थी, लेकिन तब पैरोल कमेटी ने इससे इनकार कर दिया था। 85 वर्षीय आसाराम बापू 2013 से जोधपुर जेल में बंद हैं। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आसाराम को जोधपुर पुलिस ने वर्ष 2013 में इंदौर से गिरफ्तार किया था।

# अपने हक के लिए किसी के आगे झुकता नहीं है पाल समाज : मंत्री





## समाज की आन, बान और शान हैं अहिल्या बाई : राकेश पाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंगलवार को नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन टाउन के समीप महारानी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया। पाल महासंघ गढ़वा के तत्वावधान में उनकी पुण्य तिथि पर टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर किया। तत्पश्चात महारानी अहिल्या बाई की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस दौरान महारानी अहिल्या बाई की जीवनी पर आधारित पुस्तक का अनावरण भी किया गया। पाल समाज के लोगों ने मंत्री को पगड़ी बांधकर, बड़ा माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस प्रतिमा का अनावरण पूरे समाज के लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। उन्होंने पाल महासंघ के पिछले कार्यक्रम में गढ़वा में महारानी अहिल्या बाई की प्रतिमा लगाने का वादा किया था, वह आज पूरा हो गया है। ऐसी विरांगना नारी पर सभी को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाल समाज कहीं से भी कमजोर नहीं है, यह समाज अपने हक, अधिकार के लिए किसी से समझौता नहीं करता है और न ही किसी के आगे झुकता है। पाल समाज सभी क्षेत्रों में काफी तेजी से खुद को स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा लगाने का बहुत बड़ा महत्व है। आने वाली पीढ़ी को उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

युवा समाजसेवी राकेश पाल ने प्रतिमा अनावरण के लिए मंत्री श्री ठाकुर को धन्यवाद देते हुए कहा कि महारानी अहिल्या बाई होल्कर हमारे समाज की आन, बान और शान हैं। इनकी जीवनी से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर जितेंद्र पाल, रमेश पाल, धमेंद्र पाल, श्याम बिहारी पाल, राजकिशोर पाल, सुखबीर पाल, सुधीर पाल आदि ने विचार व्यक्त किया। पाल समाज के लोगों ने गढ़वा में पाल छात्रावास बनवाने सहित कई मांगें रखीं। इससे संबंधित मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पाल ने किया। मौके पर मुख्य रूप से नगर परिशद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, आशिश अग्रवाज, सुमित पाल, चंदा देवी, बुधन पाल, विवेकानंद पाल, सुरेंद्र पाल, रामनाथ पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राजद अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेंद्र राम ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया। साथ ही ग्राम महुलिया और गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13 और 14 के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हो गये। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जन-जन के विश्वास से झामुमो परिवार हर दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी का अभिनंदन और स्वागत है। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से नागेंद्र कुमार भुईयां, अनिल कुमार भुईयां, श्री प्रसाद, सुरेंद्र भुईयां, बीरबल भुईयां, राजधानी भुईयां, उदेशी भुईयां, जहीर अंसारी, राजू, संतोष, राजबलि मेहता, सुरेश मेहता, कमलेश राम सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# मंईयां योजना के नाम पर महिलाओं को सिर्फ भ्रमित किया जा रहा : सीमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता के नेतृत्व में महिला अत्याचार को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम चिनिया मोड़ (काली स्थान) से समाहरणालय तक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह ने कहा कि झामुमो सरकार महिलाओं को धोखा देने का काम किया है। झामुमो सरकार में महिला अत्याचार तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का मंईयां योजना चुनावी लालीपाप है, इसके नाम पर महिलाओं को सिर्फ भ्रमित किया जा रहा है। जिस तरह झामुमो सरकार में महिलाओं के ऊपर खुलेआम अत्याचार किया जा रहा है, ऐसा झारखंड के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं झामुमो ने चुनाव पुर्व महिलाओं के लिए अनेकों योजनाएं चलाने का वादा किया था, लेकिन सत्ता मिलने के बाद झारखंड के महिलाओं को सिर्फ धोखा मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि महिलाओं को धोखा देने वाली झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी झारखंड के महिलाओं को न्याय मिलेगा।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रुपा सिंह ने कहा कि झारखंड की महिला भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो चुकी है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में महिलाओं को प्रताड़ित किया गया। पुर्व की भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए जो भी योजनाएं चलायी थी, वह सब झामुमो सरकार ने बंद करने का काम किया। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, सुरज गुप्ता, बृजेश उपाध्याय, बिनय चौबे, जिला महामंत्री संतोष दुबे जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, उमेश कश्यप, रितेश चौबे, मधुलता रीना बारी विकास तिवारी, मीरा यादव, पार्वती सिंह सरोज, गौरी शंकर बिंद, उदय, गायत्री, शोभा, सुनीता, उषा, पुष्पा, निलम देवी सहित अन्य सैकड़ों महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में बीते रात्रि अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी किया गया। जिस क्रम में खाला स्कूल के नजदीक से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना ले आयी है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार धुरकी पुलिस अवैध बालू के विरुद्ध लगातार छापामारी कर रही है। छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।

## सेतु गाइड का निर्माण को लेकर किया गया अनुदेशक चयन



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरादाग कला के प्रांगण सेतु गाइड का निर्माण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रबंधक समिति के अध्यक्ष लालमोहन चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिले के निर्देशानुसार प्रबंधक समिति के द्वारा सर्वसमिति से अनुदेशक (शिक्षक )के रूप मे विनोद चौधरी का चयन किया गया। इस अवसर पर चयनित शिक्षक विनोद चौधरी ने कहा कि जिस कार्य के लिए मुझे चुना गया है, मैं पूरी ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाऊंगा। विद्यालय प्रभारी शशिभूषण राम ने कहा कि सेतु गाइड के तहत क्षितिज बच्चों को चिन्हित करते हुए विद्यालय से जोड़ने को लेकर जिला के निर्देश पर शिक्षक का चुनाव किया गया है। प्रबंधक समिति सदस्य धनवंती देवी, दुर्गावती देवी, मेवालाल चौधरी, मुना राम, आशा देवी, रटू चौधरी, पूर्व उपप्रमुख रविंद चौधरी, सकेंद्र कुमार, अशोक चौधरी, जीतेंद्र राम, अशोक राम, श्रवण राम, गोविंद, शशिभूषण, उमेश, लालधारी चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खेत में करंट उतरने से दो बैलों की मौत, किसान घायल

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत झुनका गांव मे खेत में बिजली करेंट आने से दो बैलों की मृत्यु हो गयी और किसान घायल हो गया। किसान के पुत्र कमलेश यादव से मिली जानकारी के अनुसार उसके पिता शिव शंकर यादव अहले सुबह लगभग साढ़े छह बजे अपने खेत में धान रोपनी के लिए अपने खेत जोतने के लिए अपने हल लेकर खेत में जाकर जोतने के लिए खेत में उतरे ही थे कि खेत से लगभग दस फीट की दूरी पर लगा ट्रांसफार्मर अपनी ओर खींचने लगा, इसे देखकर किसान ने दोनों बैलों को बचाने के लिए पूछ पकड़कर खींचने की कोशिश किया, तबतक दोनों बैल पानी में गिर गये और वहीं हल चला रहे किसान भी करेंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने घायल किसान शिव शंकर यादव को किसी प्रकार खेत से बाहर निकाला। घायल किसान को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर में इलाज चल रहा है, जहां किसान की स्थिति स्थिर बताया जा रहा है।

# जल यात्रा में मारपीट करने को लेकर सात नामजद तथा 50 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेराल।** थाना क्षेत्र के चामा गांव में जल यात्रा को रोक कर मारपीट करने तथा दंगा भड़काने के आरोप में 7 नामजद के साथ लगभग 50 अज्ञात लोगों पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस संबंध में दुलदुलवा के नर्मदेश्वर मंदिर के अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी द्वारा मेराल थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि दुलदुलवा के नर्मदेश्वर मंदिर से प्रतिवर्ष सोमवारी को जल यात्रा निकाली जाती है, इसी कड़ी में सोमवार से 10 बाजे जलयात्रा निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष के साथ बच्चे शामिल थे। जल यात्रा पेसका से चामा तीनमुहान होते तीसरटेटुका डांडु नदी से जल लेकर पुनः उसी रास्ते से सभी मंदिर लौट रहे थे कि विशेष समुदाय के लोग चामा में जल यात्रा को रोक कर गांव में जय श्री राम का नारा नहीं लगाना है, कहते हुए दिलदार अंसारी के घर के पास लगभग 50 की संख्या में विशेष समुदाय के लोग एक राय होकर लाठी डंडा और टांगी लेकर निकल गये और गाड़ी को रोकते हुए मारपीट शुरू कर दिये। इसमें दिलदार अंसारी, आलमगीर अंसारी, परवाना अंसारी, इमरान अंसारी, हसीब अंसारी, मुन्ना अंसारी सभी चामा के निवासी हैं। इस दौरान इमरान अंसारी द्वारा टांगी भांजा जा रहा था। भीड़ में अन्य लोगों की पहचान नहीं की जा सकी। इस दौरान कुछ लोगों को चोट भी लगी है, मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंच गयी, जिससे बड़ा दंगा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार घटना के बाद पुलिस पदाधिकारी द्वारा दोनों समुदाय के बीच बैठक कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जेवीपी का जनसंपर्क कार्यालय शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मेन रोड में मंगलवार को झारखंड विकास पार्टी का जनसंपर्क कार्यालय का शुभारंभ किया गया। झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे ने फीता काटकर जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा के प्रति समर्पित इस कार्यालय के माध्यम से हम सभी क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर 'मंझीआंव-बिश्रामपुर विधानसभा' के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर झारखंड विकास पार्टी के उपस्थित साथी, सहयोगी, अभिभावक और मार्गदर्शक का सादर आभार व्यक्त किया। अगर आप झारखंड विकास पार्टी से जुड़ना चाहते हैं, अथवा किसी समस्या को लेकर अपनी बात रखना चाहते हैं, तो कांडी प्रखंड के कार्यलय में भी दर्ज करा सकते हैं। मौके पर कांडी पंचायत बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, उदय दुबे, बिपिन बिहारी गुप्ता, जेपी सोनी, चंदन, विजय, गाजी खान, पिंटू खलीफा, मोहम्मद यूसुफ, पाले खान, अमजद हुसैन, राजेंद्र साव, रुस्तम खलीफा, प्रमोद, जाबिर हुसैन, इसहाक, अरुण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कीचड़ युक्त सड़क पर चलना हुआ मुश्किल



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव नगर पंचायत के वार्ड तीन स्थित दुबेतहले मुख्य पथ से बाईपास नहर सड़क होते अखौरी तहले मुख्य पथ तक पिछले कई वर्षों पहले बनी सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इस संबंध में सीमा दुबे, राजा सत्य प्रकाश, मनोज कुमार, सत्येंद्र तिवारी सहित अन्य कई लोगों ने नगर पालिका में आवेदन देकर वर्तमान में सड़क पर क्रेसर का धूल या पिसा हुआ पत्थर डलवाकर चलने लायक बनाने की मांग की है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0-2, राँची**

**शुद्धि - पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 332265 Building (24-25)#D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0 21/2024–25, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 29.08.2024 है। क्रमांक सं0–01 में Renovation of Main Building and Construction of Barrack of "E" Type Qtr. No.-27 at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi में अग्रधन की राशि रू0 **465000.00** के स्थान पर रू0 **46500.00** पढ़ा जाये। शेष निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 332678 Building (24-25)_D

**Office Of The Executive Engineer**
**Water Ways Division, Hazaribagh.**

**Very Short Notice Inviting e- Quotation (5th call)**

Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in
No: WRD/WWDivision, Hazaribag/Quotation-01/2024-25(5th call) Date: 13.08.2024

Government of Jharkhand through its public works Department PWD is engaged in framing/revision of Schedule of Rates as part of the endeavour quotations through e- tender are invited for rate of items/materials and hire charges of P&M (including POL) annexed as Annexure-I & Annexure-II for construction works from quarry owners/crusher owners/Reputed manufacturer/Authorised dealers/suppliers and other stakeholders authorised for respective items having valid GSTIN of materials. The rate confirming two specifications for inclusion in the schedule of Rates for government of Jharkhand to be used in different civil construction/Infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website www.jharkhandtenders.in Details of material and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 14.08.2024 at 11:00 hours to 21.08.2024 at 15:00 hrs.

The quotation will be opened on 23.08.2024 at 12:00 hours. The quotation is invited to ascertain and access the rate of materials as per with lowest market rate for framing of schedule of rate.

**Executive Engineer,**
**WaterWays Division,**
**Address-WaterWays Divsion, Hazaribag**
**Mobile number-7280967608**
**Email Id-eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in**

PR 332693 (Water Resource) 24-25 (D)

**GOVERNMENT OF JHARKHAND SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND**
*(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)*
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
NIT No : 5/PR/SAJHA/2024-25/150 Dated : 13/08/2024

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of civil works as work mentioned below.

1. Tender are invited for "Upgradatation and Beautification of Ground Floor Office Block-D at Birsa Munda Football Stadiumm, Morhabadi, Ranchi" the Estimated cost – 48,19,000/- and EMD cost will be INR 96,500/- and time of completion is 60 days
2. The last date and time for submission of the tender is 27/08/2024 up to 11:00 a.m and the submitted technical bid will be opened on 27/08/2024 at 3:00 p.m.
3. Tender documents can be purchase from the office of Civil wing SAJHA on 23/08/2024, 10:00 a.m to 3:00 p.m after depositing cost of BoQ (Non-refundable tender document fee of INR 5,000/-) on office working hour, in the name of SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi in shape of Bank Draft only.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./-
Executive Director,
Sports Authority of Jharkhand

PR 332668 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)D

# सभी स्कूल प्रबंधक रोड सेफ्टी नियमों का पालन करें : उपायुक्त

## उपायुक्त ने 'सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी' द्वारा स्कूल बसों में सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुपालन को लेकर बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में 'सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी' के तहत जिला अंतर्गत सभी सीबीएसई, आईसीएससी वह अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधकों के साथ स्कूल बस अन्य स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुपालन के निमित्त बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक के दौरान राज्य में सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों पर चर्चा किये गये, जिसके क्रम में यह बात सामने आयी की निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल बसों के लिए निर्धारित मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। स्कूल बसों/वाहनों में निश्चित सीट से अधिक बच्चों का आवागमन कराने तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा शहरों के यातायात की स्थिति समझे बिना स्कूल बस ड्राइवर को आने जाने हेतु अपेक्षाकृत कम समय दिए जाने के चलते सड़क दुर्घटना के कारण बन रहे हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय की रोड सेफ्टी पर गठित समिति की अनुशंसा के आलोक में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के विद्यालय और सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं विद्यालय बसों में सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालन, बस की ओवरलोडिंग तथा कम उम्र के विद्यार्थियों द्वारा बिना वाहन अनुज्ञप्ति के ही वाहन संचालित करते हुए विद्यालय आना-जाना अथवा निजी प्रयोजन में वाहन प्रयोग नहीं करने पर जागरूक करने और मोटरयान अधिनियम 1988 के विभिन्न धाराओं का तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर उपस्थित सभी विद्यालय प्रबंधकों को निदेशित किया गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा कहा गया कि सभी स्कूलों को एक फॉर्मेट भेजा जाये, जिसमें सभी वाहन चालकों के डिटेल्स और ड्राइविंग लाइसेंस आदि से संबंधित जानकारी रखी जाये। सभी मानकों पर खरा उतरने वाले वाहनों का ही प्रयोग विद्यार्थियों के परिचालन हेतु करायें। स्कूली बच्चों के के आवागमन हेतु ऐसी कोई भी वाहन जो ओपन बॉडी वाले हो, को प्रतिबंधित किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे वाहनों को जब्त कर लिया जायेगा और संबंधित विद्यालयों पर भी उचित कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उपस्थित सभी स्कूल प्रबंधकों को रोड सेफ्टी से संबंधित सभी आवश्यक मानकों की जानकारी दी गयी।

**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**
**ई०–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/01/2024-25*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/MMGSY/01/2024-25 | रामगढ़ | हेसला | रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के कैरा बिहार से हेसला पथ में दामोदर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 87206300 | 1745000 | 10000 | 24 माह |
| 2 | RDSD/RAMGARH/MMGSY/02/2024-25 | गोला | चोकाद | रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड ग्राम–चोकाद और सरलाखुर्द के बीच गोमती नदी पर (भुकभुकी के सामने) पुल निर्माण। | 38849900 | 777000 | 10000 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 17.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.08.2024 से 29.08..2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 31.08.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपाकल अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़।

PR 332621 Rural Work Department(24-25)D

# विधायक ने स्कूली बच्चों के बीच बांटी साइकिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में विधायक सुदेश महतो ने मिडिल स्कूल डोमनडीह, मिडिल स्कूल राहे, मिडिल स्कूल अंबाझारिया और कंया मिडिल स्कूल राहे के लड़की और लड़के के बीच उद्घाटन स्वरूप 125 साइकिल का वितरण किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा की सरकारी स्कूल को बेहतर ढंग से बनाया जा रहा है।बेहतर शिक्षा व्यवस्था से बच्चो का भविष्य संवारा जा रहा है। स्कूल और बच्चों के बीच कई कार्यक्रम चल रहा हैं। आगे भी बेहतर सेवा दिया जायेगा। राहे प्रखंड के 28 मिडिल स्कूल के 601 बच्चों के बीच साइकिल दिया जाना है। मौके पर बीडीओ मनोज महथा, सीओ अनुज टेटे, प्रमुख लीलमनी देवी, प्रभारी संजय सिद्धार्थ बबलू खान जिप सदस्य बादल महतो, उपप्रमुख उमेश महतो, रंगबहादुर महतो मीरा महतो, किरिटी महतो, वीरेंद्र महतो, करम सिंह मुंडा, जगन्नाथ मुखर्जी, बीपीओ प्रवीण कुमार, कल्याण पदाधिकारी सभी स्कूल के अध्यापक आदि मौजूद थे।

# राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने खूंटी में किया जोरदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मंगलवार को जिला समाहरणालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार की महिला विरोधी नीति, झारखंड में महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुडा ने कहा कि हेमंत सरकार के शासन में काई भी सुरक्षित नहीं है। हर ओर लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना घूस दिये किसीी सरकारी कार्यालय में कोई काम नहीं होता। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हमें आनेवाले विधानसभा चुनाव में इस भ्रष्ट सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना है। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में न तो महिलाएं सुरक्षित हैं और न झारखंड की संपदा। उन्होंने कहा कि इस निकम्मी सरकार के राज्य में हर ओर लूट मची है। जल, जंगल और जमीन की बात करने वाली सरकार के इशारे पर बालू की तस्करी चरम पर है। जंगलों को काटकर खत्म कर दिया जा रहा है। कोई इसकें खिलाफ आवाज उठाता है, तो पुलिस उसे पकड़ कर उग्रवादी घोषित कर प्रताड़ित करती है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। हर दिन हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं सूर्खियों में रहती है। विधायक ने कहा कि राज्य और यहां की जनता की सुरक्षा के लिए इस निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है। कार्यक्रम को जिला संगठन प्रभारी सत्यनारायण सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, रंदाय नाग सहित कई लोगों ने संबोधित किया। धरना-प्रदर्शन के बाद राज्यपाल कों संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, महामंत्री संजय साहू, जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, उपाध्यक्ष कैलाश राम, जगन्नाथ मुंडा, कृपा सिंधु बेहरा, श्याम सोनी, संतोष त्रिपाठी, चैंबर ऑफ के कॅमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह, सीताराम नाग, कलिंदर राम, मदन गोप, अर्जुन पाहन, विजय कुमार, परशुराम दास, सुधीर सिंह, विनय गुप्ता, प्रेम कुमार, नीलांबर सिंह, महिला मोर्चा की खूंटी जिला प्रभारी, रोशनी खलखो, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंदाय नाग, सीमा देवी, तमाड़ विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रीता मुंडा सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थीं।

# मृतक सीसीएलकर्मी की बहन को मिला प्रोविजनल नियुक्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केडीएच परियोजना के सीसीएलकर्मी करण कुमार की दुर्घटना में मौत के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने नौकरी की मांग को लेकर 24 घंटे से अधिक समय तक शव को उठने नहीं दिया। मृतक का शव डकरा अस्पताल के मोर्चरी में ही पड़ा हुआ है। मंगलवार की दोपहर ग्रामीणों ने केडीएच कोयला खदान के कामकाज और सायडिंग में लोडिंग का काम को बंद कर दिया। मंगलवार की रात प्रबंधन के द्वारा मृतक के आश्रित को प्रोविजनल जॉइनिंग लेटर दिए जाने के बाद कामकाज शुरू हुआ। सोमवार की शाम कामगार की मौत होने के बाद से ही लगातार अस्पताल में ग्रामीण और परिजन एव क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठन के लोग भी सोमवार देर रात तक नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर अस्पताल में मौजूद थे। मंगलवार की सुबह से ही अस्पताल परिसर में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और परिजन पहुंच कर धरने पर बैठ गए। इस समस्या के समाधान को लेकर क्षेत्र के ट्रेड यूनियन के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और प्रबंधन से समस्या का निराकरण करते हुए नियुक्ति पत्र देने की मांग की। क्षेत्र के कार्मिक अधिकारी और महाप्रबंधक के द्वारा मुख्यालय को इसकी सूचना दी गयी। मुख्यालय के आदेश पर मंगलवार की देर रात मृतक की बहन को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसके बाद खदान का कामकाज शुरू हुआ। इस मौके पर ललन प्रसाद सिंह, टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, शैलेश कुमार, अब्दुल्ला अंसारी, इकबाल हुसैन, रंथू उरांव, गोल्डेन यादव, सुनील कुमार सिंह, रामचंद्र उरांव, इरफान खान, देवपाल मुंडा, शैलेंद्र कुमार सिंह, बसंत नारायण महतो, सुनील सिंह, गणेश भुइयां सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया ने फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया

# उद्घाटन मैच इतिज सिरमा की टीम ने किरीगड़ा की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल के निकटवर्ती बूंडू पंचायत के खपिया फुटबॉल मैदान में पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच किरीगडा बनाम इतिज सिरमा के बीच खेला गया। जिसमे इतिज सिरमा ने किरीगडा टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर दुसरा राउंड में प्रवेश किया। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि आजसु पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग फुटबॉल संघ के सचिव भैया मुरारी सिंहा ने फुटबॉल को किक मारकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल अनुशासन का खेल है जो अनुशासन से खेलता है वही खिलाड़ी अच्छा खिलाड़ी बनता है और राज्य स्तर, देश स्तर पंहुचता है इससे पूर्व अतिथियो को कमेटी के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला प्रवक्ता रविशंकर जयसवाल, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष विष्णु महतो, नंदलाल महतो, आजसू केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार बुंडू पंचायत के पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, बैजनाथ महतो आजसू पार्टी के बुंडू पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार साहू, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, टूर्नामेंट प्रभारी महेंद्र कुमार, अध्यक्ष बालेश्वर महतो सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष जयनंदन महतो, कामेश्वर महतो, उपाध्यक्ष कुलदीप महतो, उपकोषाध्यक्ष तारकेश्वर महतो, संरक्षक भारत महतो, लखपति महतो, सुनील कुमार महतो, दिलीप महतो, टेकलाल महतो रंजीत महतो, विक्रम तिग्गा, आदि मौजूद थे।



# बिरसा कॉलेज के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कालेज खूंटी में एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहतं तिरंगा यात्रा निकाली। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व कॉलेज में पेंटिंग, निबंध, नाटक, सोलो और समूह देश भक्ति गीतों की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्या प्रो जे किड़ो, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ पुष्पा सुरीन, प्रो सीके भगत, प्रो जेबी कुजूर, राजकुमार गुप्ता, डॉ के मिंज, प्रो अनंत राम प्रो आई कोनगाडी, डॉ सुधांशु, डॉ अभिषेक, डॉ नुपुर, डॉ अस्मृता, डॉ अंजुलता, डॉ शीला, डॉ रेशमा, प्रो एस टोप्पो सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समाजसेवी सुकराम हेंब्रम ने बांटे पटाखे और टॉर्च



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। क्षेत्र के लोग डरे सहमे हुए हैं। आए दिन हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घर, चाहरदीवारी को तोड़ा जा रहा है। लोगों के बीच फिलहाल हाथी बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा वन विभाग द्वारा वैसी ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है, जिससे हाथी की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिल पाए। चांडिल बाजार तक आ पहुंचा था। रविवार रात को एक हाथी चांडिल बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि स्थानों पर भ्रमण किया। बीते कुछ दिनों से हाथी चांडिल बाजार के इर्द गिर्द घूमती नजर आ रही हैं। कल रात को उक्त हाथी ने सिंहभूम कॉलेज के आदिवासी छात्रावास के पीछे की चहारदीवारी को तोड़ दिया है। छात्रावास में रहने वाले छात्र भी डरे सहमे हुए हैं। चांडिल बाजार के आसपास के ग्रामीण हाथी के आतंक से डरे हुए हैं और अपने जान माल की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। आज बातकमकोचा के कुछ ग्रामीणों ने समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम से मुलाकात की और हाथियों के उत्पात पर चिंता व्यक्त की। समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने ग्रामीणों को हर संभव सहायता प्रदान करने का वादा किया। वहीं, सुखराम हेंब्रम ने ग्रामीणों को हाथी भगाने के लिए टॉर्च लाइट तथा पटाखे उपलब्ध कराया।

# भारत देश की आन-बान और शान है तिरंगा : राजेश शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मंगलवार को जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खुंटी के तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गयी। कार्यक्रम की शुरूआत में जेएसएसवीबी के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की आन बान और शान है। हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने घरों में शान के साथ तिरंगा फहराएं और उसे झुकने न दें। डॉ डीएन तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज की महता के बारे में बच्चों को जानकारी दी और कहा कि इसका अपमान कभी न होने दें। एपीओ शशि प्रकाश और संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने भी छात्र-छात्राओं को 78वें स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने और अच्छा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को कहा। संबोधन के पश्चात सैकड़ो विद्यार्थियों ने रैली निकाली। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राएं काफी जोश के साथ देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। यह रैली संस्थान परिसर से प्रखंड परिसर तक निकाली गयी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने भी विचार व्यक्त किये और तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जेएसएसवीबी के मोबिलाइजर राहुल कुमार, युधिष्ठिर बारला, अंकित कुमार, मुचिराय मुंडा आदि शामिल थे।

## 15 अगस्त को सामूहिक विश्राम करेंगे रोहिणी के कामगार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** संडे एवं पीएचडी की मांग को लेकर 15 अगस्त को भी रोहिणी परियोजना के मजदूर सामूहिक विश्राम करेंगे। मंगलवार को परियोजना के मजदूर हाजरी घर के समीप एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। कामगारो ने कहा कि रोहिणी प्रबंधन ने तो संडे बांटकर दे रहा है और अब पीएचडी भी बांटकर देगा तो सभी कामगार इसका विरोध करने के लिए तैयार हो गए हैं और इसको लेकर निर्णय लिया गया कि जिस तरह प्रबंधन का रवैया है तो मजदूर भी 15 अगस्त की पीएचडी के दिन सामूहिक विश्राम करेंगे। मजदूरों ने कहा कि सभी कामगारो को संडे पीएचडी देने की मांग को लेकर दो रविवार को सभी कामगार सामूहिक विश्राम कर चुके हैं और अब सभी कामगारो को पीएचडी देने की मांग को लेकर सभी कामगार 15 अगस्त को सामूहिक विश्राम करेंगे। क्योंकि संडे एवं पीएचडी देने पर प्रबंधन कोई सकारात्मक बात नही कह रहा है।

## पुरनाडीह परियोजना के समीप दामोदर नदी में 13 वर्षीय लड़का का शव मिला



**खलारी (आजाद सिपाही)।** दो दिन पूर्व बालूमाथ क्षेत्र के बलबल नदी मे रविवार रात 8 बजे फूलो देवी उम्र 55 वर्ष, बंसती देवी, उम्र 60 वर्ष और विवेक उरांव उम्र 13 वर्ष बकरी चराने बलबल जंगल गये थे शाम को लौटते वक्त नदी पार करते हुए बकरीयां समेत वो तीनो डुब गये थे। जिसमे एक 13 वर्षीय लड़का विवेक का शव पुरनाडीह परियोजना क्वायरी टू स्थित दामोदर नदी में एक लड़के विवेक उरांव का शव मंगलवार को मिला। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दामोदर नदी में एक लड़के का शव बहकर नदी में बालू के ऊपर मिलने की जानकारी मिली। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना बालूमाथ बिसुनपुर में परिजनों और ग्रामीणों को दिया गया और वहां से ग्रामीण व परिजन आकर शव की पहचान की।उसके बाद पिपरवार और मैकलुस्कीगंज पुलिस को सूचना दी गयी। दोनो थाना की पुलिस भी नदी पहुची और पिपरवार थाना क्षेत्र के तरफ नदी में शव होने पर पिपरवार पुलिस ने शव को कब्जे में कर बालूमाथ पुलिस और मुरपा पिकेट को सूचना दी गई जिसके बाद शव को ले जाया गया और लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# हर-हर महादेव सेवा संघ भजन संध्या का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** हर हर महादेव संघ द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित भजन संध्या का पावन अवसर फिर आ गया है। यह कार्यक्रम सावन महीने के अंतिम सोमवार, 19 अगस्त 2024 को साकची गुरुद्वारा मैदान में शाम 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस बार भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की प्रस्तुति होगी जो पहली बार हर हर महादेव सेवा संघ के मंच पर अपनी गायन और वाद्य मंडली के साथ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति भव्यता से किया जायेगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के बैठने के लिए साकची गुरुद्वारा मैदान में पक्का पंडाल बनाया गया है। एक भव्य स्टेज और विशाल प्रवेश द्वार पर बाबा बर्फानी की आकृति लिए बर्फ का शिवलिंग होगा जहां पूजन के उपरांत स्थानीय भजन गायक कृष्णमूर्ति अपने मधुर भजनों से कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम का समापन विधिवत आरती के साथ होगा। श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद और पेयजल की भी व्यवस्था की जायेगी।

### प्रवेश निः शुल्क आमंत्रण पत्र से ही प्रवेश दिया जायेगा

कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश निःशुल्क होगा, लेकिन श्रद्धालुओं को संघ द्वारा वितरित आमंत्रण पत्र-सह-पास के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा। इसी पास के आधार पर प्रवेश नियंत्रित किया जायेगा। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे शाम 6:30 बजे से पहले अपना स्थान ग्रहण कर लें। दर्शक दीर्घा में कुछ पंक्तियां आरक्षित रहेंगी, और श्रद्धालुओं से निवेदन है कि कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग प्रदान करें। पूरे आयोजन का उमंग और उल्लास के साथ आनंद लें और भोले बाबा की कृपा प्राप्त करें।

### दुल्हन-सी साज-सज्जा होगी साकची कालीमाटी रोड पर

साकची कालीमाटी रोड पर पंडाल के अलावा विद्युत साज-सज्जा, यातायात संचालन, और अग्निशमन की विधिवत व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्वयंसेवकों की टीम मुस्तैद रहेगी। एहतियाती बंदोबस्त के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम पूरी तरह भोले बाबा को समर्पित रहेगा और उम्मीद है कि श्रद्धालु अनुशासन के साथ अपनी सहभागिता देंगे।

### संघ रत्न सेवा अवार्ड

हर हर महादेव सेवा संघ के आयोजन का यह 24वां वर्ष है। इस वर्ष भी संघ समाज में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने वाले चार लोगों को 'संघ रत्न सेवा अवार्ड' से सम्मानित करेगा। यह परंपरा पिछले एक दशक से चल रही है, और इस वर्ष के पुरस्कारों की घोषणा जल्द की जायेगी। पिछले वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे चिकित्सा, समाज सेवा, उद्यमिता, लोक गीत गायन, शिक्षा, पत्रकारिता, रक्तदान, खेलकूद, पर्वतारोहण, बाल विवाह विरोध, जंगल रक्षा, नारी शक्ति, कानूनी सेवा आदि में योगदान के लिए डॉक्टर के एस सिद्धु, डॉक्टर बी पी सिंह, पूर्व विधायक स्व दीनानाथ पांडे, डॉ मोहम्मद जकारिया, डॉ एस एस रजी, पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल, डॉ स्वर्ण सिंह, डॉ अली, गोबिंद दोदराजका, डॉक्टर चंद्रशेखर झा, आर के अग्रवाल, हरि बल्लभ सिंह आरसी, स्व राधेश्याम अग्रवाल, चामी मुर्मू, यमुना टुडू, लखबीर सिंह लक्खा, भरत शर्मा व्यास, अरुणा मिश्रा, डॉ आर के मिश्र, पद्मश्री छूटनी महतो, गणेश राव, प्रेमचंद अधिवक्ता निमाई पंडा, पीएन गोप आदि को यह अवार्ड प्रदान किया जा चुका है। मंगलवार के प्रेस मीट में संरक्षक राकेश्वर पांडेय, बृज भूषण सिंह , राजू मारवाह, महेंद्र सिंह , बलबीर सिंह, जितेंद्र सिंह चावला, जसवंत सिंह भोमा, पशुपतिनाथ पांडेय, अखिलेश, बंटी सिंह, जुगून, राघवेंद्र शर्मा, स्वाति मित्रा, रीतिका श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## मोहनलाल मरांडी ने हरिजन स्कूल मैदान का किया निरीक्षण



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस की परेड और कार्यक्रम को लेकर बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी ने हरिजन स्कूल मैदान का निरीक्षण किया। मैदान की साफ-सफाई और स्थल के साथ पांच परगना किसान कॉलेज एनसीसी के द्वारा परेड रिहर्सल का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर प्रशासक शुभम पोद्दार, जैक सदस्य डॉ राधा रमन साहू, रंजीत नायक आदि उपस्थित थे।

## मोतियाबिंद मरीजों को प्रशिक्षण दिया गया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नेत्र ज्योति अभियान 2024 को सफल बनाने के लिए अनुमंडल अस्पताल बुंडू में 42 सहिया को घर-घर जाकर मोतियाबिंद मरीजों को चिहिंत करने का प्रशिक्षण दिया गया।

## नगड़ी में पहचान छिपा कर रह रहा था गुमला से फरार नक्सली गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** गुमला से फरार एक नक्सली को पुलिस ने नगड़ी से गिरफ्तार किया है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रांची पुलिस अलर्ट पर है। इसके तहत पुलिस अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। बहरहाल, गिरफ्तार का नाम अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल सिंह बताया गया है। मूल रूप से वह गुमला में सिसई अंतर्गत सोगाड़ा गांव का रहनेवाला है। फिलहाल अपनी पहचान छिपा कर रांची के नगड़ी इलाके में जीवन यापन कर रहा था। रांची पुलिस की टीम ने नेपाल सिंह को गिरफ्तार करते हुए पूरे घर की तलाशी भी ली। लेकिन, नेपाल के घर से किसी प्रकार के हथियार की बरामदगी नहीं हुई है। रांची पुलिस नेपाल सिंह का पूरा आपराधिक इतिहास पड़ताल करने में लगी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नेपाल सिंह के खिलाफ गुमला जिले में नौ मामले दर्ज हैं। इन सभी मामलों में नेपाल फरार चल रहा था। यह भी पता चला है कि गुमला पुलिस द्वारा नेपाल सिंह के घर की कुर्की की कार्रवाई की गयी थी।

# पूरी संपत्ति बेच कर भी एक मां बचा न सकी अपने इकलौते बेटे की जान

## कैंसर से ग्रसित बेटे ने ली अंतिम सांस, नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई

**पति की दो साल पहले ही हो चुकी है मौत, लोगों की आंखें नम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के चतरा पंचायत के पुरना चतरा गांव निवासी सुशीला देवी अपनी पूरी संपत्ति बेचकर भी अपने इकलौते बेटे की जान नहीं बचा सकी। ब्लड कैंसर से पीड़ित अमलेश महतो मौत से जिंदगी की जंग हार गया और मंगलवार को अंतिम सांस ली। अमलेश के निधन की खबर



मृतक अमलेश महतो की फाइल फोटो।

सुनकर हर कोई सन्न रह गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उसका पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट से घर पहुंचते ही देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी की आंखें नम थी। गांव के समाजसेवी सह जेबीकेएसएस नेता सुमित कुमार महतो ने बताया कि अमलेश गांव का होनहार, मिलनसार और मृदूभाषी युवक था। उन्होंनें गांव के लोगों से संकट की इस घड़ी में अमलेश की मां सुशीला देवी की हर संभव मदद करने की अपील की है। मंगलवार को स्वर्णरेखा मुक्तिधाम में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम यात्रा में सुमित महतो, किस्टो कुजूर, सुरेश महतो, प्राण महतो, मोतीलाल महतो, सावन महतो, जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। मुखाग्नि उसके चाचा महेश्वर महतो ने दी। गौरतलब हो कि अमलेश को ब्लड कैंसर हो गया था। अपने पति नागेश्वर महतो को दो साल पहले ही खो चुकी सुशीला देवी के लिए अमलेश ही सब कुछ था। इस लिए उसे बचाने के लिए सुशीला ने सभी कोशिशे की। अपनी पूरी संपति उसके इलाज में झोंक दी। सीएमसी वैलोर से लेकर मुंबई तक इलाज के लिए बेटे को लेकर गई। लेकिन अंततः बेटे को काल के गाल में समाने से नहीं रोक पाई। बेटे के निधन से सुशीला देवी एकदम बेसहारा हो चुकी है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया गया तिरंगा झंडा वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को नामकुम प्रखंड के तुंजु ग्राम के बूथ संख्या 282 में तिरंगा झंडा का वितरण किया गया। इसके बाद एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष रितेश उरांव के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिरुद्ध पांडेय, बुधू पहान, शिव नायक, अर्जुन महतो, कार्तिक महतो, अविनाश साहू ने जनसंपर्क कर लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर घर-घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश किसान मोर्चा झारखंड अध्यक्ष पवन साहू एवं प्रवक्ता मनोज सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जो आरडीएस पब्लिक स्कूल नामकुम से निकल कर टाटा रोड होते हुए पतरा टोली, महाराणा प्रताप चौक, नामकुम बाजार, सदाबहार चौक, चाय बगान होते हुए वापस स्कूल पहुंची। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सांई मंदिर रोड स्थित लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के भव्य आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त दिन स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, डांस व पीटी शो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को स्कूल की निदेशक सुभद्रा सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें तैयारी पर चर्चा करते हुए समारोह को भव्य तरीके से मनाने को लेकर शिक्षकों व बच्चों को आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही उन्हें जिम्मेदारियां सौंप गई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह हमारा राष्ट्रीय पर्व है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संविदाकर्मी प्रमोद सिंह के आवास सहित कई ठिकानों पर इडी ने की छापामारी

## चार जुलाई को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन घोटाला मामले में इडी की टीम ने की थी छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्य के स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संविदा कर्मी सह कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह के आवास सहित कई ठिकानों पर मंगलवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने दबिश दी। जिससे कोयलांचल के कोयला व्यापारी और प्रमोद सिंह से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। इडी की लगातार इस तरह की छापामारी से प्रमोद सिंह मुश्किल में दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सरायढेला थाना क्षेत्र के सहयोगी नगर फेज 3 स्थित प्रमोद सिंह के आवास पर मंगलवार अहले सुबह से इडी की टीम छापामारी करने पहुंची थी। बताया जा रहा कि





कोयला कारोबारी के आवास पर छापामारी करती प्रवर्तन निदेशालय की टीम।

आय से अधिक संपत्ति मामले को लेकर छापामारी चल रही है। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग में संविदा कर्मी रहते प्रमोद सिंह के नाम करोड़ों रुपये के घोटाले को भी जोड़ा जा रहा है। मालूम हो कि पिछले महीने यानी चार जुलाई को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह समेत पांच लोगों के ठिकानों पर छापामारी की थी। सरायढेला के सहयोगी नगर सेक्टर थ्री स्थित आवास, भूली बी ब्लॉक निवासी अंजीव सिंह, नावाडीह स्थित मनोरमा मेट्रोज अपार्टमेंट निवासी अरुण सिंह, सोनारडीह थाना क्षेत्र के काली नगर बिलबेड़ा क्वार्टर नंबर चार निवासी अश्विनी कुमार शर्मा व भूली सेक्टर फोर निवासी दिव्य प्रकाश के आवासों पर छापामारी की गयी थी। ईडी की टीम प्रमोद सिंह के आवास से तीन वाहन को जब्त कर अपने साथ रांची ले गयी थी। हालांकि इडी अधिकारियों ने इस बाबत किसी भी तरह की जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया।

# किसान ब्रिगेड की बैठक में विभिन्न संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मैदान में मंगलवार को किसान ब्रिगेड बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रखंड अध्यक्ष लालबहादुर सिंह ने की। बैठक में किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने पीपरा प्रखंड के सभी 30 बूथों पर मजबूती के साथ उतरने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किसान ब्रिगेड के कर्नल संजय सिंह ने किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए आगामी विधान सभा चुनाव में भारी बहुमत से जीता कर सदन में भेजने के लिए अपील की। कार्यक्रम का संचालन सीआरपीएफ सेवा निवृत कपिल राम ने किया।

# जेपीएससी मेंस का रिजल्ट जारी नहीं होने से अभ्यर्थी परेशान

**रांची (आजाद सिपाही)।** 31 जुलाई 2024 को झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा एक नोटिस जारी किया गया था। उसमें कहा गया था कि जेपीएससी मेंस का रिजल्ट शीघ्र ही जारी किया जायेगा। उसके बाद परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का सत्यापन और साक्षात्कार अगस्त के द्वितीय सप्ताह में प्रारंभ होगा। लेकिन आयोग अपनी निर्धारित तारीख पर फेल हो गया। इसको लेकर छात्र चिंतित है कि आखिरकार किन कारणों के चलते जेपीएससी मेंस का रिजल्ट जारी नहीं हो रहा है।

# सुखदेवनगर में सब्जी कारोबारी से 2.40 लाख की लूट, दो अपराधी अरेस्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के माउंट मोटर गली में सब्जी कारोबारी संजय कुमार चौरसिया से 2.40 लाख रुपये की लूट हुई है। यह घटना मंगलवार की सुबह हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के छह घंटे में ही पुलिस ने दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की स्कूटी भी बरामद किया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सब्जी कारोबारी संजय कुमार चौरसिया ट्रेन से उतर कर रातू रोड आया। उसके बाद फिर वह पैदल ही माउंट मोटर गली से होते हुए अपने घर जा रहा था। इसी दौरान दो स्कूटी सवार अपराधियों ने चाकू की नोंक पर कारोबारी से रुपये लूटकर फरार हो गये। उसके बाद कारोबारी के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

# पूर्व डीसी छवि रंजन समेत आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत 24 तक बढ़ी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों को मंगलवार को रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। उसके बाद अदालत ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 24 अगस्त तक बढ़ा दी है।

# मनोज सिंह मनोनीत हुए भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रवक्ता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बरगावां पंचायत पतराटोली के रहने वाले भाजपा नेता मनोज सिंह को भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा का प्रवक्ता बनाया गया है। इस अवसर पर उन्होंने संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू का आभार व्यक्त किया। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। पार्टी राष्ट्र प्रथम और अंतिम व्यक्ति तक कैसे विकास की किरण पहुंचे सोचने का काम करती है। उधर, मनोज सिंह को प्रवक्ता बनाये जाने पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।



# अनिल शर्मा की रिहाई के संबंध में हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची जेल में एक कैदी भोमा सिंह की हत्या मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे कुख्यात अपराधी अनिल शर्मा की ओर से उम्र कैद की सजा के तहत 14 वर्ष से अधिक समय जेल में बिताने पर रिहा करने का आग्रह करनेवाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

# चाइबासा में झामुमो कार्यकर्ता पर फायरिंग

**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाइबासा में बाइक सवार दो अपराधियों ने मंगलवार सुबह करीब नौ बजे झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना पूर्ति उर्फ मंत्री पर फायरिंग कर दी। इस घटना में वह घायल हो गया। गोली उसके सिर को छूकर निकल गयी ,जिससे वह लहूलुहान हो गया। फिलहाल वह सदर अस्पताल में इलाजरत है। झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना पूर्ति मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करलाजोड़ी गांव का रहनेवाला है। घटना की वजह आपसी विवाद बताया जा रहा है। इस बारे में जब अस्पताल में इलाजरत मुन्ना से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पाताहातु गांव से स्कूटी पर सवार होकर घर करलाजोड़ी जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी बाजार के गरीब कॉलोनी स्थित तालाब के पास बाइक से दो युवक आये और उस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद वे दोनों गली की ओर से भाग गये। घायल अवस्था में ही वह किसी तरह मुफस्सिल थाना पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस की दी। पुलिस ने तुरंत उसकी स्थिति को देख कर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल झामुमो कार्यकर्ता ने बताया कि उसने दोनों आरोपियों की पहचान कर ली है। उन्होंने कहा कि वारदात में शामिल एक आरोपी का नाम मोहम्मद वसीम है, जबकि उसके साथ मौजूद दूसरे आरोपी का नाम वह नहीं जानता है। हालांकि उन्होंने बताया कि वह उसे पहचानता है। पशु तस्करी मामले में उन दोनों से पूर्व में विवाद हो चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट ने फुलेश्वर गोप की याचिका पर एनआइए को किया नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ द्वारा उगाहे गये लेवी का पैसा शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से संबंधित मामले में आरोपी फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका झारखंड हाइकोर्ट द्वारा खारिज किये जाने के खिलाफ एसएलपी की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार एवं न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने एनआइए को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बालाजी श्रीनिवासन ने पक्ष रखा।

# नामकुम से महिला का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के लोवाडीह सामलोंग में नामकुम पुलिस ने मंगलवार की एक एक महिला का शव लावारिस हालात में बरामद किया। पुलिस ने शव को अपने कब्ले में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। इधर, भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाईक ने बताया कि मृतक महिला लोवाडीह व सामलोंग के आसपास के क्षेत्रों में भीख मांग कर अपना गुजर बसर कर रही थी। मृतक महिला को मंगलवार दोपहर सोमलोंग में देखा गया। जिसके बाद इसकी सूचना नामकुम पुलिस को दी गई।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 45 छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा तृतीय से पंचम और कक्षा छठी से 10वीं तक की छात्राओं ने मेहंदी रचाओ कला प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान एक से बढ़कर एक मेहंदी कला का प्रदर्शन किया। ग्रुप ए में 5वीं की छात्रा रागनी कुमारी प्रथम, सृष्टि कुमारी द्वितीय, श्वेता कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। जबकि ग्रुप बी में 8वी की छात्रा काजल कुमारी प्रथम, 10वीं की छात्रा सुमन कुमारी द्वितीय और छठी की छात्रा सुनिधि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयन समिति में खुशबू कुमारी, नीलिमा मेहता, सुनीता कुमारी, मोनिका कुमारी, अंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, प्रिया, सोनम कुमारी थी। चयनित प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने पुरस्कृत करते हुए कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# थिरकी में बांटा गया घर-घर तिरंगा झंडा

**गोमिया ( आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त से पूर्व हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। इसी के मद्देनजर झिरकी में हर घर तिरंगा बांटा गया। भीम आर्मी द्वारा तिरंगा जुलूस निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। गोमिया प्रखंड भीम आर्मी अध्यक्ष अमरजीत कुमार के नेतृत्व में दर्जनों समर्थक घर-घर जाकर तिरंगा बांटे।

# प्रखंडों में आयोजित होनेवाली सरकार की विभागीय बैठकों में झारखंड आंदोलनकारी मोर्च के सदस्यों को भी बुलाने की मांग

**छह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्यों ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान स्थित डे बोर्डिंग सेंटर में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने की। बैठक में मोर्चा की विभिन्न मांगों को लेकर विचार विमर्श करते हुए छह प्रस्ताव पारित किया गया। जहां राज्य की गठबंधन सरकार से मांग की गई कि झारखंड आंदोलनकारी



बैठक में उपस्तित झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्य।

आयोग का विस्तारीकरण अविलंब किया जाए। चिन्हित आंदोलनकारी का मान सम्मान करते हुए यथा शीघ्र चिन्हित प्रमाण पत्र दिया जाए। प्रत्येक प्रखंडो में सरकार की विभागीय बैठक में आंदोलनकारी सदस्यों को निश्चित रूप से बुलाया जाए। मृत आंदोलनकारी के आश्रितों को आंदोलनकारी का दर्जा दिया जाए। छूटे हुए आंदोलनकारियों को चिन्हित किया जाए। झारखंड आंदोलनकारियों को अबुआ आवास, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी गई। बैठक का संचालन सहिंद्र लकड़ा व धन्यवाद ज्ञापन कमलेश्वर सिंह ने किया। मौके पर बिरसा मुंडा, सनिका उरांव, पीटर तिर्की, मुमताज खान, किशोर तिर्की, दिलीप, अमरू उरांव, पारसनाथ दास, बंधु, तेम्बू उरांव, मुनेश्वर साहू व रघुनाथ भगत आदि मौजूद थे।

# नावाडीह में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आह्वान पर मंगलवार को फूलचंद किस्कू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। पूरे नावाडीह में भारत माता की जयघोष, घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा के नारे गूंजते रहे। तिरंगा यात्रा देवी महतो इंटर कॉलेज से निकलकर बिनोद बिहारी महतो चौक होते हुए पंच मंदिर तक पहुंची। इस अवसर पर फूलचंद किस्कू ने कहा कि 15 अगस्त हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। यह दिन असंख्य बलिदानियों के देश के प्रति निस्वार्थ समर्पण और प्रेम का प्रतीक है। हमारा दिल उन अनगिनत बहादुर आत्माओं के लिए गर्व और कृतज्ञता से भर जाता है, जिन्होंने मातृभूमि को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों तक की आहूति दे दी। आजादी के परवानों ने अपनी जान देकर देश को आजादी दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर विहिप के ग्रामीण जिला अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, महामंत्री दिलीप कर्मकार, मुखिया प्रदीप वर्मा, कुंवर महतो, लालचंद महतो, गोपाल विश्वकर्मा, भोला रवानी, नारायण कानू, धानेश्वर ठाकुर, तिलकचंद पासवान, प्रकाश रवानी, सुरेन्द्र गुप्ता, मिथलेश विश्वकर्मा, टिंकू साव, करन कुमार, महेन्द्र सिंह, छत्रधारी महतो, सुनिल प्रजापति, सुरेश महतो, गिरधारी सिंह, दिलिप वर्णवाल, विरेंद्र टुड्डू, महेंद्र गंझू, प्रशांत चौरसिया, लखन वर्णवाल, दिलीप तूरी, विजय महतो आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# पूर्व तट रेलवे सुरंगों में बनायेगा बैलास्टलेस तकनीक से ट्रैक

**कोरापुट-सिंगापुर रोड दोहरीकरण परियोजना के बैगुडा और काकिरीगुम्मा स्टेशनों के बीच 600 मीटर लंबी सुरंग इस पद्धति तरह से पूरी होनेवाली है**

**पूर्व तट रेलवे में निर्माणाधीन परियोजनाओं में सुरंगें भी इस पद्धति का पालन करेंगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे अपने अधिकार क्षेत्र में नयी परियोजनाओं का निर्माण करते समय रेलवे सुरंगों में उन्नत गिट्टी रहित ट्रैक तकनीक अपना रहा है। यह रणनीतिक कदम विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण सुरंग वातावरण में रेल परिवहन की सुरक्षा, दक्षता और स्थिरता में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। पूर्व तट रेलवे ने शुरुआत में पूर्व तट रेलवे के कोरापुट-सिंगापुर रोड दोहरीकरण परियोजना के संबंध में बैगुडा और काकिरीगुम्मा स्टेशनों के बीच 600 मीटर सुरंग के लिए सुरंग नंबर 1 के लिए रेडा 2000 ब्लॉक सिस्टम के साथ सुरंग में बैलेस्टलेस ट्रैक शुरू किया।

इस गिट्टी रहित ट्रैक प्रणाली को पूर्व तट रेलवे के भीतर चल रही विभिन्न परियोजनाओं की निर्माणाधीन सुरंगों में भी लागू करने की योजना है। सुरंगों में मौजूदा ट्रैक को धीरे-धीरे गिट्टी रहित ट्रैक में बदलने की योजना भी बनायी गयी है। निर्माणाधीन कोटावलसा-किरंडुल, कोरापुट-रायगढ़ा दोहरीकरण परियोजना और खोरधा रोड-बालांगीर और तालचेर-बिमलगढ़ नयी रेलवे लाइनों पर सुरंग बनाने का काम चल रहा है। ब्लास्ट-मुक्त रेल पटरिया, विशेष रूप से सुरंगों में, कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती हैं, जो विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मानक बन गये हैं, जिनमें स्थायित्व और दीर्घायु में वृद्धि, स्थिरता और सुरक्षा में वृद्धि, रखरखाव लागत में कमी, बेहतर आराम यात्रा और शोर में कमी; कुशल स्थान उपयोग, पर्यावरण अनुकूलता, बेहतर जल निकासी और प्रबंधन और त्वरित स्थापना और चालू करना शामिल हैं।

**उन्नत स्थायित्व और दीर्घायु :** कम घिसाव और टूट-फूटः पारंपरिक गिट्टी वाले ट्रैक की तुलना में गिट्टी रहित ट्रैक अधिक मजबूत होते हैं और उन्हें कम रखरखाव की आवश्यकता होती है। गिट्टी की अनुपस्थिति गिट्टी के क्षरण और स्थानांतरण जैसी समस्याओं को समाप्त कर देती है, जो ट्रैक के गलत संरेखण का कारण बन सकती है। **लंबा जीवनकाल :** कंक्रीट और स्टील जैसी गिट्टी रहित पटरियों में उपयोग की जाने वाली सामग्री, लंबे समय तक सेवा जीवन प्रदान करती है, जिससे वे सुरंगों के लिए अधिक टिकाऊ विकल्प बन जाते हैं।

**बढ़ी हुई स्थिरता और सुरक्षा :** बेहतर ट्रैक स्थिरताः गिट्टी के बिना, ट्रैक संरचना अधिक कठोर होती है, जिससे लगातार संरेखण सुनिश्चित होता है और पटरी से उतरने का जोखिम कम होता है। यह स्थिरता सुरंग वातावरण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहां स्थान सीमित है। **उच्च भार क्षमता :** गिट्टी रहित ट्रैक उच्च भार को संभाल सकते हैं, जिससे वे उच्च गति रेल या सुरंगों से गुजरने वाले भारी माल यातायात के लिए उपयुक्त हो जाते हैं।

## रखरखाव की लागत में कमी

**न्यूनतम रखरखाव आवश्यकताएंः** गिट्टी रहित ट्रैक के डिजाइन और निर्माण का मतलब है कि उन्हें कम रखरखाव की आवश्यकता होती है। यह सुरंगों में विशेष रूप से फायदेमंद है, जहां रखरखाव कार्य तक पहुंच अक्सर अधिक चुनौतीपूर्ण और महंगी होती है। **परिचालन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैंः** रखरखाव की आवश्यकताएं कम होने के साथ परिचालन संबंधी व्यवधान कम होते हैं, जिससे ट्रेन सेवाओं की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ जाती है।

## बेहतर सवारी आराम और शोर में कमी

**आसान सवारीः** गिट्टी रहित पटरियों का कठोर निर्माण यात्रियों के लिए कम कंपन और शोर के साथ एक आसान सवारी सुनिश्चित करता है। सुरंगों में यह एक महत्वपूर्ण लाभ है, जहां शोर के स्तर को अन्यथा बढ़ाया जा सकता है।

## स्थान का कुशल उपयोग

**कांपैक्ट डिजाइनः** गिट्टी रहित ट्रैक का कॉम्पैक्ट डिजाइन सुरंग में जगह के अधिक कुशल उपयोग की अनुमति देता है। यह शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से फायदेमंद है जहां जगह प्रीमियम पर है **सुरंग डिजाइन में लचीलापनः** गिट्टी की अनुपस्थिति इंजीनियरों को सुरंग प्रोफाइल डिजाइन करने, निर्माण लागत को कम करने और अधिक नवीन सुरंग डिजाइनों की अनुमति देने में अधिक लचीलापन देती है।

## पर्यावरण के अनुकूल

**कम पर्यावरणीय प्रभावः** लंबी सेवा जीवन और रखरखाव की कम आवश्यकता ट्रैक के जीवनचक्र पर कम पर्यावरणीय पदचिह्न में तब्दील हो जाती है। इसके अलावा, गिट्टी की अनुपस्थिति, जिसमें अक्सर उत्खनन शामिल होता है, एक और पर्यावरणीय लाभ है। **कम धूल और मलबाः** गिट्टी रहित ट्रैक कम धूल और मलबा उत्पन्न करते हैं, जो सुरंग के बंद वातावरण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है और सफाई की आवश्यकता कम हो जाती है।

## त्वरित स्थापना और कमीशनिंग

**तेज निमार्णः** कई गिट्टी रहित ट्रैक प्रणालियों की पूर्वनिर्मित प्रकृति त्वरित स्थापना की अनुमति देती है, जो सुरंगों के समग्र निर्माण समय को तेज कर सकती है।

**तत्काल परिचालन तत्परता :** एक बार स्थापित होने के बाद, गिट्टी रहित ट्रैक का उपयोग अक्सर तुरंत किया जा सकता है, बिना ट्रैक निपटान अवधि की आवश्यकता के, जो आमतौर पर गिट्टी वाली पटरियों के लिए आवश्यक होती है।

**बेहतर जल निकासी और जल प्रबंधन :** गिट्टी रहित ट्रैक एकीकृत जल निकासी प्रणालियों के साथ डिजाइन किए गए हैं जो जल संग्रह को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करते हैं, जो सुरंगों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इससे ट्रैक विरूपण, जंग या बाढ़ जैसी पानी से संबंधित समस्याओं को रोकने में मदद मिलती है, जिससे ट्रैक की समग्र स्थायित्व और सुरक्षा बढ़ जाती है। ये गुण आधुनिक सुरंग निर्माण के लिए गिट्टी रहित ट्रैक को एक बहुत ही लाभदायक विकल्प बनाते हैं लागत, सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रभाव के संदर्भ में दीर्घकालिक लाभ प्रदान करता है यह क्षमता गिट्टी रहित ट्रैक की अपील को और बढ़ा देती है, विशेष रूप से सुरंग वातावरण में जहां ट्रैक की अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रभावी ढंग से पानी का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है।

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर ने 'तीज' त्योहार मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर ने 'तीज' त्योहार मनाया। इस अवसर पर कविता पी फुंकवाल, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और शर्मिला बेहेरा, उपाध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

मुख्य अतिथि फुंकवाल ने सभा को संबोधित करते हुए तीज त्योहार के महत्व को साझा किया और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की सदस्यों द्वारा रंगीन कार्यक्रम के आयोजन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने तीज त्योहार की शुभकामनाएं दीं और कहा कि महिलाओं को अपने दिनचर्या के व्यस्त कार्यक्रम से खुद को ताजा करने के लिए कुछ समय निकालना चाहिए और सामाजिक मेलजोल के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं।

तीज त्योहार को पर्व के रूप में मनाने के लिए, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने तीज कार्यक्रम के आकर्षण को और बढ़ाया। इस अवसर पर लीना पांडे, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर, रुचिका सिंह, उपाध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# वाणी विहार पैसेंजर हॉल्ट पर 'औचक टिकट जांच अभियान'





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड मंडल ने ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित टिकट यात्रा को रोकने के लिए वाणीविहार पैसेंजर हॉल्ट पर औचक (सरप्राइज) टिकट जांच अभियान चलाया। वाणिज्य अधिकारियों, टिकट चेकिंग स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल की एक टीम ने वाणीविहार पैसेंजर हॉल्ट और पैसेंजर हॉल्ट से गुजरने वाली ट्रेनों में भी सरप्राइज टिकट चेकिंग अभियान चलाया।

उक्त टिकट जांच अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 218 मामले पकड़े गये तथा इन यात्रियों से जुर्माने सहित किराया के रूप में 51,550 (इक्यावन हजार पांच सौ पचास रुपये मात्र) की राशि वसूल की गयी। वाणी विहार में इस औचक टिकट जांच अभियान के कारण वाणीविहार तथा आसपास के स्टेशनों पर टिकटखिड़की पर टिकटों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

अभियान के दौरान कुछ अनधिकृत विक्रेताओं को भी दंडित किया गया, जो बिना उचित लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेच रहे थे। अभियान के दौरान एक नाबालिग लड़के को वाणी विहार पैसेंजर हॉल्ट पर बचाया गया, जो अपने माता-पिता को सूचित किये बिना ट्रेन में यात्रा कर रहा था और उसे आवश्यक सहायता के लिए रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया गया। मंडल, आने वाले दिनों में मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर इस प्रकार के टिकट जांच अभियान चलाने की योजना बना रहा है, ताकि वास्तविक यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सके और रेलवे राजस्व में होने वाली चोरी को रोका जा सके।

अनिल कुमार एस, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधा रोड, का यात्रियों से विनम्र अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए उचित टिकट/प्राधिकार के साथ ट्रेनों में यात्रा करें।

# जनता की प्रतिक्रिया के बाद सार्वजनिक की जायेगी 'सुभद्रा' एसओपीः उपमुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना की एसओपी जनता की राय लेने के बाद जारी की जायेगी। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने आज बड़ी जानकारी दी है। सुभद्रा योजना के लिए एसओपी तैयार हो चुकी है, लोगों की प्रतिक्रिया का इंतजार है। राज्य भर के 10 क्लस्टरों में लोगों की राय ली जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की राय के आधार पर संशोधन किये जायेंगे। 14 तारीख तक जिलापाल से फीडबैक रिपोर्ट मिल जायेगी। जनता की राय के बाद एसओपी को संशोधित कर सार्वजनिक किया जायेगा। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुभद्रा योजना के तहत लाभार्थियों को वाउचर राशि देंगे। 2024 के चुनाव में बीजेपी ने महिलाओं को चुनावी प्रक्रिया में सुभद्रा योजना में शामिल करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया था।

# ओड़िशा के नबरंगपुर में डायरिया से तीन लोगों की हुई मौत, कई प्रभावित

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के नबरंगपुर जिले में डायरिया का प्रकोप फैल गया है। मंगलवार को इस संबंध में रिपोर्ट में बताया गया है। नबरंगपुर जिले के नंदाहांडी ब्लॉक के जक्सेनगुड़ा गांव में डायरिया फैल गया है। रिपोर्ट के मुताबिक चार दिनों में ही तीन लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों को उल्टी, पेट में तेज दर्द और बेहोशी की शिकायत हो रही है। नबरंगपुर जिला जन स्वास्थ्य अधिकारी नब किशोर बेहरा ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो स्थिति और जटिल हो जायेगी। इस बीच तीन लोगों की मौत की खबर मिलने के बाद मेडिकल टीम गांव पहुंच गयी है और इलाज शुरू कर दिया है। साथ ही टीम ने बताया कि अलग-अलग जगहों से पानी के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेज दिये गये हैं। बताया जा रहा है कि पानी की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे का उपचार किया जायेगा।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों का बोकारो में स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारी पुलिस क्लब सीटी सेंटर, सेक्टर-4 बोकारो पहुचे। यहां बोकारो शाखा के पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय पदाधिकारियों ने पुलिस पदाधिकारी की समस्याओं को जाना एवं राज्य स्तर से होनेवाली समस्याओं के निदान हेतु मुख्यालय स्तर से पत्राचार कर समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर आयोजित मीटिंग में केंद्र से प्रांतीय महामंत्री महताब आलम, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, संयुक्त सचिव रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य रणधीर सिंह, रेल प्रक्षेत्रीय मंत्री सुरेश पासवान, क्षेत्रीय मंत्री मनोज सिंह, बोकारो शाखा के सचिव अनिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दास, कोषाध्यक्ष भीम सिंह, सयुक्त सचिव नौशाद अली, जैप-4 शाखा के सचिव सूर्यदेव सिंह साथ उक्त शाखा के सभी पदाधिकारी और बोकारो जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी झारखंड पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय रांची के महामंत्री मो महताब आलम ने दी।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने किसानों के लिए स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर ।** बुर्ला समाज के प्रति टीपीडब्ल्यूओडीएल की प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समारोह ने सफलतापूर्वक एक स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना की है, जो संबलपुर के मानेश्वर प्रखंड के बडुपल्ली गांव के किसानों को समर्पित है। टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीइओ परवीन वर्मा ने मंगलवार को संबलपुर जिले के मानेश्वर प्रखंड के बडुपल्ली गांव में 'स्वचालित मौसम केंद्र' का उद्घाटन किया।

यह अत्याधुनिक सुविधा कृषि उत्पादकता और लचीलेपन को बढ़ाने के लिए सटीक, वास्तविक समय का मौसम डेटा प्रदान करके स्थानीय किसानों का समर्थन करने के लिए बनायी गयी है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक किसान क्षेत्र अध्ययन भी स्थापित किया गया है। टीपीडब्ल्यूओडीएल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेगा कि स्थानीय किसान अपनी कृषि रणनीतियों को बढ़ाने के लिए आंकड़ों का प्रभावी उपयोग कर सके। स्वचालित मौसम केंद्र मौसम पूर्वानुमान, आर्द्रता के स्तर, तापमान के रुझान और अन्य महत्वपूर्ण मौसम संबंधी जानकारी जैसे डेटा को मापने और रिकॉर्ड करने के लिए विभिन्न सेंसर और उपकरणों से लैस एक सुविधा है। किसानों को मौसम का पूर्वानुमान पहले से मिल जायेगा, जिससे वे निर्णय लेने में सक्षम होंगे, जिससे उत्पादकता बढ़ेगी, जोखिम कम होंगे और स्मार्ट कृषि होगी, जिससे परियोजना से जुड़े 3000 से अधिक किसानों को लाभ होगा। मौके पर टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीईओ बर्मा द्वारा जैविक कृषि पद्धतियों, विविधीकरण और कृषि पद्धतियों की गहनता पर एक पुस्तिका भी लांच की गयी।




































## शैलपुत्री फाउंडेशन ने 101 फीट का तिरंगा लेकर निकाली यात्रा



**भरनो (आजाद सिपाही)।** शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भरनो में 101 फिट का तिरंगा निकाला। वंही स्कूल के बच्चों के बीच तिरंगा का वितरण कर हर घर घर में तिरंगा लगाने को कहा गया। मौके पर स्कूल के निदेशक विनय कुमार केशरी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा संस्करण 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक चलेगा, जिसमें नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए शैलपुत्री फाउंडेशन ने प्रोत्साहित करने के लिए 101 फिट तिरंगा निकाला। जिसमे स्कूल के बच्चे और टीचर मौजूद थे

## विदाई समारोह का आयोजन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत नगर भवन में मंगलवार को भाजपा मंडल पालकोट द्वारा नये अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह का स्वागत और निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केसरी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व महामंत्री मनोज कुमार साव ने किया गोपाल प्रसाद केसरी के कार्यकाल को सहाराना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा के सभी अग्रिम संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में गोपाल प्रसाद केसरी ने कहा कि तीन माह बाद होने वाले चुनावों के लिए कार्यकर्ता संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य करेंगे। मौके पर नये पालकोट प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह ने कहा की मुझे जो पार्टी का जिम्मेदारी मिला है उसे पूरे ईमानदारी के साथ करूंगा। मौके पे पालकोट भ्रमण तिरंगा यात्रा रैली भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री विजय सिंह उर्फ पिंटू उपस्थित हुए। इस दौरान मौके पूर्व सांसद प्रतिनिधि राम अवध साहू, पूर्व जिला मंत्री प्रतिमा देवी, पूर्व जिला मंत्री नंदकुमार गुप्ता, जिला परिषद शांति देवी, देव पल सहाय, दयानंद केसरी, जशीनता देवी, रितेश पाठक, गीता देवी, तारा देवी, दरोगा साहू, रूपा केसरी, अशोक साहू, सूरज कुमार वर्मा, वीर नगरची, युधिष्ठिर कंसारी, अभिजीत प्रकाश, दिलीप कुमार साहू, विजय मिश्रा समेत कई मौजूद थे।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में पूर्व राज्यसभा सांसद भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव व वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक उरांव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने अपने हाथ में तिरंगा लेकर पूरे घाघरा का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकताओं के द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए भ्रमण किया गया। तिरंगा यात्रा चांदनी चौक के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से निकलकर पूरे घाघरा का भ्रमण किया। इस मौके पर अशोक उरांव ने कहा कि पूरे देश में भाजपा संगठन द्वारा तिरंगा यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी निमित्त तिरंगा यात्रा निकाला गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को राष्ट्र हित के प्रति जागरूक करना है। बतातें चलें कि तिरंगा यात्रा के क्रम में प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर चांदनी चौक होते हुए ब्लॉक चौक पहुंचे जिसके बाद पुनः पार्टी कार्यालय लौट गए। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, बिपिन बिहारी सिंह, आदर मंडल के अध्यक्ष पप्पू प्रसाद गुप्ता, गोपाल यादव, संजय सिंह, सतवंती देवी, आशीष कुमार सोनी, आकाश साहू, नीरज जायसवाल, प्रमोद साहू, सुरेंद्र साहू, प्रदीप उरांव सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बीडीओ ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर राशन डीलरों के साथ की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के ब्लॉक परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने मईया सम्मान योजना को लेकर मंगलवार को राशन डीलरों के साथ बैठक किया। बैठक में मईया सम्मान योजना का आवेदन शत प्रतिशत हो जिसे लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी राशन डीलरों को प्रत्येक दिन 20 आवेदन प्राप्त करके ब्लॉक कार्यालय में जमा करने की बात कही। ताकि कोई भी महिला उक्त सरकार के योजना से ना छूटे। जिसे लेकर आप सभी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।सभी के सहयोग से यह पूरा किया जा सकता है। मौके पर राशन डीलर शिशिर कुमार शर्मा, संजय साहू, श्याम बिहारी शुक्ला, प्रसाद साहू, बीरेंद्र साहू सहित कई राशन डीलर उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
राज्य ग्रामीण विकास संस्थान
हेहल, राँची

पत्रांक–II-04/2020/569 दिनांक–13/08/2024

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्थान के कार्यालय एवं छात्रावास के उपयोगार्थ पुराने एवं बेकार सामग्रियो की बिक्री के निमित PR-331223 (SIRD) 2024-25 दिनांक 31.07.2024 के द्वारा निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसमें निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 16.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित किया गया था, जिसे विस्तारित करते हुए निविदाकर्त्ता मुहरबन्द निविदा दिनांक– 27.08.2024 तक अपराह्न 3:00 बजे कार्यालय में जमा कर सकते है।

अतः निविदा दिनांक– 28.08.2024 को निदेशक, सर्ड के द्वारा गठित आन्तरिक क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष कार्यालय कक्ष में अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेगी।

ह०/–
प्रभारी पदाधिकारी (लेखा)
राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, राँची।

PR.NO.332634 SIRD(24-25):D


# बोकारो में स्कूल तोड़े जाने से आहत बुजुर्ग महिला ने किया आत्मदाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बोकारो में एक स्कूल तोड़े जाने से आहत एक बुजुर्ग महिला ने आत्मदाह कर जान दे दी है। घटना पेटरवार प्रखंड की दारिद पंचायत की है। घटना के समय मौके पर मौजूद पुलिस-प्रशासन और लोगों के होश उड़ गये। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा दी गयी। 90 प्रतिशत जल चुकी महिला को आनन-फानन में पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद बेरमो एसडीएम अशोक कुमार और कई थाना क्षेत्र की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला संस्थान से जुड़े साध्वी स्कूल की देखरेख करती थी। भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए रांची-बोकारो फोरलेन सड़क निर्माण के लिए उस जमीन को चिह्नित किया गया है। बताया जा रहा है कि भू-अर्जन विभाग के द्वारा उक्त जमीन के लिए चार करोड़ रुपये की मुआवजा राशि भी आवंटित की गयी है, लेकिन संस्था



और जमीन कब्जेदार के बीच हो रहे विवाद के कारण अभी तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। इससे सड़क निर्माण भी अधर में लटका हुआ है। एनएचएआइ की टीम मंगलवार को स्थानीय प्रशासन को लेकर संबंधित कब्जेदार को समझाने गयी थी। उसी दौरान एक महिला ने इस घटना को अंजाम दिया।

बेरमो एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण में मुआवजा राशि देने के लिए प्रशासन दो सालों से कोशिश कर रहा है, लेकिन दो गुटों के आपसी वर्चस्व की लड़ाई में अब तक मामला उलझा हुआ है। प्रशासन और एनएचएआइ की टीम मामले को सुलझाने के लिए गयी थी। जो भी आरोप लगाया जा रहा है, वह बिल्कुल निराधार है। दबाव बनाने के लिए महिला ने यह काम किया है। इसकी जांच की जा रही है।

### आत्मदाह के बाद भड़का आक्रोश, लोगों ने किया एनएच जाम

बोकारो (आजाद सिपाही)। महिला के आत्मदाह की घटना से आक्रोशित आनंदमार्ग स्कूल के विद्यार्थियों और आनंदमार्ग अनुयायियों ने रामगढ़-बोकारो एनएच को उतासारा के पास लगभग दो घंटे तक जाम कर दिया। इस कारण सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सड़क जाम की सूचना मिलते ही बेरमो एसडीओ और एसडीपीओ मौके पर पहुंचे। साथ ही झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी समेत अन्य स्थानीय नेता भी पहुंचे। उन्होंने जाम स्थल से ही फोन के माध्यम से डीसी से वार्ता कर दोषियों पर कार्रवाई करने और जल्द से जल्द मुआवजा देने की बात कही।

# अस्पताल खुलने से मरीजों को राहत मिलेगी : जिग्गा सुसारन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई हेल्थ केयर अस्पताल का उद्घाटन मंगलवार को विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने फीता काट कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सिसई जैसे ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न बिमारियों की चिकित्सा सुविधा व उच्च स्तरीय डॉक्टरों की टीम वाले अस्पताल खुलने से गरीब मरीजों को काफी राहत मिलेगी। बिमारी से ग्रसित रोगी बड़े व महंगें शहरों में इलाज कराने के कारण आर्थिक समस्या से जुझते है, प्रखंड में अच्छे अस्पताल खुलने से लोगों व रोगी के परिजनों की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। अस्पताल खुलने से स्थानीय स्तर पर लोग बेहतर इलाज कराकर स्वास्थ्य लाभ लें सकेंगे। उन्होंने अस्पताल संचालक व चिकित्सकों से बेहतर सुविधा



देने की बात कही।

वहीं अस्पताल संचालक मो हबीब अंसारी ने बताया कि अस्पताल सातों दिन चौबीस घंटे संचालित रहेगा।अस्पताल में हार्ट, लीवर, किडनी, सुगर, हड्डी, गाईनो सहित सभी तरह के बिमारियों के इलाज हेतू स्पेशलिस्ट डॉक्टरों अलावा जेनरल फिजिशियन सहित तीन से चार चिकित्सक प्रति दिन उपलब्ध रहेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि वर्तमान में मरीजों के लिए अस्पताल में दस बेड व किफायती दर पर इलाज व दवा उपलब्ध होगा। मौके पर अंजुमन सदर सलमान अली, प्रवक्ता महमूद आलम, प्रमुख मीना देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, लकेया मुखिया सुगिया देवी, कारी मन्नान, रहमान अंसारी,आजाद अंसारी, शशिकांत साहु, उमर फारूक अंसारी, गौरीनाथ भगत, जाकीर अंसारी, रजब अंसारी, दुर्गेश्वर तिर्की सहित कई लोग मौजूद थे।

# इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** शिक्षा विभाग के दिशानिर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग की अगुवाई एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के सहयोग से बसिया के मध्य एवं उच्च विद्यालयों में इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के ऊपर स्वास्थ्य आरोग्य दूतों के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया गया। जिसमें आरोग्य दूत द्वारा छात्रों को जानकारी देते हुए बतलाया गया कि आज कल इंटरनेट का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही साथ यह भी जरुरी है कि हम इसका सही उपयोग करें। आज जानकारी के अभाव में आये दिन छात्र-छात्राएं साइबर बुल्लिंग एवं साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग के कारण स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं। हमारी युवा पीढ़ी धीरे धीरे समाज से कटती जा रही है। अभी हाल के घटनाओं को देखते हुए यह बहुत ही जरुरी है कि इंटरनेट का सही एवं सुरक्षित इस्तेमाल खुद भी किया जाये और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक किया जाये।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में डुमरडीह एफसी की टीम जीती

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बेहरा टोली में आयोजित तीन दिवसीय फाइनल सूपर जोड़ा खस्सी फूटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि के रूप में भाजपा नेता मिशिर कुजूर, विशिष्ट अतिथि जितिया उरांव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद, सूंड़ी समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष सह भाजपाई दीपांकर साहु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुरूवात कराया। फाइनल मुकाबला डुमरडीह एफसी बनाम बंगरू एफसी के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबला में डुमरडीह एफसी ने 1-0 से बढ़त बनाते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर मिशिर ने कहा कि फूटबॉल टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करना। यदि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना



से खेले तो निश्चित तौर पर एक बेहतर खिलाड़ी बनकर उभर सकते है। हमें अपने हौसलों की उड़ान को कभी कम नही समझना चाहिए। निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए, जिससे जीत निश्चित रूप से होगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि फूटबॉल टूर्नामेंट से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी उत्साहित होतें है। वे अक्सर बरसात के दिनों का इंतजार करते है, जिससे उन्हे फुटबॉल खेलने का मौका मिलें। दीपांकर साहु ने कहा कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्र के किसी टोले में फटबॉल टूर्नामेंट होने की सूचना ग्रामीणों को होती है, तो वे उत्साहित होकर साइकिल व बाईक से मैच देखने पहुंचतें है। झारखंड में फुटबॉल टूनामेंट का अपना ही मजा है, गुमला जिला खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। कई ऐसे खिलाड़ी है, जो ग्रामीण क्षेत्र से खेल का प्रदर्शन दिखाकर सुब्रोतो कप तक पहुंचे है और गुमला का नाम पूरे देश में रौशन किया है। मैच से पूर्व महिलाएं व बालिकाओं द्वारा आदिवासी पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए अतिथियों को मंच तक लाया गया। मौके पर पुनई उरांव, प्रेमसागर उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

# बाइक से गिरकर दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कतरी मोड में अनियंत्रित बाइक से गिरने से चूहरू निवासी बतिया उरांव और कतरी बरटोली निवासी रंथू लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के उपरांत बतिया उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। बतिया के सिर में गंभीर चोट लगी है उसका कान सहित आधा खोपड़ी उड़ गया है। जानकारी के मुताबिक बतिया अपने साथी रंथू को पंसो बाजार से कतरी बाइक से छोड़ने जा रहा था।


ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/42/2024-25 दिनांक– 13/08/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | पुलिस मुख्यालय, धुर्वा, रॉची मे 1 अदद् 500 के0वी0ए0 ट्रॉसफारमर एच0टी0 एवं एल0टी0 केबल केबल, क्यूबिकल पैनल के साथ अधिष्ठापन का कार्य। | 22,23,713=00 | 5,000=00 | 45,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.08.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 23.08.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 29.08.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 30.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 332691 (Energy) 24-25 (D)



कार्यालय
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला नजारत शाखा)

आमंत्रण

स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2024 के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में प्रातः 9.00 बजे माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड श्री हेमन्त सोरेन द्वारा सशस्त्र बल संयुक्त परेड निरीक्षण एवं झण्डोत्तोलन कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

आयुक्त,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

PR.NO.332643 District(24-25):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/10/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड के जनावल पंचायत के ग्राम राजाडेरा एवं नवगई डिपाडीह पथ के बीच शंख नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,67,52,700.00 | 9,35,100.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | गुमला जिलान्तर्गत रायडीह प्रखण्ड के ग्राम चीरगाँव से डीपाटोली के बीच कुदारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,08,47,100.00 | 8,17,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.08.2024 से दिनांक 28.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 332642 Rural Development (24-25)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(e-Procurement Call)

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या – 15/2024-25/RWD/SIM दिनांक – 13.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (4515)

| क्र० सं० | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | टेंडर कॉल संख्या | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाकरटांड | RWD/SIM/ 15/01/2024-25 | भगत टोली मोड़ से सैन्डीह महुआ टोली होते हुए गिराघाघ नवा टोली तक पथ निर्माण कार्य। (लं0– 5.250 कि0मी0) | 560.36641 (पाँच करोड साठ लाख छत्तीस हजार छह सौ इकतालीस रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |
| 2 | कुरडेग | RWD/SIM/ 15/02/2024-25 | पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ नवाटोला से सांवा गिरजाटोली टोंगरीटोली छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0– 7.000 कि0मी0) | 755.79423 (सात करोड पचपन लाख उनासी हजार चार सौ तेईस रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |
| 3 | कुरडेग | RWD/SIM/ 15/03/2024-25 | खालीजोर बाजारटांड़ से सर्पमुण्डा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0– 2.100 कि0मी0) | 266.98361 (दो करोड छियासठ लाख अनठानबे हजार तीन सौ इकसठ रूपये मात्र) | प्रथम | 15 महिना |
| 4 | बानो | RWD/SIM/ 15/04/2024-25 | पबुरा आर0ई0ओ0 पक्की रोड से ग्राम चाटुओड़ा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0– 5.770 कि0मी0) | 614.48481 (छह करोड चौदह लाख अड़तालीस हजार चार सौ इक्यासी रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17-08-2024
3. अति अल्पकालीन ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 24-08-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. अति अल्पकालीन ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27-08-2024 अपराह्न 11:30 बजे।
5. अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. अति अल्पकालीन ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार मान्य होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 332718 Simdega (24-25)_D

## प्रथम महापौर ने रेड़मा ठाकुरबाड़ी से की तिरंगा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत

# तिरंगा हमारी शान है : अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



लोगों के बीच तिरंगा झंडा का वितरण करती प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को रेडमा ठाकुरबाडी से तिरंगा वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने पांकी रोड के सुरेश सिंह चौक, बिजली ऑफिस तक के सभी व्यवसायियों को अपने-अपने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठान में सम्मान के साथ तिरंगा लगाने की अपील करते हुए तिरंगा झंडा का वितरण किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने इस अभियान पर विस्तर से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-जन के दिल में देश भक्ति की भावना विकसित करने के लिए घर-घर तिरंगा वितरण का आह्वान किया है। इस अभियान में शामिल होने से गर्व का भाव दिल में आ रहा है। कहा कि पलामू क्रांतिकारियों की धरती रही है। यहां शहीद नीलांबर पिताबंर से लेकर क्रांतिकारियों की लंबी श्रृखला रही है। अरूणा शंकर ने कहा कि आजादी के बाद भी आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए पलामू के वीर सपूत युगांबर दिक्षित, अनुराग शुक्ला ने अपनी जान की बाजी लगा दी। शहीदों के सपने के अनुरूप हमारा देश बने इसके लिए सक्रियता के साथ काम करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर कृष्ण अग्रवाल, विजय ओझा, दिलीप तिवारी, सुनील पांडे, रिंकू दुबे, सुबोध कुमार, छोटू सिन्हा, अभय कुमार, पुनीत सिंह, मनु तिवारी, अखिलेश तिवारी, लक्ष्मी जी, चंदू गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति, राहुल चतुर्वेदी, संजय भगत, नीरज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

# कलाकृतियों में दिखा देश विभाजन का दंश, हर घर तिरंगा फहराने की अपील की

**सीबीसी डालटनगंज की ओर से योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में रंगोली, पेंटिंग्स देशभक्ति गीत एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन**

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन आज**

**विभाजन का दंश झेल चुके पीड़ितों का होगा सम्मान**

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगा पौधारोपण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मेदिनीनगर के योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में प्री प्रोग्राम के तहत रंगोली, पेंटिंग्स देशभक्ति गीत एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 44 झारखंड बटालियन एनसीसी, डालटेनगंज के कैडेट्स के अलावा योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। डॉ शोभा रानी, मिनी टुडु और डॉ ललिता भगत ने पोस्टर मेकिंग, असिस्टेंट प्रोफेसर सीमा कुमारी और डॉ सुप्रिया सोनालिका ने रंगोली, डॉ जेनिफर गुड़िया, शालिनी मुर्मू और विकास कुमार ने चित्रांकन और डॉ संगीता कुजूर ने देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा की। योध सिंह नामधारी महाविद्यालय की प्रभारी प्रचार्या डॉ मोहिनी गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों में डॉ विकास कुमार साव, डॉ मशरिक जहां, डॉ दीपक कुमार पंडित और प्रेमशंकर पाठक के अलावा 44 झारखंड से सुबेदार दिलीप कुमार साहनी और हवलदार लालपूर्ती मौजूद थे।

### चित्र प्रदर्शनी का होगा उद्घाटन समारोह आज

विभाजन विदेशी का स्मृति दिवस के मौके पर योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन बुदवार से होगा। इन कार्यक्रमों में विभाजन की पीड़ा झेल चुके लोगों या उनके वंशजों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। लगे हाथ आम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने एवं भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाल कर हर घर तिरंगा फहराने की अपील की जाएगी। सात ही विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के साथ ही दुनियाभर के लोगों से अपील करते हुए कहा था कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने इससे जुड़ी तस्वीर हरघरतिरंगाडॉटकॉम पर 'एक्पेड़्माकेनाम' के साथ जरूर साझा करने की भी बात कही थी। इसी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन बुधवारर को किया जाएगा।

## कोलकाता में डॉक्टर की हत्या में न्याय नहीं मिलने तक जारी रहेगा विरोध



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सभागार में कॉलेज पदाधिकारियों, चिकित्सकों व छात्र-छात्राओं की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया गया। कॉलेज के प्राचार्य विवेक कश्यप ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हैं। बावजूद इसके उनकी निर्ममता से हत्याएं हो रही है जो निंदनीय है। कहा कि सभी स्तर के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उक्त हत्याकांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य सुभाष तेतरवे ने कहा कि चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। कोलकाता में हुई महिला चिकित्सक की हत्या चिंताजनक है। कहा कि महिला चिकित्सक की हत्या में न्याय नहीं मिलने तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्हें केंद्र व बंगाल सरकार से न्याय की मांग की है।

# तिरंगा हर हिंदुस्तानी का सम्मान: चंद्रवंशी

**भाजपा ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा, चलाया गया हर घर तिरंगा अभियान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर में भाजपा की ओर से मंगलवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया। विश्रामपुर, नावा बाजार, पांडू और उंटारी रोड के अलावा नगर परिषद के भाजपा कार्यक्रता स्थानीय डाक बंगला मैदान में जमा हुए, जहां से तिरंगा यात्रा की शुरूआत हुई। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा बीमोड़, रेहला, गोदरमा, पांडेयपुर, उरसुला सहित पूरे नगरपरिषद क्षेत्र में घूमा। इस अवसर पर डॉ चंद्रवंशी खुद भी यात्रा में शामिल होकर तिरंगे के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किये। उन्होंने हर घर झंडा अभियान के तहत खुद भी घर-घर तिरंगा झंडा लगाया। उन्होंने लोगो से भी घर-घर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की। कहा कि तिरंगा हर हिन्दुस्तानियों का सम्मान है। तिरंगा यात्रा में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उंटारी पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह, पूर्व प्रमुख राम सेवक राम, मणिभूषण पांडेय, सुशील ठाकुर, गोपाल सोनी, संजय ठाकुर, दिनेश शुक्ला, विकाश चौबे, किरण शर्मा, मनोरंजन गुप्ता, मनीष कुमार, संतोष राम, शिवबंश मिश्रा, संजय तिवारी, अवधेश सोनी, असलम बहादुर, उदेश्वर यादव, उदय यादव, किरण देवी, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि, विकाश कुमार, रामप्रवेश मेहता, महादेव यादव, धीरन तिवारी आदि भाजपा नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए।

# तिरंगा राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करता है : विनोद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाला। जिसकी शुरूआत भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय ललन कुमार सिंह के आवासीय परिसर से हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तित विनोद कुमार सिंह ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों और मुख्य शहर होते हैदरनगर, मोहम्मदगंज, मुख्य बाजार में तिरंगा के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों से अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने की अपील की। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। घर-घर तिरंगा अभियान देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का प्रयास है। तिरंगा देश की आन बान शान है। कहा कि तिरंगा हमे राष्ट्र के प्रति समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करता है। तिरंगा हमे जोड़ना सिखाता है। एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ना सिखाता है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमन, नागेंद्र सिंह, श्रवण कुमार अग्रवाल, पलामू सांसद के मीडिया प्रभारी उदय विश्वकर्मा, अजय जयसवाल, मधु लता रानी, तृप्ति सिंह, देवदत सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रंजीव सिंह ऊर्फ छोटू सिंह, मुजाहिर हुसैन, मृतुन्जय पाठक आदि शामिल थे।

## बसपा नेता गोपाल राम लड़ेंगे विस चुनाव, पार्टी के प्रदेश प्रभारी के समक्ष पेश किया दावा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा बसपा नेता गोपाल राम विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जाकर झारखंड के मुख्य प्रभारी सह राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, राज्य प्रभारी रामबाबू चिरगई, गयाचारण दिनकर व श्रीकांत के समक्ष मंगलवार को अपना दावा पेश किया। साथ ही अपना बायोडाटा भी जमा करा दिया। मुख्य प्रदेश प्रभारी रामजी गौतम ने गोपाल राम को आश्वस्त किया कि उनके पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए एक मौका जरूर दिया जायेगा। आपके दावे को बसपा सुप्रीमो मायावती तक पहुंचाया जायेगा। अंतिम निर्णय उनका ही होगा।

# डीसी व एसपी ने किया परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण, राष्ट्रीय ध्वज को दी गयी सलामी

**स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी तैयारी पूरी, पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पलामू जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। यहां सुबह 9.05 बजे मुख्य झंडोत्तोलन होगा। समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसे लेकर जवानों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया जो मंगलवार को संपन्न हुआ। परेड पूर्वाभ्यास के अंतिम दिन स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में डीसी शशि रंजन एवं एसपी रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। डीसी ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान डीसी व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने मुख्य समारोह के दिन समय पर उपस्थित होने और एहतियात बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने पलामूवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर-घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार व नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने निकाला बाइक जुलूस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा पलामू जिला के नेतृत्व में मेदिनीनगर जिला मुख्यालय में तिरंगा यात्रा सह बाइक जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए छह मुहान पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से न केवल नई पीढ़ी बल्कि देश के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और सम्मान बढ़ेगा। वहीं, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी,जिला महामंत्री द्वय विजय ठाकुर,ज्योति पांडे, निवर्तमान महापौर अरुणा शंकर, निवर्तमान उपमहापौर मंगल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, प्रफुल सिंह, विभाकरा नारायण पांडे आदि मौजूद थे।

## लोस चुनाव के दौरान मृत सहायक अध्यापक की पत्नी को मिला 15 लाख रुपये का चेक



**हुसैनाबाद/मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय लक्सेरा के सहायक अध्यापक अवध किशोर राम का लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण के दौरान लू लगने से तबियत खराब होने के बाद मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पर रिम्स ले जाने के क्रम में उनकी रास्ते में ही मौत हो गई थी। इसके बाद मंगलवार को उनकी पत्नी सोनी कुंवर को पलामू डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय सभाकक्ष में 15 लाख रुपए का चेक सौंपा। इस कार्य के लिए डीसी के प्रति हुसैनाबाद सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने आभार व्यक्त किया है। जिसमें अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम, सचिव बैद्यनाथ पासवान, मीडिया प्रभारी अनिल पासवान, संगठन मंत्री संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार सिन्हा, रजनीश कुमार, अनिल कुमार सिंह, निगरानी समिति के सुनील कुमार, संजय पासवान और राजेश कुमार आदि शामिल थे।

## बीडीसी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की पहली बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, जनवितरण प्रणाली और दुबटिया मोड़ एनएच 139 से लेकर बेला पत्थरा तक जर्जर सड़क सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान बीडीसी की प्रत्येक बैठक में 1 बटा 5 मुखिया के उपस्थिति अनिवार्य बताया गया। जिसे लेकर प्रमुख और बीडीओ ने लॉटरी के माध्यम से पीपरा पंचायत की मुखिया रेणु देवी को एक साल तक प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया। हालांकि बैठक में मधुबाना के मुखिया राजेश राजवंशी ही शामिल थे। बैठक का संचालन बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने किया। बैठक में सीओ जितेंद्र कुमार, थाना प्रभारी बिमल कुमार, एमओ सर्जुन राम,पंस मुख्तार अंसारी,जेई गुड्डू कुमार, मुखिया राजेश राजवंशी, घनश्याम कुमार, अमित कुमार,पंसस दिनेश पासवान, पंसस प्रतिनिधि रवि रौशन, जनेश्वर रजवार, फूलकुमारी देवी, सौरभ कुमार सिंह,पशु विभाग के एआई टेकनेशियन संजय कुमार सिंह, धर्मपाल कुमार आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी से मिलकर पलामू में जीतने वाला प्रत्याशी देने की हुई मांग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कमेटी के महासचिव झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मुलाकात कर पलामू में संगठन की विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश सचिव रामाशीष पांडे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, गिरजा राम, अजय साहू, प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष संगठन के कार्यों से काफी संतुष्ट नजर आए। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं से प्रभारी को अवगत कराया। कहा कि इस बार जीतने वाले उम्मीदवार को ही चुनाव मैदान में उतारा जाए और नए चेहरे को भी मौका दिया जाए। इस बार पलामू के मतदाता एक दो विधानसभा में नए चेहरे चाहते हैं। बिट्टू पाठक ने कहा कि जो भी निर्देश प्रदेश नेतृत्व का आएगा पार्टी का हर कार्यकर्ता उसको निभाने के लिए दिन-रात मेहनत को तैयार है।













वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# पांच लाख नौकरियां देने का वादा कर सरकार ने युवाओं को दिया धोखाः अमर बाउरी



### 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित सभा में शामिल होने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड भाजपा के नेतृत्व में 23 अगस्त को रांची में आयोजित होने वाले युवा आक्रोश रैली को लेकर मंगलावर को भाजपा युवा मोर्चा के बैनर पार्टी की बोकारो जिला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी उपस्थित थे। उन्होंने झारखंड सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने सत्ता में काबिज होने से पहले राज्य के पांच लाख युवाओं को नौकरियां देने का वादा किया था। जिसे आज तक पूरा नहीं किया। ऐसा करते सरकार ने झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। राज्य की इस जन विरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वर्तमान ठगबंधन सरकार से अपने साथ हुए छलावे का बदला लेने के लिए कमर कस कर तैयार हो जाएं और आगामी 23 अगस्त को बड़ी संख्या में रांची पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। वहीं, भाजपा के जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने क्षेत्र में बैठक कर सूची बनाये और रांची में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में जुट जाएं। उधर, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय ने कहा कि राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार ने अब तक सबसे ज्यादा युवाओं को ही ठगा है। इसलिये युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के साथ हमसब खड़े है। युवाओं के सहयोग से इस सरकार को उखाड़ फेगेंगें। वहीं, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ट्रांसफार्मर-पोस्टिंग में राज्य सरकार मस्त है और युवा अपने भविष्य के लिये संघर्ष कर रहे है। झारखण्ड के युवा आक्रोश में है। इस आक्रोश का उबाल 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार व धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कुलदीप माहथा ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, अंबिका ख्वास, विनोद महतो, जगरनाथ राम, प्रहलाद महतो, जिला परिषद् अध्यक्ष सुनीता देवी, लक्ष्मण नायक, ईश्वर प्रजापति, अर्जुन सिंह, देवनारायण प्रजापति, आरती राणा, गिरिजा देवी, धीरज झा, रामलाल सोरेन, विनोद गोराई, अर्चना सिंह, फटिक दास, चितरंजन साव, सुनीता दास, अजय शर्मा, परिंदा सिंह, प्रकाश सिंह, जीतेन्द्र गोस्वामी आदि थे।

# नाराजगी : डीसी कार्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश प्रदर्शन

# वर्तमान गठबंधन सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं : अपर्णा





धनबाद डीसी कार्यालय के समक्ष नाराजगी जाहिर करती विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, रागिनी सिंह व अन्य। आक्रोश प्रदर्शन करती भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं।

### वर्तमान सरकार ने पांच सालों तक महिलाओं के साथ सिर्फ छलावा ही किया है: रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों, राज्य की बिगड़्ती कानून व्यवस्ता और महिलाओं के प्रति बढ़े आपराधिक मामलों के प्रतिवाद में मंगलवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भाजपा महिला मोर्चा की ओर से डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इससे पहले भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रीता यादव के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गयी। इसमें झरिया, धनबाद, निरसा और सिंदरी विधानसभा की महिला मोर्चा की नेत्री-कार्यकर्ता समेत हजारों महिलाएं शामिल थीं। भाजपा महिला मोर्चा के इस आक्रोश रैली में धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, कार्यक्रम प्रभारी परिंदा सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रियंका पाल और तारा देवी आदि भी शामिल हुए। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य की वर्तमान गठबंन सरकार ने पांच सालों तक राज्य की महिलाओं के साथ सिर्फ छलावा ही किया है। गरीब महिलाओं को 2000 रुपये महीना देने का वादा, नौकरी में महिलाओ को 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा अभी तक पूरा नहीं किया। कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। आंकड़े बताते हैं कि 7000 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है जिसमें 50 प्रतिशत आदिवासी महिलाएं हैं। इसके बाद भी यह सरकार खुद को आदिवासियों की हितैषी बताती है. वहीं, विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। इस सरकार ने महिलाओं को सम्मान नहीं दिया है। 2019 में चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए गये थे, जिसे पूरा नहीं किया गया. वहीं, परिंदा सिंह ने कहा कि आज महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है जिसे महिलाओ में भारी आक्रोश है। आने वाले समय में महिला विरोधी सरकार को करारा जवाब दिया जाएगा।

# 'हर घर तिरंगा' पर धनबाद में विशेष कार्यक्रम आज



### धनबाद केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से हर घर तिरंगा, नशा मुक्त भारत अभियान व एक पेड़ मां के नाम पर मैथन बीएसके कॉलेज में रंगोली, पेंटिग, निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैथन/धनबाद।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की धनबाद केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा', 'नशा मुक्त भारत अभियान', 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बीएसके कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही देश एवं झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। वहीं, बुधवार को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्रांगण में होगा। जिसमें निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। एसडीपीओ, एवं समाजसेवी भी विशिष्ठ अतिथि होंगे। गौरतलब हो कि 15 अगस्त, देश की आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत 9 अगस्त को भारत सरकार द्वारा किया गया, जो 6 दिन तक चलेगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है। इस दिन आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी सहायक, सीबीसी धनबाद राज किशोर पासवान की महती भूमिका रही। कॉलेज की तरफ से प्रोफेसर सुप्रिया सोनाली डांग, सुमिता खालको, नितिशा खालको, महावीर दास, डॉ संध्या गुप्ता, प्रियंजन हंसदा आदि मौजूद थे।

# चाणक्य आइएएस अकादमी की धनबाद शाखा का निःशुल्क सेमिनार 17 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** चाणक्य आइएएस अकादमी की धनबाद शाखा की ओर से 17 अक्टूबर को 'हाऊ टू चुज करियर आफ्टर 10+2 अकॉर्डिंग टू योर पर्सनालिटी' पर एक सेमिनार आयोजित होने जा रहा है जिसमें धनबाद व आसपास के जिलों के अभिभावक व बच्चे शामिल हो सकें। सेमिनार में वक्ता के रूप में 2022 बैच के यूपीएससी में सफल अभ्यर्थी क्षीतिज वर्मा और चाणक्य आइएएस अकादमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय कुमार मिश्रा होंगें। सेमिनार में प्रवेश निःशुल्क होगा। बतातें चलें कि चाणक्य आइएएस अकादमी की ओर से इस कार्यक्रम को पूरे भारत वर्ष में आयोजित किया जाता है। इस सेमिनार में शामिल होने के लिए संस्था में संपर्क कर सीट बुक करवा सकते हैं। गौरतलब हो कि उक्त संस्था देश को अबतक 5000 से अधिक सिविल सर्वेंट्स दे चुका है।

### क्यों खास है यह सेमिनार?

**इस सेमिनार को करने के बाद लोग सबसे पहले खुद को और अपने व्यक्तित्व को समझना शुरू कर देंगे जिससे अपने जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय को ले पाएंगे जो पूरे करियर को आधार प्रदान करेगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप करियर के इतने सही सलाहकार से मिल पाएंगे जहां कई तरह के छात्र मौजूद होंगे, जिनके सवालो को लिया जाएगा। हो सकता है कि जो उनका सवाल है वही आपका भी सवाल हो जिससे आप इस निर्णायक मोड़ पर आज 10+2 के बाद जहां खड़े हैं पूरा करियर सेट करने में एक फलदायी अवसर साबित हों। यह सेमिनार अपने जीवन के सही अवसर के चुनाव में मदद कर वक्त को बचाएगा।**

# 'स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज' अभियान के तहत जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मुखिया निरंजन गोप के सहयोग से हरेंद्र सिंह ने अपने अभियान 'स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज' के तहत मंगलवार को जमुआटांड पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में मुफ्त ब्लड प्रेशर, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य आदि आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवायें प्रदान की गईं। शिविर में 100 से अधिक लोग शामिल हुए। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह ने कहा कि 'स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ व्यक्तियों से' ही होती है।

## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक – 1282 दिनांक – 13.08.2024

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना**

खूँटी नगर पंचायत अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में DAY-NULM के SEP घटक के तहत कुल 60 (साठ) ऋण प्राप्त लाभुकों को 05/06 दिवसीय गैर आवासीय EDP (Entrepreneurship Development Programme) का प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक Entrepreneurship Development/Training Management /Educational Institutions, NGOs Engaged in EDP Training etc. दिनांक 22.08.2024 को अपराहन 01:00 बजे तक खूँटी नगर पंचायत कार्यालय में संबंधित दस्तावेज के साथ, बन्द लिफाफे में संस्थान का पूर्ण पता एवं मोबाईल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।

PR.NO.332639 Urban Development(24-25):D

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमले के प्रतिवाद में हुआ प्रदर्शन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बिगड़े हालात और वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमलों के प्रतिवाद में हिन्दू राष्ट्र समन्वय समिति की ओर से मंगलवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में षड्यंत्र के तहत अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया जा राह है। जानबूझकर हत्याएं की जा रही हैं। हिंदू घरों पर हमले, दुकानों की लूट, तोड़फोड़, मंदिरों में आगजनी और बलात्कार लगातार हो रहे हैं। भले ही बांग्लादेश की सेना ने हिंदुओं की रक्षा करने का वादा किया है, लेकिन भारत सरकार को इस पर भरोसा नहीं करना चाहिए और वहां के हिंदू समुदाय और मंदिरों की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इस दिन आयोजित प्रदर्शन में इस्कॉन, विश्व हिन्दू परिषद् , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, तरुण हिन्दू, आर्य समाज, हिन्दू जनजागृति समिति, सनातन संस्था के साथ अन्य हिन्दुत्वनिष्ठ संगठन भी सहभागी थे। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि सबसे पहले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले, घरों की लूट, मंदिरों पर हमले, मूर्तियों की तोड़फोड़, महिलाओं पर अत्याचार रोकने के लिए वहां की सेना को कठोर निर्देश दिए जाएं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते हमलों को देखते हुए वहां के हिंदुओं को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए और उन्हें तुरंत सुरक्षा प्रदान की जाए। अब तक वहां के हिंदुओं की जो जान या संपत्ति की हानि हुई है, उसकी तुरंत भरपाई की जाए। भारत सरकार को इस विषय को तुरंत 'संयुक्त राष्ट्र संघ' में उठाकर बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल भेजने आदि शामिल थे।

# विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने की छमछम देवी से मुलाकात, की जल्द स्वस्थ होने की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मंगलवार को जामाडोबा स्थित झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की अध्यक्ष छमछम देवी के आवास पहुंची। छमछम देवी किन्नर पिछले कई दिनों से बीमार चल रही है। इसकी सूचना मिलते ही झरिया विधायक उनसे मिलने उनके आवास जामाडोबा पहुंच गयी और बेहतर इलाज के लिए सुझाव दिये। विदायक ने बताया कि छमछम माता हमारे परिवार की घरेलू सदस्य की तरह है। हमारे हर दुःख-सुख में वह हमेशा शामिल रहती हैं। उनकी तबीयत खराब होने की सूचना पाकर मैं उनसे मिलने आई हूं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना करती हूं।

## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला (आई०टी०डी०ए०)

**अति अल्पकालीन निविदा**

आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–220, दिनांक–19.02.2020 के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची में दायर वाद संख्या W.P. (C) No & 1609/ 2014, W.P. (PIL) No- 4756/2017, Cont. Case No – 595 /2019 ,oa W.P. (PIL) No- 4439/2017 से संबंधित लाभुकों को आयवृद्धि योजना के तहत शत प्रतिशत अनुदान में परिसम्पति वितरण हेतु उपावंटित राशि प्राप्त है।

तदनुसार संबंधित लाभुकों को उपावंटित राशि के अन्तर्गत परिसम्पति/व्यवसायिक वाहन (ट्रेक्टर/सवारी गाड़ी/टेम्पू) वितरण हेतु संबंधित वाहन एजेन्सियों से वाहन क्रय के लिए दिनांक– 21.08.2024 को 05.00 बजे अपराहन तक निबंधित एवं प्रतिष्ठित वाहन विक्रेता एजेन्सियों से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला के कार्यालय कक्ष में निर्धारित तिथि तक किसी भी दिन कार्यालय अवधि (5.00 बजे अपराह्न तक) में प्राप्त किया जायेगा एंव प्राप्त निविदाओं को दिनांक – 21.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा की शर्तें परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला के कार्यालय से निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला।
परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला।

PR.NO.332645 Welfare(24-25):D

## जनता दरबार लगाकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

# विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें कांग्रेसी कार्यकर्ताः संतोष सिंह

### मैथन रामकुंडा में एक मुलाकात-अपनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** ग्यारकुंड प्रखंड के मैथन रामकुंडा में मंगलवार को 'एक मुलाकात अपनो के साथ' कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने जनता दरबार लगाकर लोगों कि समस्याओं को सुना। इस दौरान एक दिव्यांग छात्रा सींपा चक्रवर्ती ने अपनी नामांकन फीस में आ रही दिक्कतो से अवगत कराया, जिसके बाद जिलाध्यक्ष ने बीएड कालेज प्रबंधन से फोन पर बात कर छात्रा को सहयोग करने का आग्रह किया। इसके अलावा कार्यक्रम के जरिए महिलाओं-ग्रामीणों को झारखंड सरकार की अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। लगे हाथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत नींव तैयार करने का टास्क दिया है। हमें चुनाव के लिए तैयार रहना है। भाजपा घबराहट में है। इसी लिए चुनाव आयोग पर दवाब बना रही है, ताकि समय से पहले चुनाव कराये जा सके। इस मौके पर जियाउल हुसैन, डीएन यादव, मनोज कुमार हाड़ी, अजय प्रसाद, मधुसूदन पंडित, मोहम्मद सलाहुद्दीन, लोकनाथ प्रसाद, मो सिराज, कुंदन यादव, सराफत हुसैन, शंभू शरन वर्मा, मो सलीम, फहीम अहमद, माला देवी, बंदना बाउरी, बेना देवी, नसीमा खातून, अंबिका बाउरी, पिंकी देवी, वनलता देवी और सोना मती देवी आदि मौजूद थीं।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा के द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-04/2024-25 PR No. 332235 (Lohardaga) 24-25*D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉची के मौखिक निर्देश के आलोक में संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 14.08.2024 से दिनांक 04.09. 2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक | दिनांक 14.08.2024 से दिनांक 21.08. 2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 2 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे | दिनांक 23.08.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 332598 Lohardaga(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग, जिला खनन कार्यालय, कोडरमा।
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकारी एवं अन्य परियोजनाओं में, वृहत तैयार पर निर्माण कार्यो में बालू की आपूर्ति की वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्तिगत क्रेताओं को दिनांक– 01.08.2024 से 31.12.2024 तक उचित दर पर वैध बालू खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु स्वयं के उपयोग के लिए व्यक्तिगत क्रेताओं को श्रेणी– II (Category- II) के बालूघाटों से निःशुल्क बालू खनिज उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। उक्त के आलोक में गैर– आयकरदाता व्यक्तिगत क्रेताओं तथा राज्य सरकार द्वारा दी गई व्यक्तिगत लाभ की योजना हेतु आम जनों के निजी उपयोग के लिए निःशुल्क बालू की व्यवस्था निगम के वेबसाईट (www.jsmdc.in) पर की गयी है। वर्तमान में निगम द्वारा कोडरमा जिलान्तर्गत श्रेणी– II (Category- II) के निम्नांकित बालूघाट/स्टॉकयार्ड संचालित है :–

| क्र0 | अंचल | स्टॉकयार्ड की विवरणी | |
|---|---|---|---|
| 1 | चन्दवारा | झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 (JSMDC Ltd.) (JIMMS ID- 031078112001) | मौजा– कांटी (मुर्तिया) खाता सं0– 192 प्लॉट सं0– 2567 एवं 2568 रकवा– 1.80 एकड़ |

इच्छुक व्यक्ति/क्रेता झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 के वेबसाइट www.jsmdc.in से online sand booking के माध्यम से registration कर निःशुल्क बालू की Booking कर लाभान्वित हो सकते है। योजना की पूर्ण जानकारी निगम के वेबसाइट www.jsmdc.in पर उपलब्ध है।

जिला खनन पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 332608 (Mines and Geology) 24-25 (D)

# पीड़ित महिला ने की बिल्डर की शिकायत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा की ओर से मंगलवार को कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें पहुंची एक पीड़ित महिला ने डीसी को बताया कि उन्होंने एक बिल्डर को मकान खरीदने के लिए बैंक से लोन लेकर भुगतान किया है। पर रकम लेने के बाद अब तक बिल्डर ने मकान बनाकर उन्हें नहीं दिया है। पीड़ित महिला ने बताया कि विगत एक-डेढ़ साल से बिल्डर के कार्यालय का चक्कर लगा रही है। पर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि टुंडी-गिरिडीह सड़क चौड़ीकरण में उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया। भू-अर्जन विभाग ने अब तक उन्हें मुआवजा नहीं दिया और न ही जमीन वापस की है। एक अन्य बुजुर्ग दिव्यांग ने बताया कि उन्होंने शेखपुरा में अपने भाई के कहने पर अपनी जमीन बेची और रजिस्ट्री भी कर दी। लेकिन कब तक उन्हें रकम प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा जनता दरबार में महुदा में एनएच की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, अंचल कार्यालय द्वारा लगान रसीद नहीं काटने, भूमिहीन को जमीन उपलब्ध कराने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, घर के बगल में स्थित गेट ग्रिल की दुकान बंद कराने, ऑनलाइन पंजी 2 में सुधार कराने, जमीन दलालों द्वारा पुश्तैनी जमीन में जबरन विवाद उत्पन्न करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उधर, डीसी ने सभी मामलों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को उसका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in






# भुवनेश्वर-पुरी सड़क छह लेन होगी : मुख्यमंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन माझी ने सड़क और परिवहन मंत्री से मुलाकात के बाद बड़ी जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि भुवनेश्वर से पुरी तक सर्विस रोड बनेगी। कहा कि 4 लेन वाली इस सड़क को 6 लेन बनायी जायेगी। इस पर 18 सौ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। वहीं, चंडीखोल से बड़बिल तक की सड़क को भी 8 लेन बनाया जायेगा। इसी तरह, खुर्दा-नयागढ़ सड़क को 4-लेन और केसिंगा-जूनागढ़ को 4-लेन बनाने के लिए केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा पांठी प्राप्त हुई है। सेतुबंध योजना के लिए ओडिशा को 250 करोड़ रुपये का अनुदान भी मिला है मुख्यमंत्री मोहन माझी ने बताया कि कुल परियोजना 21 हजार 650 करोड़ रुपये की होगी।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को चिह्नित करने के लिए अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फुंकवाल ने 13 से 15 अगस्त 2024 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान के उपलक्ष्य में अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। श्री फंकवाल ने पहले सभी रेलवे कर्मचारियों से अभियान में भाग लेने की अपील की थी और मंडल मुख्य अधिकारियों और मंडल रेलवे अधिकारियों को रेलवे सीमाओं के भीतर कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

## एसटीएफ को वन्यजीव मामलों में 100 प्रतिशत सजा दर मिली

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा पुलिस के विशेष कार्य बल ने वन्यजीव मामलों में कथित तौर पर 100 प्रतिशत दोष सिद्धि दर हासिल की है। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनपुर की अदालत ने आज दो आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने कथित तौर पर जिले के कपासिरा क्षेत्र के सोमनाथ बाग उर्फ रेंचू और गिंधिलामाल के मर्सलान भेंगेरा को एसटीएफ पीएस केस संख्या 26/2020 में आईपीसी की धारा 411 और वन्य जीव अधिनियम, 1972 की धारा 51 के तहत दोषी ठहराया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को वन्य जीव अधिनियम, 1972 की धारा 51 के तहत अपराध करने के लिए 10,000 रुपये के जुमार्ने के साथ तीन (3) साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी और चूक होने पर 6 महीने के कठोर कारावास और आइपीसी की धारा 411 के तहत अपराध करने के लिए एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी। इस मामले में, 17.10.2020 को, एसटीएफ, भुवनेश्वर ने उपरोक्त अभियुक्तों को सोनपुर जिले के राजाकोठी के पास सड़क पर रोका, जब वे सोनपुर से बिरमहाराजपुर की ओर जा रहे थे। तलाशी के दौरान, उनके कब्जे से एक जीवित पैंगोलिन और पैंगोलिन के तराजू बरामद किये गये।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**